# देशबन्धु

वर्ष –10 । अंक–114 । सागर, गुरुवार 12 जून 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

नौगांव में पारा 46 डिग्री के पार पहुंचा, दिन भर आसमान से बरसती रही आग पृष्ठ 3

सोनम के बहाने स्त्री अधिकारों को कुचलने की कोशिश
प्रधानमंत्री का निर्देश और रियल एस्टेट में पारदर्शिता की आवश्यकता पृष्ठ 4

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में बेल्जियम को 2-1 से हराया पृष्ठ 6

2 सौ एकड़ जमीन वन विभाग ने कराई अतिक्रमण मुक्त पृष्ठ 7

## सार-समाचार

### बुनियादी ढांचे का विकास, जीवन को आसान बना रहा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में पिछले 11 वर्षों में किए गए बुनियादी ढांचे के विकास पर प्रकाश डालते हुए बुधवार को कहा कि रेलवे से लेकर राजमार्गों, बंदरगाहों से लेकर हवाई अड्डों तक, भारत का तेजी से फैल रहा बुनियादी ढांचा नेटवर्क 'जीवन को आसान' बना रहा है और समृद्धि को बढ़ा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपनी सरकार के 10 जून को अपने तीसरे कार्यकाल का एक वर्ष, यानी कुल 11 वर्ष पूरे करने के अवसर पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने बुनियादी ढांचे में भारत की उत्कृष्ट प्रगति पर जोर दिया।

### नौकरी से बर्खास्त की गई शाजिया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भयादोहन और जबरिया वसूली के मामले में गिरफ़्तार एंकर शाजिया निसार के बैंक अकाउंट में एक करोड़ से ज़्यादा रुपये होने की जानकारी पुलिस जाँच टीम को मिली है। वह बड़ी लक्ज़री कार और एक करोड़ से ज़्यादा कीमत के फ्लैट की भी मालकिन बताई जा रही है। इससे इस आशंका को बल मिलता है कि शाज़िया ने कई अन्य लोगों को भी से भी धन उगाही की होगी। पुलिस गहराई से जांच कर रही है और कई बिखरी कड़ियों को जोड़ने की कोशिश कर रही है। संभव है कई सवालों के हल के लिए पुलिस शाज़िया निसार को रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की मांग कोर्ट से करे। इस बीच नोएडा के एक थाने में शाजिया के खिलाफ मामला दर्ज होने और उसे उसके पत्रकार साथी आदर्श झा के साथ गिरफ्तार करने के बाद हिन्दी न्यूज़ चैनल भारत 24 ने उसे नौकरी से बर्ख़ास्त कर दिया है। आदर्श के खिलाफ़ उसके संस्थान द्वारा किसी कार्रवाई की कोई सूचना नहीं है।

### जयपुर में जीप-ट्रक की टक्कर, दुल्हन समेत 5 की मौत



**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान के जयपुर ग्रामीण में भटकाबास गांव के पास दौसा–मनोहरपुर राजमार्ग पर बुधवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में दुल्हन समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ अन्य घायल हो गए। यह दुर्घटना सुबह करीब 6:10 बजे हुई, जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने मध्य प्रदेश के शहडोल से लौट रहे बारातियों से भरी जीप को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जीप चकनाचूर हो गई और शव अंदर बुरी तरह फंस गए। शवों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### जासूसी मामला : ज्योति की जमानत याचिका खारिज

**हिसार, एजेंसी।** हरियाणा के हिसार की एक अदालत से यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को बड़ा झटका लगा है। अदालत ने ज्योति की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका उनके वकील कुमार मुकेश की ओर से दाखिल की गई थी। पाकिस्तान के लिए कथित तौर पर जासूसी के आरोपों में यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार किया गया था, वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए फिलहाल उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया है।

### सैन्य अभ्यास के लिए मंगोलिया पहुंची सेना की टुकड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के 40 सैनिकों की एक टुकड़ी बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास 'खान क्वेस्ट' में हिस्सा लेने के लिए बुधवार को मंगोलिया के उलानबटार पहुंच गयी। इस अभ्यास में 14 से 28 जून तक अनेक देशों के सैन्य बल सहयोग और शांति स्थापना क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एक दूसरे के साथ अनुभव साझा करेंगे। इस अभ्यास पिछला संस्करण गत वर्ष 27 जुलाई से 9 अगस्त तक हुआ था। इसकी शुरूआत वर्ष 2003 में अमेरिकी और मंगोलियाई सशस्त्र बलों के बीच एक द्विपक्षीय कार्यक्रम के रूप में हुई थी।

## भीषण गर्मी



*समूचे उत्तर भारत में भीषण तपन का दौर जारी है। पंजाब के बठिंडा और राजस्थान के श्रीगंगा नगर में पारा 47 डिसे. पार चला गया है। वहीं म.प्र. के नवगांव में 46.4 डिसे दर्ज हुआ।*

राजा रघुवंशी हत्याकांड

# सोनम ने कबूल किया अपना जुर्म

- मेघालय पुलिस ने प्रेमी राज से कराया आमना-सामना
- 8 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा



**शिलांग, एजेंसी।** सोनम ने अपने पति राजा रघुवंशी की मौत में अपनी भूमिका को स्वीकार करते हुए बुधवार को अपना जुर्म कबूल कर लिया। मेघालय पुलिस ने जब उसके प्रेमी राज कुशवाहा से उसका आमना-सामना कराकर उससे पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने जब सोनम और राज कुशवाहा का आमना-सामना कराया, तो खून से सनी जैकेट, सोनम का रेनकोट और अन्य सबूत सामने रखे गए थे। पुलिस ने इन सबूतों के बारे में जब सोनम से सवाल किया, तो वह मौन हो गई। लेकिन इसके बाद सोनम ने सभी सबूतों को देखते हुए अपना गुनाह कबूल कर लिया। सोनम ने कबूल कर लिया कि उसने तीन सुपारी किलर्स आकाश राजपूत, विशाल उर्फ विक्की ठाकुर और आनंद कुर्मी के साथ मिलकर अपने पति राजा रघुवंशी को मौत के घाट उतारा था। पुलिस जांच में यह सामने आया है कि मेघालय से सोनम लगातार अपने प्रेमी राज को अपने लोकेशन के बारे में पूरी जानकारी देती रही। वह बताती रही कि ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी को लिखा पत्र

# वंचित वर्ग के छात्रों की समस्याओं को हो समाधान



- छात्रावासों की स्थिति बहुत खराब
- छात्रवृत्ति पोर्टल का मामला भी उठाया
- पर्याप्त धनराशि आवंटित की जाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर वंचित समुदायों के छात्रों को शिक्षा हासिल करने में आ रही समस्याओं का निवारण करने का अनुरोध किया है। कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में बिहार के दरभंगा स्थित अंबेडकर छात्रावास में छात्रों की परेशानियों का भी जिक्र किया है। पीएम मोदी को लिखे पत्र में राहुल गांधी ने दो महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने का अनुरोध किया। दरअसल, राहुल गांधी हाल ही में बिहार दौरे के दौरान दरभंगा पहुंचे थे। यहां वह अंबेडकर छात्रावास पर पहुंचे थे, जहां छात्रों ने अपनी परेशानियों से राहुल गांधी को अवगत कराया था।

राहुल ने पीएम मोदी से कहा कि मैं आपसे दो महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने का अनुरोध करता हूं जो वंचित समुदायों के 90 प्रतिशत छात्रों के लिए शिक्षा के अवसरों में बाधा डालते हैं। सबसे पहले, दलित, एसटी, ईबीसी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए आवासीय छात्रावासों की स्थिति बहुत खराब है। राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के दरभंगा में अंबेडकर छात्रावास के हाल के दौरे के दौरान छात्रों ने शिकायत की कि एक ही कमरा है जिसमें 6–7 छात्रों को रहने के लिए ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

बहू से अजीबोगरीब मांग

# ससुरालवालों ने दहेज में मांगी किडनी

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** दहेज में कार, घर, सोना और संपत्ति मांगने का चलन पुराने समय से ही चला आ रहा है। हालांकि दहेज लेना कानूनन अपराध है, लेकिन शादी में चोरी-छिपे दहेज आज भी लिया ही जाता है। इतना ही नहीं महिला जब ससुराल आ जाती है, उसके बाद भी उससे दहेज की मांग की जाती है। दहेज न लाने पर महिला को ससुराल वाले प्रताड़ित करते हैं, लेकिन क्या आपने सुना है कि दहेज में किसी महिला से उसकी किडनी मांग ली जाए। जाहिर है नहीं सुना होगा, लेकिन ऐसा बिहार में हुआ है।

उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर में एक महिला द्वारा अपने बेटे के लिए दहेज में अपनी बहू से उसकी किडनी मांगने का अजीबोगरीब मामला सामने आया है। दीप्ति नाम की महिला ने इस संबंध में मुजफ्फरपुर महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता दीप्ति अब अपने मायके में है। पुलिस को अपने साथ हुए अत्याचारों के बारे में बताते हुए दीप्ति ने कहा कि मेरी शादी 2021 में हुई। मेरा ससुराल मुजफ्फरपुर के बोचहा थाना क्षेत्र में है।

### महिला ने पुलिस में रिपोर्ट कराई

दहेज नहीं ला सकती तो किडनी दो- पीड़िता ने बताया कि शादी के बाद शुरू में सब ठीक था। लेकिन फिर मेरे ससुराल वालों ने पैसे, बाइक और जेवर लाने के लिए मुझे मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और मेरे साथ मारपीट की। जब मैं अपने ससुराल वालों की मांगें मानने को तैयार नहीं हुई, तो उन्होंने मुझ पर अपने बीमार पति को अपनी एक किडनी देने के लिए दबाव डालना शुरू कर दिया।

**पुलिस ने की समझौते की कोशिश :** महिला ने बताया कि मुझे अपने पति की किडनी की बीमारी के बारे में शादी के दो साल बाद पता चला। ससुराल वालों ने मुझ पर किडनी देने के लिए दबाव डाला। मुझे मारा-पीटा और प्रताड़ित किया। दीप्ती इसके बाद अपने माता-पिता के घर आ गई और महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई। इस मामले पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी दीप्ति ने अपने पति से तलाक मांगा, लेकिन उसके पति ने उसे तलाक देने से मना कर दिया। महिला थाने में 38/25 का मामला दर्ज किया है और उसके पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों को आरोपी बनाया है।

राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी पर आलाकमान ने की कार्रवाई

# दिग्विजय के भाई लक्ष्मण सिंह कांग्रेस से निष्कासित



**नई दिल्ली/भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस ने राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह के भाई लक्ष्मण सिंह को राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी करने के लिए 6 साल के लिए प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया। कांग्रेस की अनुशासन समिति के सदस्य सचिव तारिक अनवर ने एक बयान में कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह को उनकी पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण तत्काल प्रभाव से छह साल की अवधि के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। समिति ने कहा कि नेतृत्व के खिलाफ उनके बार-बार सार्वजनिक बयानों से पार्टी की छवि खराब हुई है।

पिछले महीने लक्ष्मण सिंह को कारण बताओ नोटिस भेजा गया था, क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर सवाल उठाया था कि पार्टी को रॉबर्ट वाड्रा और राहुल गांधी दोनों की अपरिपक्वता से कब तक निपटना होगा। पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर लक्ष्मण सिंह ने अपनी पार्टी के भीतर एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया था। 24 अप्रैल को आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते हुए लक्ष्मण सिंह ने कहा, देश उनकी अपरिपक्वता के परिणाम भुगत रहा है।

जवानों को खस्ताहाल ट्रेन मिलने का मामला

# 5 दिन बाद 4 रेलवे अफसर निलंबित

## सीटों पर गद्दी नहीं, कॉकरोच थे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा के लिए ड्यूटी पर जा रहे 1200 बीएसएफ जवानों ने ट्रेन की खराब हालत देखते हुए चढ़ने से इनकार कर दिया। 5 दिन पुराने इस मामले में रेल मंत्रालय ने 4 रेल अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

6 जून को जवानों को त्रिपुरा से अमरनाथ जाना था। नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर रेलवे ने जो ट्रेन जवानों को मुहैया कराई, उसमें खिड़कियां-दरवाजे टूटे हुए थे। ट्रेन का सीसीटीवी भी अब सामने आया है। इसमें टॉयलेट टूटा है, लाइट नहीं है। सीटों पर गद्दियां भी गायब हैं। फर्श पर कॉकरोच दिखाई दे रहे हैं। जवानों के इनकार के बाद 10 जून को दूसरी ट्रेन मुहैया कराई गई। जवानों को अमरनाथ तीर्थयात्री ड्यूटी के लिए कश्मीर पहुंचना था। जिस ट्रेन से उन्हें जाना था, उसका बीएसएफ के कंपनी कमांडर ने निरीक्षण किया। ट्रेन की हालत देखकर ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

### आपत्ति के बाद दूसरी ट्रेन दी गई : रेलवे

भारतीय रेलवे के एक सीनियर अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि 6 जून को रवाना होने वाली ट्रेन को रद्द कर दिया गया है। कारण यह है कि बीएसएफ ने ट्रेन की खामियों पर कड़ी आपत्ति जताई थी। इसके चलते अब उन्हें दूसरी ट्रेन दी गई है। नई ट्रेन मंगलवार को रवाना की गई।

मुख्यमंत्री ने दी जानकारी

# वन्यप्राणियों के लिए संभाग स्तर पर खोले जाएंगे रेस्क्यू सेंटर



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चीतों को पालपुर कूनो राष्ट्रीय उद्यान से गांधी सागर वन क्षेत्र में छोड़कर एक नया नेशनल पार्क विकसित किया जा रहा है। प्रदेश में अब तक 2 नए टाइगर नेशनल पार्क बनने और चीतों के साथ-साथ दूसरे वन्य जीवों की संख्या बढ़ने से संभाग स्तर पर रेस्क्यू सेंटर की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इनकी स्थापना के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अब तक केवल एक रेस्क्यू सेंटर राजधानी भोपाल स्थित वन विहार में है। लेकिन अब वन्यप्राणियों की जीवन रक्षा और उनके जीवन में सुखद बदलाव लाने के लिए संभाग स्तर पर रेस्क्यू सेंटर शुरू करने का प्रयास है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को गुजरात रवाना होने के पहले मीडिया में जारी एक संदेश में यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश देश का सर्वाधिक वन क्षेत्र और वन्यजीवों की विविधता से संपन्न राज्य है। भारत में सबसे अधिक बाघ मध्यप्रदेश की धरती पर देखने को मिलते हैं। तेंदुआ और गिद्ध की संख्या भी प्रदेश में सबसे ज्यादा है। प्रदेश के अलग-अलग वन क्षेत्रों में मगरमच्छ और घड़ियालों का बसेरा है। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में चिड़ियाघरों अर्थात प्राणी उद्यान (जू) की संख्या में भी वृद्धि करने जा रही है। बजट में दो प्राणी उद्यान की स्थापना को स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि गुजरात में देश का सर्वश्रेष्ठ जू एवं रेस्क्यू सेंटर है। वे गुजरात की अध्ययन यात्रा में जामनगर में वन्यजीवों की देखरेख के लिए की गई व्यवस्थाओं का निरीक्षण करेंगे साथ ही वन्यजीवों का आदान-प्रदान कर उनके जीवन रक्षा की संभावनाएं भी तलाशेंगे।

### सरकार वन्यजीवों के प्रति भी संवेदनशील

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के कई विश्वविद्यालयों से संबद्ध कॉलेजों में वेटनरी कोर्स और वेटनरी अस्पताल शुरू कर पशु चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वन संपदा और वन्यजीवों के संरक्षण का भी व्यापक अभियान प्रदेश में चल रहा है। डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों का आह्वान किया है कि अगर किसी वन्यजीव के संकट में होने की जानकारी मिले या दिखाई दे तो नज़दीकी वन विभाग के अधिकारी को सूचित करें। प्रदेश सरकार अपने नागरिकों की चिंता करने के साथ-साथ वन्यजीवों को संरक्षण प्रदान करने के लिए भी संवेदनशील है।

रेलवे ने आरक्षण को लेकर की नई व्यवस्था

# अब 24 घंटे पहले बन जाएगा चार्ट

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण बदलाव की शुरुआत की है। अब वेटिंग लिस्ट में होने वाले यात्रियों को उनकी टिकट की स्थिति ट्रेन रवाना होने से 24 घंटे पहले ही पता चल जाएगी। अभी तक यह जानकारी केवल 4 घंटे पहले मिलती थी। यह जानकारी रेलवे मंत्रालय ने बुधवार को दी।

इस नई व्यवस्था का ट्रायल बीकानेर डिवीजन में 6 जून, 2025 से शुरू हो चुका है। यह कदम यात्रियों की आखिरी समय की अनिश्चितता को कम करने और यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। रेलवे बोर्ड के सूचना और प्रचार निदेशक दिलीप कुमार ने बताया, हमने इस पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत बिकानेर डिवीजन में की है, जहां ट्रेन के रवाना होने से 24 घंटे पहले चार्ट तैयार किया जा रहा है। अभी तक यह चार्ट ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

### रद्द करने पर जुर्माना

*रेलवे अधिकारियों ने यह भी बताया कि टिकट कन्फर्म होने के बाद अगर यात्री उसे रद्द करते हैं, तो उन्हें रिफंड में बड़ी कटौती झेलनी पड़ सकती है।*

# अमेरिका ने एक बार फिर मध्यस्थता की बात दोहराई

- संघर्ष विराम कराने का फिर किया दावा
- भारत कश्मीर पर कर चुका है बाहरी हस्तक्षेप की बात को खारिज



**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारत के द्विपक्षीय कश्मीर विवाद में बाहरी हस्तक्षेप की बात को बार-बार खारिज करने के बावजूद अमेरिका ने एक बार फिर कश्मीर मामले पर मध्यस्थता की बात दोहराई है। अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा है कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मध्यस्थता करने की कोशिश करते हैं, तो इसमें कोई हैरानी नहीं होगी। अपनी नियमित ब्रीफिंग में रिपोर्टर ने ट्रंप की मध्यस्थता की पेशकश के बारे में सवाल किया। इसके जवाब में टैमी ब्रूस ने कहा, जाहिर है, मैं यह नहीं बता सकती कि राष्ट्रपति के दिमाग में क्या है, या उनकी क्या योजना है। हम सभी मानते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप अपने हर कदम में देशों के बीच पीढ़ीगत मतभेदों और पीढ़ीगत युद्ध को सुलझाने की कोशिश करते हैं। इसलिए किसी को भी हैरत में नहीं पड़ना चाहिए कि ट्रंप इस तरह की किसी चीज (कश्मीर विवाद) को मैनेज करना चाहते हैं। ब्रूस ने कहा कि जब शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में डिप्टी सेक्रेटरी क्रिस्टोफर लैंडौ से मुलाकात की, तो अमेरिका ने 'आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के मजबूत समर्थन और उन दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी' की पुष्टि की।

ब्रूस ने कहा, मैं उनकी (ट्रंप) योजनाओं के बारे में बात नहीं कर सकती। दुनिया उनके स्वभाव को जानती है। मैं इस बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दे सकती कि उनके पास इस संबंध में क्या हो सकता है। आप व्हाइट हाउस को कॉल कर सकते हैं। मुझे लगता है कि उनके पास कहने के लिए बहुत कुछ होगा। यह एक रोमांचक समय है कि अगर हम उस विशेष संघर्ष (भारत-पाकिस्तान मामला) में किसी बिंदु पर पहुंच ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

बजाग जनपद की ग्राम पंचायत पिपरिया में लोकतंत्र का काला दिन

# वोट डालने से रोका, 17 पंचों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**डिंडोरी, देशबन्धु।** बजाग जनपद की ग्राम पंचायत पिपरिया में सरपंच के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव मंगलवार को हिंसक हो गया। सरपंच के विरोध में मतदान करने जा रहे महिला और पुरुष पंचों को कुछ लोगों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। आरोप है कि सरपंच पति, उसके भाई सहित अन्य ने कार से मतदान करने जा रहे 17 महिला-पुरुषों पंचों को रोककर बुरी तरह पिटाई की।

आरोपितों ने वाहनों के शीशे भी तोड़े और कई को वाहनों के अंदर ही पीटा। इस हमले में तीन पंचों को अधिक चोट आई है। डर के मारे तीन पंच जंगल की ओर भाग गए। घायल पंच किसी तरह बजाग थाने पहुंचे। देर रात पुलिस ने सरपंच पति चमरू यादव, उनके भाई लोकनाथ यादव, रोहित पड़वार सहित अन्य के विरुद्ध मारपीट और एससी-एसटी एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आदिवासी सरपंच का पति ओबीसी- मंगलवार को सुबह नौ बजे से सरपंच पति ने स्वजन और समर्थकों को पंचायत भवन के मुख्य मार्ग में इकट्ठा कर लिया था। आरोप है कि यहां सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं थी। ग्राम पंचायत की सरपंच आदिवासी महिला सरिता पट्टा हैं, जबकि उनके पति चमरू यादव ओबीसी वर्ग के हैं। पंचों का आरोप था कि पंचायत की कमान सरपंच के पति ही संभाल रहे थे। उनके द्वारा लगातार वित्तीय अनियमितताएं की जा रही थीं। अविश्वास प्रस्ताव गिरने पर सवाल – 20 वार्ड वाली ग्राम पंचायत में 17 पंच वर्तमान सरपंच के विरोध में थे। दो पंच पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं। ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव पास होना तय माना जा रहा था। भारी विवाद के बीच अविश्वास प्रस्ताव गिरने पर पीड़ित पंचों ने सवाल खड़े किए हैं।



### आदिवासी सरपंच पति ने बाहुबल से पास नहीं होने दिया अविश्वास प्रस्ताव

### इनका कहना है

पुलिस कर गिरफ्तारी के प्रयास – पुलिस मतदान केंद्र ग्राम पंचायत में मौजूद थी। विवाद कुछ दूर हुआ है, इसलिए समस्या आई। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।
**अमृतलाल तिग्गा,** थाना प्रभारी

बजाग सरपंच के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गिर गया है। सुरक्षा मौके पर दी गई थी। आवश्यक कार्रवाई हो रही है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुये है।
**रामबाबू देवांगन,** एसडीएम, बजाग

# किसानों की मांग : शाहगढ़ को पानी देने के लिए लांच नदी परियोजना बनाई जाएं

## अपर चंदिया जलाशय से सिंचाई करने वाले किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की दी चेतावनी



**शाहगढ़, देशबन्धु।** 17 साल पहले स्वीकृत शाहगढ़ नगर की नलजल योजना पर संकट के बादल मंडराने लगे है क्योंकि अब अपर चंदिया जलाशय से खेती करने वाले कृषकों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर शाहगढ़ नगर को पेयजल नही देने की मांग कर दी है। जानकारी के अनुसार विगत दिनों सांसद राहुल सिंह एवं विधायक वीरेंद्र सिंह द्वारा जल संवर्धन कार्यक्रम के दौरान जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ चंदिया जलाशय से स्वीकृत शाहगढ़ की नलजल योजना का निरीक्षण किया था जिसमें अधिकारियों ने जानकारी देते हुये जनप्रतिनिधियों को बताया था कि अपर चंदिया जलाशय से शाहगढ़ नगर को पानी की आपूर्ति नही की जा सकती यदि शासन की योजनानुसार शाहगढ़ को पानी दिया जाता है तो अपर चंदिया जलाशय से होने वाली खेती की सिंचाई के लिये पानी कम पड़ जायेगा जिससे अपर चंदिया जलाशय से सिंचाई करने वाले गांव की खेती प्रभावित होगी। जलसंसाधन विभाग की जानकारी को अपर चंदिया जलाशय के किसानों ने संज्ञान में लेते हुये बुधवार को भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन दिया है जिसमें उल्लेख है कि अपर चंदिया जलाशय का निर्माण सिर्फसिंचाई के लिये किया गया था यदि अपर चंदिया से शाहगढ़ नगर के लिये 2.50 एमसीएम पानी दिया जाता है तो जलाशय का लगभग 4 मीटर पानी शाहगढ़ के लिये आरक्षित हो जायेगा एवं किसानों को सिंचाई के लिये पानी कम पड़ जायेगा। किसानों ने चेतावनी देते हुये कहा है कि यदि अपर चंदिया से शाहगढ़ नगर को पानी दिया जाता है तो हम सभी 10 ग्रामों के किसान आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

> अपर चंदिया जलाशय से लगे ग्रामों के किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया है जिसमें उन्होंने मांग की है कि शाहगढ़ नगर परिषद की नलजल योजना के लिये अपर चंदिया बांध से पानी नही दिया जाये किसानों को सिंचाई के लिये पानी कम पड़ जायेगा अन्य विकल्प तलाश कर शाहगढ़ की नलजल योजना को बनाया जाये।
>
> -ज्ञानचंद्र राय, तहसीलदार शाहगढ़

### ज्ञापन में लांच नदी परियोजना बनाने की मांग

भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में दिये गये ज्ञापन में किसानों ने शाहगढ़ की लंबित लांच नदी परियोजना बनाने की मांग की है, बुधवार को शाहगढ़ तहसील कार्यालय पहुचे सैकड़ो किसानों ने जो ज्ञापन दिया है उसमें उल्लेख किया गया है कि शाहगढ़ की नलजल योजना को सफल बनाने के लिये शाहगढ़ की लंबित लांच नदी परियोजना बनाकर शाहगढ़ नगर को पानी दिया जाये जिससे शाहगढ़ नगर को पीने का पानी सहित तहसील क्षेत्र के किसानों को भी सिंचाई के लिये लांच नदी परियोजना लाभ मिलेगा।

## ग्राम पाटन में सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन



**सागर, देशबन्धु।** नरयावली विधानसभा के ग्राम पाटन में बुधवार को विधायक प्रदीप लारिया ने ग्रामवासियों और गणमान्यजन की उपस्थिति में गोपाल कुर्मी के मकान से राधा कृष्ण मंदिर तक बनने वाली सीसी रोड का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर विधायक लारिया ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के समस्त ग्रामों में सर्वांगीण विकास का लक्ष्य रखकर सभी मूलभूत सुविधायें मुहैया कराने का प्रयास जारी है। वर्षा ऋतु में गोपाल कुर्मी के घर से राधा कृष्ण मंदिर मार्ग में आने-जाने में ग्रामवासियों को काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। इस सीसी रोड के बन जाने से ग्रामवासियों का आवागमन सुगम होगा। नरयावली विधानसभा क्षेत्र में जनकल्याणकारी अनेक विकास कार्य संपादित किये जा रहे, विकास की गति तेज हुई है। हर वर्ग के नागरिकों को शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सरपंच, ग्रामवासी एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## किराना दुकानों का किया औचक निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत एफएसएसएआई के राष्ट्रव्यापी फोर्टीफाइड खाद्य तेल गुणवत्ता सर्वे अभियान के तहत बाजार में उपलब्ध फोर्टीफाइड खाद्य तेल की गुणवत्ता जांच हेतु खाद्य सुरक्षा जांच दल ने हटा नगर में किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया। देशव्यापी फोर्टीफाइड खाद्य तेल विशेष जांच अभियान के तहत हटा नगर में चंडीजी वार्ड स्थित मेसर्स राजकुमार सुहाने, सुहाने ट्रेडिंग कंपनी एवं राय चौराहा स्थित सोना एंटरप्राइजेज का निरीक्षण किया। परिसर में संग्रहित कंपनी पैक्ड प्रेस्टीज ब्रांड फोर्टीफाइड रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूनें जांच हेतु लिये। इसी तरह बड़ा बाजार स्थित मनोज सुपर मार्ट से किंग्स ब्रांड रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूनें जांच हेतु लिये। एमएलबी स्कूल के सामने स्थित मां कर्मा किराना से सिम्पली फ्रेश ब्रांड रिफाइंड सोयाबीन तेल के नमूनें जांच हेतु लिए। इन कंपनी पैक्ड फोर्टीफाइड खाद्य तेल के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। कार्यरत कर्मचारियों के वार्षिक मेडिकल परीक्षण सर्टिफिकेट बनवाने एवं पेस्ट कंट्रोल प्रबंधन एवं फास्टेक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट बनवाने के निर्देश दिये।

# 32 साल बाद मुनिश्री सुधासागर का ससंघ जैसीनगर में प्रवेश, दर्शन के लिए उमड़ा जनसैलाब



**जैसीनगर, देशबन्धु।** निर्यापक संत मुनि श्री सुधा सागर का ससंघ मंगल प्रवेश जैसीनगर में बुधवार को सुबह 8 बजे हुआ। जैन समाज सहित जैसीनगर के सभी लोगों ने मुनि श्री का फूल बरसा कर स्वागत किया। जैसीनगर ग्रामवासियों की ओर से सरपंच नंदलाल चढ़ार ने महाराज जी को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद लिया। उनके दर्शनों के लिये बड़ी संख्या में नगरवासी गेंहूरास चौराहा पर इकट्ठा हुये। जहां से गाजे बाजे के साथ फूल बरसा कर मुनि श्री की भव्य अगवानी की गई। इसके बाद मुनिश्री ससंघ जंगल चौकी बहरपुरा होते हुये चौक बाजार स्थित जैन समाज के बड़े मंदिर पहुंचे। रास्ते में जगह-जगह लोगों ने मुनि संघ का भव्य स्वागत कर उनके दर्शन किये। निर्यापक मुनि सुधा सागर ने कहा कि 32 वर्ष में जैसीनगर मैं बहुत कुछ बदला है लेकिन जैसीनगर की गलियां ज्यो की त्यों है पहले धूल उड़ती थी अब कंकड। आत्मा की शक्ति बहुत बड़ी शक्ति है अपने अतरंग अपने अंत रंग को पहचानने की जरूरत है। मुनियों को बाहर से देखोगे तो कष्ट नजर आयेंगे लेकिन अंदर से देखोगे तो सरगम नजर आयेगी, आपने देखा होगा कि कोरोना बीमारी ने सबसे ज्यादा शहरों में अटैक किया ग्रामीण क्षेत्रों में इसका असर कम हुआ, उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने मंदिरों को संभालो और जो भी अपने ग्रामीण क्षेत्र में संपत्ति है उसका विक्रय मत करो चलते फिरते साधु वहां रुके, उन्होंने जैन समाज से पड़रई जैन मंदिर का विस्तार करने को कहा।

## रास्ते पर कब्जा, किसानों की शिकायत पर सीमांकन, ग्रामीणों को खेतों तक पहुंचने में हो रही परेशानी

**बीना, देशबन्धु।** ग्राम धंसरा और ननियाखेड़ी में शासकीय मेड़े पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। खुरई-मंडीबामोरा मुख्य मार्ग से लगे इस मेड़े पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने कब्जा कर लिया था। यह मेड़ा दोनों गांवों के किसानों के खेतों तक जाने का एक ही रास्ता है। बुधवार को नायब तहसीलदार सुशील खरे के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम में चार पटवारी और अन्य राजस्व कर्मचारी शामिल थे। टीम ने सीमांकन की कार्यवाही पूरी की। टीम अपनी रिपोर्ट नायब तहसीलदार सुशील खरे को सौंपेगी। अवैध कब्जे की वजह से किसानों को खेतों तक पहुंचने में परेशानी हो रही थी और कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे थे। एक दिन पहले मंगलवार को ग्रामीणों की शिकायत के बाद एसडीएम विजय कुमार डेहरिया ने तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिये थे। उन्होंने संबंधित आरआई और पटवारियों को शासकीय कार्य में लापरवाही बरतने पर एक दिन का वेतन रोकने की चेतावनी भी दी थी। शिकायतकर्ता किसानों में इंदर सिंह ठाकुर, पुष्पेंद्र दांगी, धर्मेंद्र सिंह, राजू दुबे, सुमित, गोविन्द दुबे, संतराम, रविन्द्र सिंह, देशराज सिंह, राघवेंद्र सिंह सहित अन्य शामिल रहे।

## आहरण एवं संवितरण अधिकारी आईएफएमआईएस में कर्मचारियों अधिकारियों की समग्र आईडी लिंक कराये

**सागर, देशबन्धु।** आयुक्त कोष एवं लेखा भोपाल से प्राप्त निर्देशों के अनुसार समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को शासकीय सेवकों के एम्प्लॉई डाटा को समग्र आईडी लिंक एवं सत्यापन आईएफएमआईएस में करने एवं वेतन का भुगतान आधार इनेबिल पेमेण्ट सिस्टम के माध्यम से किये जाने हेतु निर्देशित किया है। जिन कार्यालयों की समग्र लिंक रिपोर्ट 100 प्रतिशत से कम है, उन कार्यालयों के आहरण संवितरण अधिकारी, लिपिक एवं कर्मचारी का माह जून 2025 के वेतन रोके जाने के निर्देश दिये हैं। समग्र आईडी को लिंक एवं सत्यापन 20 जून तक करा लेवें। सभी शासकीय अधिकारी कर्मचारियों वेतन भुगतान करने के लिये खाता आधार से लिंक कराना आवश्यक है। समस्त डीडीओ व्यक्तिगत रुचि लेकर शासकीय सेवकों के एम्प्लॉई डाटा को समग्र आईडी लिंक एवं सत्यापन का कार्य करायें। जिस कर्मचारी की समग्र अपडेट नहीं होगी उसका वेतन आहरण नहीं किया जायेगा।

## विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** प्रौढ़ शिक्षा के अंतर्गत उल्लास नव भारत साक्षरता के विकास खण्ड स्तरीय प्रशिक्षण का शिविर का आयोजन अजीम प्रेम जी फाउंडेशन कार्यालय में हुआ। आयोजन में राज्य शिविर केन्द्र से आये अधिकारी सौरभ जैन द्वारा 15 वर्ष से अधिक आयु के अशिक्षित वयस्कों को साक्षर बनाना एवं विशेष रूप से ऐसे लोग जो अब तक औपचारिक शिक्षा प्रणाली से वंचित रह गये। उनकी फीडिंग एनआईएलपी एप्प पर कैसे करना है इसके बारे में विस्तार से बताया। ब्लाक सह समन्वयक प्रतिभा तिवारी ने असाक्षर व्यक्तियों के लिये कैसे मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान पढ़ना, लिखना और गणना करना सिखाना है इस पर प्रकाश डाला। विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में समस्त जन शिक्षकों को असाक्षर व्यक्तियों के सर्वे करने में आने वाली परेशानियों को दूर करने के उपायों पर चर्चा हुयी प्रशिक्षण शिविर के दौरान प्रतिभागियों को डिजिटल साक्षरता, वित्तीय जागरूकता, स्वास्थ्य, स्वच्छता, कानूनी साक्षरता तथा पर्यावरण संबंधी जानकारी देने के तौर तरीकों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण शिविर में प्रौढ़ शिविर अधिकारी प्रशांत तिवारी, बीआरसी अनिरूद्ध डिम्हा, जन शिक्षक, संकुल सह समन्वयक, मास्टर ट्रेनर डॉ. शैलेंद्र बादल विकासखण्ड सह समन्वयक जैसीनगर उपस्थित रहे।

## सागर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन शिविर का हुआ समापन




**सागर, देशबन्धु।** सागर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित हुये ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन समारोह का आयोजन चंदू सरवटे क्रिकेट ग्राउंड, बम्होरी रेंगुआ पर हुआ। जिसमें सागर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप लारिया, चेयरमैन केएस पित्रे, सचिव पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर, सह सचिव विनय शुक्ला, राजेश ठाकुर, अनुज कुमार उपस्थित रहे। विधायक ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और सागर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन की महिला टीम की कप्तान क्रांति गौंड को भारतीय महिला टीम में शामिल होने पर बधाई दी और सभी खिलाड़ियों को क्रांति से प्रेरणा लेकर खेलने की बात की। शिविर में शामिल हुये सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र और केप वितरित की गई। पुष्पेंद्र सिंह ठाकुर ने समापन समारोह में शामिल हुये सभी खिलाड़ियों एवं अतिथिगण का आभार व्यक्त किया।

## झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**सागर, देशबन्धु।** खुरई देहात थाना क्षेत्र में एक युवती ने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और फिर जबरन दूसरी जगह शादी कराने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, दो की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार 18 वर्षीय युवती ने थाने आकर शिकायत की। शिकायत में युवती ने बताया कि रोहित कुशवाहा नाम के युवक से मेरी जान-पहचान है। 17 दिसंबर 2024 की रात उसने मुझे अपने घर पर बुलाया। घर में सभी लोग सो रहे थे। रोहित मुझे अपने कमरे में ले गया। जहां उसने जबरदस्ती गलत काम किया। फिर बोला कि किसी को कुछ नहीं बताना मैं तुमसे शादी करूंगा। इसके बाद 10 अप्रैल की रात करीब 12 बजे रोहित मुझे शादी का झांसा देकर बाइक से सागर ले गया। सागर में मकरोनिया क्षेत्र में स्थित एक हॉस्टल में रखा। वहां मेरे साथ गलत काम किया। लेकिन उसने मेरे से साथ शादी नहीं की। इस दौरान घरवालों ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी। युवती ने बताया कि 26 अप्रैल को मैंने खुरई देहात थाने पहुंचकर अपने कथन दिये। कथनों में बताया था कि मैं रोहित से ही शादी करूंगी। मैंने इसलिए ऐसे कथन दिये थे कि रोहित ने मुझे धमकी दी थी। युवती ने बताया कि 29 अप्रैल को रोहित और उसके पिता रामशरण, रिश्तेदार सुजान तीनों ने जबरदस्ती अमझरा ले जाकर मेरी शादी उल्दन के चंद्रेश कुशवाहा के साथ करा दी। जिसके बाद चंद्रेश ने मेरे साथ गलत काम किया। उन्होंने धमकी दी थी कि तुम कहीं फोन नहीं लगाओगी और तुम्हारी जहां शादी की है, वहीं रहोगी। जिसके बाद युवती ने अपने भाई को फोन लगाया, भाई उसे लेने उल्दन आया। घर पहुंचकर परिवार वालों को घटनाक्रम की जानकारी दी। जिसके बाद थाने पहुंचकर शिकायत की।

शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रोहित कुशवाहा उसके पिता रामशरण कुशवाहा रिश्तेदार सुजान कुशवाहा और चंद्रेश कुशवाहा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। थाना प्रभारी संतोष सिंह ठाकुर ने बताया कि दो आरोपी गिरफ्तार कर लिये गये हैं। दो फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

## जांच समिति ने योजनाओं में अनियमितता के दस्तावेज किए जब्त

**बीना, देशबन्धु।** नगर पालिका में अनियमितताओं की शिकायत पर गठित जांच समिति ने बुधवार को कार्यवाही की। तहसीलदार डॉ. अंबर पंथी के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच दल ने नगर पालिका कार्यालय से दस्तावेज जब्त किये। नपाध्यक्ष लता सकवार ने 45 दिन पहले कलेक्टर को सीएमओ रामप्रकाश जगनेरिया के खिलाफ शिकायत की थी। शिकायत में नल-जल योजना में गड़बड़ी, कन्यादान योजना में अनियमितता, योजनाओं के प्रचार में लापरवाही, 5 करोड़ के कार्यों का टेंडर निरस्त करना, परिषद की बैठक में प्रस्ताव नहीं लाना और पद की गरिमा का उल्लंघन शामिल था। कलेक्टर के आदेश पर एसडीएम विजय डेहरिया ने 23 मई को जांच कमेटी का गठन किया। कमेटी में तहसीलदार डॉ. अंबर पंथी, राजस्व निरीक्षक प्रीतम सिंह ठाकुर, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के सहायक यंत्री टीआर निगम, लोक निर्माण विभाग के उपयंत्री केके अग्रवाल और नपा उपयंत्री जयदीप शाक्यवार शामिल हैं। जांच टीम आदेश के 18 दिन बाद मंगलवार को नगर पालिका पहुंची। सीएमओ छुट्टी पर चले गये थे। बुधवार को टीम ने दोबारा जांच की। प्रारंभिक जांच में कुछ कार्यवाहियां गलत पाई गईं। टीम अब योजनाओं की जमीनी हकीकत की जांच करेगी। जांच पूरी होने पर विस्तृत रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपी जायेगी।

## बण्डा एसडीओपी पद पर प्रदीप वाल्मीकि ने किया कार्यभार ग्रहण



**बण्डा, देशबन्धु।** बण्डा अनुविभाग में पुलिस प्रशासन में महत्वपूर्ण बदलाव हुआ। नवागत एसडीओपी प्रदीप वाल्मीकि जिन्हें लोकप्रिय रूप से सतपुड़ा सिंघम के नाम से जाना जाता है ने बुधवार को औपचारिक रूप से एसडीओपी बण्डा का पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक विकास कुमार शाहवाल के समक्ष उपस्थित होकर अपनी आमद दर्ज कराई, जिसके पश्चात उन्होंने बण्डा पुलिस अनुविभाग के कार्यालय में जिम्मेदारी संभाली। पूर्व एसडीओपी शिखा सोनी को उनके पद से औपचारिक रूप से रिलीव किया गया। प्रदीप वाल्मीकि के तेजतर्रार कार्यशैली और सख्त अनुशासन के लिये के कारण आमजन और पुलिसकर्मियों में नई ऊर्जा और उत्साह देखा गया। अब उम्मीद जताई जा रही है कि उनके नेतृत्व में बण्डा क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और सशक्त बनाया जायेगा।

## वी-मित्र एप पर विद्युत अनियमित्ताओं की शिकायत पर 50 हजार तक का इनाम जीतने का अवसर

**सागर, देशबन्धु।** मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एक अभिनव मोबाइल एप्लीकेशन विद्युत मित्र विकसित किया है। यह एप कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट और गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। वी मित्र एप के माध्यम से आमजन अब स्वयं बिजली चोरी, मीटर में छेडछाड, अवैध विधुत कनेक्शन, अवैध पॉवर एक्सटेंशन, एक ही स्थान पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन, बिजली कनेक्शन का अवैध रूप से विस्तार एवं अधिक लोड का इस्तेमाल करने वालों की शिकायत कर सकेंगे और की गई शिकायतों की लाइव मॉनीटरिंग भी कर सकेंगे। वी मित्र एप जनता का ऑडिट, जनता के द्वारा, जनता के लिए के सिद्धांत पर कार्य करता है। वी मित्र एप गूगल प्ले स्टोर पर जाकर आसानी से डाउनलोड कर सकते हैं। जिस बिजली उपभोक्ता की शिकायत की जाना है, उस उपभोक्ता का आईव्हीआरएस नंबर दर्ज करना होगा और फिर की जा रही अनियमितता का चुनाव करते हुये फोटो अपलोड कर रिपोर्ट सबमिट करना होगा। यदि आईव्हीआरएस नंबर उपलब्ध नहीं है तो एप स्वचलित रूप से उपयोगकर्ता के वर्तमान स्थान की जीपीएस लोकेशन कैप्चर करेगा। यहां भी फोटो अपलोड करनी होगी। शिकायतकर्ता की शिकायत पर कंपनी की सतर्कता जांच टीम संबंधित स्थल पर पहुंचकर जांच करेगी। शिकायत सही पाये जाने पर इनाम की राशि सीधे शिकायतकर्ता द्वारा लिंक किये गये बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की जायेगी, जो अधिकतम 50 हजार रूपये तक हो सकती है। विद्युत अनियमित्ता की शिकायत करने वाले शिकायतकर्ता की जानकारी पूर्णरूप से गापनीय रखी जायेगी।

## समस्या निवारण शिविर में हो रहा बुजुर्गों की समस्याओं का निराकरण



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जीआर के निर्देश पर जिले में वृद्धजनों के लिये समस्या निवारण शिविर लगाए जा रहे हैं। इन शिविरों में वृद्धजनों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, जिसमें पेंशन, स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड और राजस्व प्रकरणों का निराकरण शामिल है। बुधवार को तहसील कार्यालय बीना में एसडीएम विजय कुमार डेहरिया की उपस्थिति में विकासखंड स्तरीय पेंशनर्स की समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वृद्धजनों की समस्याओं का समाधान किया गया और उनकी पेंशन, स्वास्थ्य और अन्य समस्याओं का निराकरण किया गया। राहतगढ़ एसडीएम अशोक कुमार सेन की उपस्थिति में राहतगढ़ में पेंशनर्स के लिये स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गईं। ग्राम पंचायत कडता में वृद्धजनों एवं निशक्तजनों के लिये समस्या निवारण शिविर लगाया गया। इस शिविर में वृद्धजनों की समस्याओं का समाधान किया गया और उन्हें आवश्यक सेवायें प्रदान की गईं।

## सद्गुरू कबीर वाणी सारभौमिक: शास्त्री



**सागर, देशबन्धु।** बुधवार को सद्गुरु कबीर धाम में सद्गुरु कबीर साहेब का प्रकट महोत्सव आचार्य रामजीवन शास्त्री साहेब के पावन सान्निध्य में मनाया गया। इस पावन अवसर पर सद्गुरु कबीर पंथ का मुख्य पूजन गुरु पूजा चौका आरती के साथ साथ सत्संग का भी भव्य आयोजन किया गया। उपस्थित भक्तजनो को सद्गुरु के प्रकट उत्सव पर प्रकाश डाला। आचार्य श्री ने सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि मुद मंगल मय संत समाजू संतों का समागम सत्संग, संतों के दर्शन, पवित्र पावन मंगल को प्रदान करने वाला होता है। सत्संग को तीर्थ राज कहा जाता है। सात स्वर्गो का सुख तराजू के एक पलडे पर रखा जाय तथा सत्संग के लव मात्र के सुख को इसके दूसरे पलडे पर रखा जाए तो लव मात्र के सत्संग के सुख के बराबर स्वर्ग का सुख नहीं हो सकता। अत: जो सुख साधु संतों के सानिध्य में सो बैकुंठ में नहीं है। चाहे जानबूझकर पाप हुये हो या अनजाने में पाप हुये हो तो साधु संतो की सेवा, सत्संग, परिचर्चा से सब नष्ट हो जाते हैं। आचार्य श्री ने कहा कि सदगुरु कबीर साहेब की वाणी में सार्वभौमिकता स्वीकार्यता और सत्यता है। एक साधारण आम व्यक्ति से लेकर बड़े बड़े विद्वानों के मंच से बड़े ही सम्मान से सभी कबीर साहेब की वाणी बोली जाती है सदगुरु कबीर साहेब की वाणी बाह्य पाखंड आडंबर को जड़ मूल से समाप्त करने वाली है ताकि समाज को सही मार्गदर्शन या सही दिशा मिल सके जैसे सूप फोकट माल को उड़ाकर सार को रख लेता है इसी प्रकार कबीर साहेब ने सत्यवादी और सत्संगी व्यक्ति को समाज के बीच रखा। खेद के साथ कहना पड़ता है कि आज की मानव जाति के समाज को जाति वर्ग के मापदंड से, संपत्ति के मापदंड से तोलता है जबकि कबीर साहेब के सत्यदर्शन में कोई छोटा या बड़ा नहीं है सब समान ही होते हैं व्यक्ति के गुण कर्म स्वभाव से ही उसके छोटे या बड़े होने का प्रमाण मिलता है व्यक्ति के श्रेष्ठ जीवन व श्रेष्ठ व्यक्तित्व से ही उसकी माप तोल करना चाहिये। सतगुरु कबीर साहेब की वाणी विज्ञान सम्मत है, धर्म संगत है, और न्याय संगत है सार्वभौमिक है शाश्वत है सदगुरु कबीर साहेब के दर्शन में समस्त आध्यात्मिक जगत के हजारों शास्त्रों का सार निहित है।

## सार समाचार

### परियोजना कार्यालयों में खुलेंगे आधार केंद्र

**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर के मड्डाध्यम से बाल विकास परियोजना कार्यालयों में आधार मशीनों के संचालन के लिए आधार केंद्र बनाए जाना हैं। इनमें आधार अपडेशन के लिए आधार ऑपरेटर्स का चयन किया जाना है, इसके लिए 12 जून तक कार्यालयीन दिवसों में आवेदन पत्र कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास छतरपुर में जमा किए जाएंगे ऑपरेटर्स के चयन के संबंध में विस्तृत निर्देश एवं शर्तें, आवेदन का प्रारूप, संलग्न दस्तावेज एवं अन्य जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास जिला छतरपुर से दी जा रही है।

### युवाओं की पहल से खोले गए नि:शुल्क प्याऊ




**गौरिहार, देशबन्धु।** भीषण गर्मी में लोगों की परेशानी को देखते हुए उन्हें शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए युवाओं की पहल पर दो नि:शुल्क प्याऊ खोले गए हैं। युवा समाजसेवी सत्येन्द्र बाजपेई के साथ प्रशांत साहू, पंकज पाल, सचिन अहिरवार, प्रिंस साहू, एहसान खान, श्रीराम राजपूत, सत्यम रैकवार सहित अन्य युवाओं ने जनपद पंचायत कार्यालय परिसर और सरवई तिराहा पर नि:शुल्क प्याऊ खोलकर सराहनीय कार्य किया है। इस प्रयास की सराहना करते हुए ग्रामीणों ने का कहना है

नि:शुल्क प्याऊ शुरु हो जाने से सैकड़ों यात्रियों सहित जनपद पंचायत में काम से आने वालों को गर्मी में शीतल पेयजल से राहत मिलेगी।

### आईटीआई में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन 16 तक

**छतरपुर, देशबन्धु।** शासकीय आईटीआई के प्राचार्य ने बताया कि विभिन्न व्यवसायों के लिए रजिस्ट्रेशन और च्वाइस फिलिंग 16 जून तक की जाएगी। जिले के बड़ामलहरा और चंदला आईटीआई में वेल्डर, छतरपुर में वेल्डर व कारपेंटर वुड वर्क टेक्नीशियन में 8वीं पास और अन्य व्यवसायों में 10वीं पास आवेदक 16 जून आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 24 जून से संस्थाओं में प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया बालिकाओं के लिए 35 प्रतिशत स्थान सुरक्षित रखे गए हैं।

### आबकारी टीम ने वसूली 173286 रुपए की शास्ति

छतरपुर, देशबन्धु। आबकारी टीम द्वारा जिले में कंपोजिट मदिरा दुकानों का 1 अप्रैल से 31 मई तक अधिकतम अथवा न्यूनतम विक्रय मूल्य निरीक्षण व टेस्ट पर्चेस की कार्यवाही की गई है। इस दौरान कुल 7 अधिकतम विक्रय मूल्य एवं न्यूनतम विक्रय मूल्य के प्रकरण पंजीबद्ध कर लायसेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करके 173286 रुपए की राशि वसूली गई है। बताया गया है इस संबंध में शेष प्रकरण की विवेचना की जा रही है।

---

राजस्व मंत्री ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में की राजस्व कार्यों की समीक्षा, दिए निर्देश

# किसानों को मित्र बनाएं और सम्मान दें, समय से करें राजस्व कार्य




**छतरपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में राजस्व विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों और कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने किसानों को मित्र बनाकर उन्हें सम्मान देने और राजस्व कार्यों को समय से निपटाने के निर्देश दिए हैं।

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने राजस्व प्रकरणों में विशेष रुप से नामांतरण, बंटवाना और सीमांकन की समीक्षा की। उन्होंने कहा किसानों को मित्र बनाए और उनका सम्मान करे एवं उनकी राजस्व संबंधी समस्याओं का समयसीमा में त्वरित निराकरण करे। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि प्रयास करें किसानों को किसी तरह की शिकायत करने का मौका ही न मिले। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी, यदि किसी किसान की एक भी शिकायत उनके पास आती है तो संबंधित अधिकारी पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। राजस्व मंत्री ने पीएम और सीएम किसान सम्मान निधि की समीक्षा करते हुए सभी पात्र किसानों को केन्द्र और राज्य सरकार की दोनों महत्वकांक्षी योजनाओं को लाभ देने के निर्देश दिए। बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, छतरपुर विधायक ललिता यादव, बिजावर विधायक राजेश शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर विशा माधवानी सहित अनुभागों के एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित थे।

### समय सीमा में निराकृत हों लंबित प्रकरण

राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने साइबर तहसील के अंतर्गत लंबित सभी प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा किसी भी मामलों में आने वाली आपत्तियों की विशेष रुप से जांच करें। कई बार लोगों को परेशान करने के उद्देश्य से आपत्तियां लगाई जाती हैं, ऐसे लोगों की पहचान करके उन पर भी कड़ी कार्यवाही की जाए। राजस्व मंत्री ने कहा सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व संहिता, नियम-कानूनों की पूरी जानकारी होनी चाहिए। अधिकारी नियमों को स्पष्ट रुप से समझकर कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों के सीमांकन, बंटवारा एवं नामांतरण जैसे कार्य प्राथमिकता से समय पर किए जाएं।

---

# बिलहरी हत्याकांडः मुख्य आरोपी प्रवीण पटेरिया गिरफ्तार, डबल बैरल बंदूक जब्त



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बिलहरी में 8 जून को सरकारी राशन की दुकान पर विवाद के बाद 19 वर्षीय पंकज प्रजापति की गोली मारकर हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया है। उसके पास से हत्या की वारदात में प्रयुक्त 12 बोर डबल बैरल बंदूक जब्त की गई है।

सूत्रों की मानें तो मुख्य आरोपी एडवोकेट प्रवीण पटैरिया उर्फ कटटू पुत्र रामनारायण पटेल मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात छतरपुर के सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा पकडा गया था। उसे बुधवार को नौगांव पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। उसे न्यायालय पेश किया जा रहा है।

इसे नौगांव पुलिस ने अपनी कामयाबी बताया है। इस हत्याकांड के दो आरोपी नवीन पटैरिया और राशन की दुकान का सेल्समेन रामसेवक अरजरिया अभी फरार हैं, पुलिस सरगर्मी से इनकी तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया पकडे गए आरोपी प्रवीण पर पूर्व से मारपीट के दो मामले दर्ज हैं। उल्लेखनीय है कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भी इस मामले को स्वत: संज्ञान में लेकर अपने एक्स हैंडल दोषियों को तुरंत पकड़ने और उन्हें कडी सजा देने का ट्विीट किया था। इसके बाद पुलिस एक्शन बड़ी तेजी से हुआ।

### आरोपियों को तलाश रही पुलिस टीम

नौगांव थाने में हत्या के तीनों नामजद आरोपियों पर हत्या, मारपीट, एससीएसटी एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण कायम कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने इस सनसनीखेज मामले के आरोपियों को पकडने के लिए एक टीम बनाई। जिसमें एएसपी विदिता डागर के निर्देशन में एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम, नौगांव थाना प्रभारी टीआई सतीश सिंह, चौकी प्रभारी गरौली एसआई कुलदीप सिंह जादौन, साइबर सेल प्रभारी नेहा सिंह गुर्जर, क्राइम ब्रांच जबलपुर से एएसआई धनंजय सिंह, एएसआई प्रदीप मिश्रा, प्रधान आरक्षक रामआसरे, आरक्षक मुकेश बिल्थरे, गजेंद्र, जितेंद्र सहित साइबर टीम को लगाया गया था। ये टीमें आरोपियों की तलाश में उनके महोबा उत्तर प्रदेश, बमीठा, पन्ना और जबलपुर सहित हर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

---

# सड़कों से हटाए गए अवैध कब्जे, दिन भर चली तोड़फोड़






**खजुराहो, देशबन्धु।** राजनगर की सड़कों पर में वर्षों से चली आ रही अतिक्रमण की समस्या को हल करने के लिए प्रशासन ने बुधवार से बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया है। दिन भर सड़कों पर जमे स्थाई और अस्थाई अतिक्रमण की तोड़फोड़ चलती रही।

इस कार्रवाई ने स्थानीय लोगों के मन मे आवागमन की परेशानी को दूर करने की उम्मीद जगाई है, वहीँ कुछ प्रभावित दुकानदारों और मकान मालिकों में नाराजगी भी देखी गई है। बता दे कि राजनगर के बड़े तालाब से थनेरा तालाब तक सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण और सकरी गलियों से आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की है। यह कदम राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया के मार्गदर्शन में सड़क निर्माण और विकास कार्यों को गति देने के तहत की जा रही है। तहसीलदार धीरज गौतम ने बताया अतिक्रमण हटाने के लिए करीब एक महीने पहले सभी दुकानदारों और मकान मालिकों को नोटिस दिए थे। अब सड़क के मध्य से दोनों तरफ 15 से 18 फीट तक अतिक्रमण हटाया जा रहा है। कई स्थानीय लोग प्रशासन का सहयोग करके स्वयं अपने मकान व दुकानों को तोड़ रहे हैं। हालांकि, जिनके मकान और दुकानें हटाई गईं, उनमें कुछ लोगों ने प्रशासन पर मनमानी का आरोप भी लगाया। अतिक्रमण हटाने के इस अभियान में स्थानीय प्रशासन, नगर परिषद राजनगर का अमला और बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

---

## लव जेहाद का मामला: सोनू बनकर मुकीम ने किया दुष्कर्म

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर के एक स्पा सेंटर में काम करने वाली युवती ने सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई है, कि मुकीम कुरैशी ने सोनू बनकर उसे शादी का झांसा दिया और दुष्कर्म का शिकार बनाया है।

भोपाल निवासी पीड़िता ने बताया कि छतरपुर निवासी मुकीम कुरैशी ने अपना नाम सोनू बताकर उससे स्पा सेंटर में मिलकर प्रेमजाल में फंसाया। शादी का वादा करके होटल में कई बार शारीरिक संबंध भी बनाए और उससे रुपए भी लिए। बाद में पता चला कि युवक का असली नाम मुकीम कुरैशी है।

धोखे का खुलासा होने पर उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। सीएमएसपी अमन मिश्रा ने बताया पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। मामले की गहन जांच की जा रही है, जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

---

# युवती ने लगाया शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप


**छतरपुर, देशबन्धु।** नौगांव थाना क्षेत्र की एक युवती ने बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर एक युवक पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने सहित अन्य कई गंभीर आरोप लगाकर न्याय मंगा हैं।

ईशानगर थाने की 24 वर्षीय पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे धोखे में रखकर शारीरिक शोषण करके गर्भपात भी कराया। अब आरोपी उसे अपने साथ रखने से इनकार कर प्रताड़ित कर रहा है। पीड़िता ने बताया उसका विवाह 6 साल पहले गौना करौला गांव के भूपेंद्र बुंदेला के साथ हुआ था। आपसी विवाद के बाद पिछले साल दोनों अलग हो गए, और विवाह विच्छेद का आवेदन नौगांव न्यायालय में विचाराधीन है। कुछ समय पहले उसकी दोस्ती नौगांव थाना के ग्राम वीरपुरा निवासी 25 वर्षीय लकी उर्फ विकास पटैरिया से हुई।

ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। दोनों 15 दिन तक साथ रहे और इसी दौरान वह गर्भवती हो गई, लकी ने उसका गर्भपात भी करवाया। महिला ने बताया हम दोनों ने मंदिर में विवाह भी किया, लेकिन अब लकी उसे साथ रखने से इंकार कर रहा है। वह उससे लड़ाई-झगड़ा करके उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करता है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से लकी उर्फ विकास पटैरिया के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

---

## ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद बदले गए खराब ट्रांसफार्मर



**हरपालपुर, देशबन्धु।** सरसेड गांव में लंबे समय से बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के प्रदर्शन के बाद बिजली कंपनी ने खराब ट्रांसफार्मर बदलकर विद्युत प्रवाह को सुचारू कर दिया है।

बता दें कि गत सोमवार को भीषण गर्मी के बीच सरसेड गांव के दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों का आक्रोश बिजली विभाग के खिलाफ फूट पड़ा था।

ग्रामीणों ने हरपालपुर बिजली वितरण केंद्र के कनिष्ठ अभियंता का घेराव कर 6 महीने से खराब पड़े ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग की और ज्ञापन सौंपा था। ग्रामीणों का कहना था कि बिजली की अनियमित आपूर्ति से उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। छतरपुर उप संभाग के सहायक अभियंता ह्रदेश चतुर्वेदी ने बताया सरसेड गांव में डीपी खराब होने की शिकायत मिली थी। तत्काल कार्रवाई करते हुए ओआईसी जितेंद्र प्रजापति को निर्देश दिए गए। 9 से 11 जून तक विभाग ने गांव में चार 25 केवी डीपी स्थापित कीं और एक खराब डीपी को ठीक किया। मौसम खराब होने के कारण कुछ देरी हुई, लेकिन अब बिजली सेवा सुचारू कर दी गई है। ग्रामीणों ने विभाग की इस त्वरित कार्रवाई पर संतोष जताया और बिजली सेवा बहाल होने पर आभार व्यक्त किया।

---

## विदेशी धरती पर बनेगा पहला बागेश्वर सनातन मठ

**छतरपुर, देशबन्धु।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने फिजी में बागेश्वर सनातन मठ के लिए भूमिपूजन किया है। विदेशी धरती पर स्थापित होने वाला यह पहला बागेश्वर सनातन मठ होगा। इसके पूर्व मुंबई के भिवंडी में मठ की स्थापना की जा चुकी है।

बता दें कि धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जून के पहले सप्ताह से विदेश यात्रा पर हैं। पहले ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में 6 से 8 जून तक उन्होंने श्री हनुमत कथा सुनाई, इसके बाद कैनबरा में संसद भवन पहुंचे। सिडनी में गुरु शिष्य मिलन कार्यक्रम में शामिल हुए। अब वे फिजी पहुंचे हैं। वे यहां भी 13 से 15 जून तक श्री हनुमत कथा सुनाएंगे। उन्होंने भक्तों को सत्संग से जुड़ने का संदेश देते हुए कहा कि जो शैतानों से टकराता है, वही हनुमान होता है। उन्होंने युवाओं को सोशल मीडिया पर सतर्क रहने की सलाह भी दी है।

---

## जिला स्तरीय प्रशिक्षण में दी साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी



**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम तहत बीएड कॉलेज में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण में जिले के सभी बीईओ, विकासखंड श्रोत समन्वयक, विकासखंड अकादमिक समन्वयक, विकासखंड सह समन्वयक एवं संकुल सह समन्वयक शामिल हुए। मीडिया प्रभारी अनुपम त्रिपाठी ने बताया प्रशिक्षण का शुभारंभ बीएड कॉलेज के प्राचार्य एमके त्रिपाठी ने किया। डाइट प्राचार्य आरके वर्मा भी मौजूद रहे। जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र निगम ने उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। प्रशिक्षण में 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षरों का सर्वे, चिन्हांकन एवं मूल्यांकन के बारे में बताया गया। गांवों में स्थित सामाजिक चेतना केंद्रों को अधिक प्रभावकारी बनाने के बारे में टिप्स दिए गए। प्रशिक्षण में बीईओ एवं बीआरसी का सक्रिय सहयोग लेने पर भी चर्चा की गई।

प्रशिक्षण में ग्राम मनिया से आई अक्षर साथी प्राशा द्विवेदी ने स्व निर्मित टीएलएम सामग्री का प्रदर्शन कर साक्षरता अभियान से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।प्रशिक्षण में विकासखंड सह समन्वयक महेंद्र दीक्षित, आनंद अरजरिया, रामस्वरूप जाटव एवं जय खरे ने भी विचार रखे।प्रशिक्षण का संचालन जिला सह समन्वयक शफीक अहमद ने किया।

---

# गौशाला से काली कमाई : पंचायत के नुमाइंदे डकार गए गायों का भूसा





**महाराजपुर, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत नुना में विकास कार्यो में लगने वाली ईंट, सीमेंट, लोहा में धांधली से काली कमाई करने वाले सरपंच और सचिव ने अब तो हद कर दी है। दरअसल मां पीतांबरा गौशाला से कमाई का रास्ता खोजकर दोनों गायों के हक का भूसा ही डकार गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत का भ्रष्टाचार चरम पर है। गौ माता को भी नहीं छोड़ा जा रहा। यहां गौशाला का संचालन पंचायत के सरपंच और सचिव करते हैं। गौशाला में 100 नग गायों को रखने का प्रबंध है। मगर पानी न होने से गाय प्यासी मर रही हैं। हद तो इस बात की है कि उन्हें खाने को यहां कुछ नहीं दिया जाता है, उनके हक का भूसा सरपंच और सचिव की डकार चुके हैं। भूख-प्यास से करीब 40 से अधिक गाय दम तोड चुकी हैं। कुछ बेहाल गाय भाग गई हैं। अब यहां करीब 50 गाय बची हैं जो भूख प्यास से बेहाल हैं।

### चहेतों के नाम से फर्जी बिलों से डकार रहे भूसा

बताते हैं सरपंच और सचिव प्रति माह 100 गायों के हिसाब से भूसे की राशि कच्चे बिलों में भरी जाती है। ये बिल वे अपने चहेतों के नाम से बनाते हैं। फर्जी तरीके से भूसे की राशि निकाल कर सरपंच और सचिव भूसे पर मौज कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो इस बार सरपंच द्वारा 2500 रुपए के दाम पर 90 टैंक भूसा खरीदा गया है। इसके बिल जितेंद्र पटेल नुना के नाम पर बनाकर अप्रैल माह में एक लाख पच्चीस हजार और मई में 62 हजार पांच सौ रुपए निकाले गए। भूपेन्द्र पटेल नुना के नाम से अप्रैल में एक लाख और मई में एक लाख पच्चीस हजार रुपए सहित अन्य चहेतों के नाम पर भूसे के लाखों रुपए के भुगतान कच्चे बाउचर पर करके मोटी राशि हजम कर ली गई है। यह जांच का विषय है।

---

बैठक में बैंकों को प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए

# सभी बैंक अटल पेंशन, जीवन ज्योति, जीवन सुरक्षा के आवेदन प्रमुखता से लें: कलेक्टर



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने डीएलसीसी, डीएलआरसी और डीएलएमसी प्रकरणों की समीक्षा करते हुए विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य और उनकी पूर्ति गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर श्री जैसवाल ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति समय सीमा में शीघ्र की जाए। प्रत्येक विभाग अपनी रिपोर्ट तैयार करके आगामी बैठक में उसकी प्रगति प्रस्तुत करे। बैठक में आर्थिक सुधार फंड की प्रस्तुति, आरएसईटीआई प्रशिक्षण केंद्र की जानकारी, एनपीए और आरटीसी की वसूली और सीएमए हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों के समाधान के बारे में भी चर्चा की गई।

कलेक्टर ने बैकों को विभिन्न योजनाओं के आवेदकों के लंबित प्रकरण शीघ्र निराकृत करने के निर्देश देते हुए कहा कि उचित कारण दर्ज न होने पर अस्वीकृत प्रकरणों को पुन: भेजा जाएगा। उन्होंने कहा पीएमएफएमई योजना के निरस्त केसों में कमी लाएं और प्रकरणों को शीघ्र स्वीकृत किया जाए। कलेक्टर ने सभी बैंकर्स से कहा जिला प्रशासन के साथ समन्वय से काम करें।

प्राइवेट बैंकों को निर्देशित किया गया कि वे डीएलसीसी में भाग लें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, आरबीआई के अधिकारी, एलडीएम और जिले के बैंकर्स सहित नगरीय निकायों के सीएमओ और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाए

कलेक्टर ने सभी संबंधित विभागों जैसे मछली पालन, पशुपालन, कृषि को निर्देशित किया है कि वे अधिक से अधिक हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए प्रेरित करें। आगामी एक माह में योजनाओं के लिए आवेदन प्रस्तुत करें। विशेष रुप से सभी लंबित केसीसी, आवेदनों को शीघ्र पूर्ण कराके पोर्टल पर जमा करें, ताकि पात्रों को समय पर इनका लाभ मिल सके। कलेक्टर ने कृषि अधोसंरचना निधि के तहत आवेदन करने के निर्देश देते हुए ऐसे लाभार्थियों को दीर्घकालीन ऋण के लिए प्रोत्साहित किया जाए ताकि कृषि क्षेत्र में निजी निवेश को बढ़ावा मिले और अधोसंरचना को सशक्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने आरएसईटीआई को सेवा क्षेत्र से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगारपरक कौशल प्राप्त हो और वे व्यावहारिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें।

देशबन्धु

सागर, गुरुवार 12 जून 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# आपदा में एक और अवसर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने आवास पर भारत के आउटरीच कार्यक्रम के लिए कई देशों की यात्रा करने वाले प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मुलाकात की। फिलहाल यह कहा नहीं जा सकता कि प्रधानमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडलों की यह मुलाकात अनौपचारिक थी या औपचारिक। क्योंकि कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने खुद कहा है कि यह बिल्कुल औपचारिक मुलाकात नहीं थी। हम लोगों ने जो रिपोर्ट प्रधानमंत्री को दी, वो उन्होंने प्रस्तुत भी नहीं की। गौर करने वाली बात यह है कि शशि थरूर ने यह जिक्र खेद के साथ नहीं बल्कि प्रसन्नता के साथ किया। प्रधानमंत्री के आवास पर हुए इस मेलजोल कार्यक्रम का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें श्री मोदी के बगल में शशि थरूर दिखाई दे रहे हैं, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी भी प्रधानमंत्री से बातचीत करते दिख रहे हैं, वहीं, आनंद शर्मा और सलमान खुर्शीद के साथ श्री मोदी मुस्कुराते हुए मिलते नजर आ रहे हैं। पूर्व कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद के साथ तो ठहाके लगाते तस्वीरें आई हैं। चंद कांग्रेस नेताओं से इस अंदाज में प्रधानमंत्री मोदी क्यों मिल रहे हैं, यह सवाल अब उठने लगे हैं। हो सकता है कि उनकी अन्य दलों के नेताओं से भी इसी तरह हंसी-खुशी भेंटवार्ता हुई हो, लेकिन उनके वीडियो-तस्वीरें इतने वायरल क्यों नहीं किए गए, ये भी सोचने वाली बात है। वैसे सबसे अधिक विचारणीय पहलू तो यह है कि देश के मुखिया को इतने सांसदों के साथ हंसी-ठहाके लगाते, खाते-पीते देखकर पहलगाम पीड़ितों के दिलों पर क्या बीत रही होगी। वे तो अब तक इस इंतजार में थे कि आतंकवादियों को धरती के आखिरी छोर तक जाकर पकड़ कर लाने का ऐलान करने वाले श्री मोदी अपने वादे को पूरा करेंगे। लेकिन डेढ़ महीने बाद पीड़ितों के जख्म तो हरे ही हैं, और ऐसे में सरकारी हंसी-ठट्ठा उनके जख्मों पर नमक के समान लग रहा होगा।

पाठक जानते हैं कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद 6-7 मई की आधी रात में भारत ने ऑपरेशन सिंदूर प्रारंभ किया था, जो 10 मई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा युद्ध विराम की सूचना के बाद समाप्त कर दिया गया। हालांकि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री यह कह चुके हैं कि ऑपरेशन सिंदूर अभी बंद नहीं हुआ है, लेकिन इसके तहत आगे और क्या कार्रवाई हुई, इसकी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से युद्धविराम की सूचना पहले कैसे आई, क्या अमेरिका ने वाकई भारत और पाकिस्तान के संबंधों में दखलंदाजी की है। क्या यह शिमला समझौते का उल्लंघन नहीं है, जिसमें यह करार हुआ था कि दोनों देशों के बीच किसी भी मामले में तीसरे पक्ष को नहीं आने दिया जाएगा। अगर पाकिस्तान ने इसका उल्लंघन किया तो क्या भारत भी उसी रास्ते पर चल रहा है। क्या नरेन्द्र मोदी ने अपने पूर्ववर्ती शासकों की बनाई विदेश नीति का त्याग कर कोई नयी विदेश नीति बनाई है, ऐसे कई सवाल हैं, जिनके जवाब की अपेक्षा सरकार से थी। लेकिन प्रधानमंत्री या विदेश मंत्री ने इस बारे में कुछ नहीं कहा। बल्कि देश को बताया गया कि अब सात प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों में जाकर आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख की जानकारी देंगे। ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा, किस तरह पाकिस्तान की जमीन पर आतंकवादियों को पनाह दी जाती है, इस बारे में दुनिया को आगाह करेंगे। खास बात यह रही कि इन प्रतिनिधिमंडलों में सभी दलों के लोग शामिल थे।

सात प्रतिनिधिमंडलों में नेतृत्व की कमान रविशंकर प्रसाद, बैजयंत पांडा, संजय कुमार झा, कनिमोझी करुणानिधि, सुप्रिया सुले, शशि थरूर और श्रीकांत एकनाथ शिंदे को सौंपी गई। इनके नेतृत्व में 51 नेताओं और 8 राजदूतों ने 33 देशों में जाकर भारत सरकार का पक्ष रखा। एकबारगी देखने पर यह पहल ठीक लगी कि नरेन्द्र मोदी ने पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सभी दलों को साथ लेने, बल्कि नेतृत्व करने का अवसर भी दिया। लेकिन गहराई से सोचें तो इसके जरिए श्री मोदी ने एक बड़ा खेल करने की कोशिश की। प्रतिनिधिमंडल को भेजकर वे खुद देश को जवाब देने से बचते रहे। उधर कांग्रेस के ऐसे सांसदों को प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनाया गया जो आसानी से भाजपा के दबाव में आ सकते हैं। इसके प्रमाण भी सामने आ गए। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे भी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे और वे लगभग हर दिन जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी को लेकर झूठी बातें प्रसारित करते रहे। गलत दस्तावेजों को ऐतिहासिक तथ्य बताकर पोस्ट करते रहे, यहां तक कि मंगलवार रात जब प्रधानमंत्री आवास पर सारे लोग मौजूद थे, उस समय भी निशिकांत दुबे ने एक पोस्ट में विदेश नीति का कबाड़ा करने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। श्री मोदी के भेजे गए कांग्रेस सांसदों में से एक ने भी इसका प्रतिकार नहीं किया, श्री दुबे की आलोचना नहीं की, प्रधानमंत्री के सामने आपत्ति नहीं जताई कि एक तरफ आप सारे दलों को साथ होने की बात कर रहे हैं और आपके सांसद इस तरह गलतबयानी कर रहे हैं। सवाल ये है कि क्या श्री मोदी अब कांग्रेस में फूट डलवाने की कोशिश में हैं। पिछले 11 सालों की उनकी उपलब्धियों में एक खास बात तो यह भी है कि उन्होंने कई कांग्रेस दिग्गजों को भाजपा में शामिल करवा लिया है।

अब मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी को सोचना होगा कि लंगड़े और बारात के घोड़ों को वे कैसे अलग करें।

रहा सवाल आउटरीच कार्यक्रम का, तो उसकी सार्थकता तब होती जब पाकिस्तान विश्व में अलग-थलग दिखाई देता। फिलहाल ऐसा कुछ नजर नहीं आ रहा है। श्री मोदी की विदेश नीति की विफलता तो तभी दिख गई जब उन्हें ऐसे प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजने पड़े, अगर उनके नेतृत्व की दुनिया कायल होती तो अमेरिका समेत तमाम देश भारत और पाकिस्तान को एक ही पलड़े पर नहीं रखते। अब भी अमेरिकी राष्ट्रपति पाक के नेतृत्व को मजबूत बता रहे हैं और यह तब हुआ जब शशि थरूर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल अमेरिका में ही था। श्री मोदी को दुनिया को संदेश देना था तो संसद का सत्र बुलाते, जितना खर्च अभी हुआ है, उससे एक चौथाई में ही मकसद पूरा हो जाता। जो बचत होती उसका उपयोग आतंकवाद से मिले जख्मों पर मलहम लगाने में किया जा सकता था। लेकिन ऐसा लग रहा है कि मोदी सरकार को अपने स्वार्थ पूरे करने के लिए आपदा में एक और अवसर मिल गया है।

# सोनम के बहाने स्त्री अधिकारों को कुचलने की कोशिश

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

इंदौर के हनीमून केस पर सोशल मीडिया में एक भयावह टिप्पणी पढ़ने मिली। लिखा था कि औरत को आजादी देने का अंजाम देख लिया। अब समझ में आया कि पहले औरतों पर अंकुश लगाकर क्यों रखा जाता था।

दरअसल यह उसी मनुवादी सोच से निकला विचार है जिसमें औरत को पहले पिता, फिर पति और बाद में बेटे के आश्रित रखा जाता है। महिला का अपना स्वतंत्र अस्तित्व न हो, यह बात पुरुष सत्तात्मक समाज के लिए एकदम उपयुक्त रहती है। क्योंकि जहां स्वतंत्रता रहेगी, वहां अपनी जिम्मेदारी खुद लेने का जज्बा भी दिखाया जाएगा, साथ ही अपने लिए अधिकार भी मांगे जाएंगे। यह सारी बातें अधिकतर पुरुषों के लिए दुस्वप्न है कि उनके सामने महिला इस तरह की बराबरी दिखाए। समाज में इसी बात को सामान्य मान लिया गया है कि पुरुष स्त्री का सम्मान तो करे, लेकिन अपने से निचले पायदान पर रखकर। अगर स्त्री को बराबरी पर रखा जाएगा तो फिर वह और आगे निकलने की ख्वाहिश रखेगी, ये डर पितृसत्तात्मक समाज की संरचना में गूंथ दिया गया है। यही डर हनीमून केस में बढ़ा-चढ़ाकर दिखाया जा रहा है।

इंदौर के नवविवाहित जोड़े राजा और सोनम रघुवंशी का मामला पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में है। पहले इस जोड़े के मेघालय में लापता होने की खबर मिली। पुलिस ने जांच की तो एक घाटी में राजा का शव मिला, जबकि सोनम की कोई खबर नहीं थी। लेकिन फिर अचानक सोनम उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के एक ढाबे में आधी रात को पहुंची और फिर वहीं से फोन पर अपने परिजनों से बात की। पुलिस ने सोनम को हिरासत में लिया, क्योंकि उसे शक था कि सोनम ने ही राजा की हत्या करवाई है। मेघालय पुलिस ने पूरी जांच की और इस निष्कर्ष पर पहुंची कि यह प्रेम त्रिकोण का मामला था। ऐसा नहीं है कि इस देश में प्रेम त्रिकोण के मामले पहले हुए ही नहीं, या उनमें हत्या जैसा अतिरेक भरा कदम नहीं उठाया गया हो। लेकिन अक्सर इनमें स्त्री पीड़ित रहती थी, उसे मारा जाता था, तो इसमें समाज को कुछ असामान्य नहीं लगा। अब बीते कुछ समय से लगातार ऐसी खबरें आ रही हैं कि पत्नी ने पति की हत्या करवाई है, जिन्हें समाज अब अपने लिए बड़ी चेतावनी की तरह देख रहा है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के डेटा और विभिन्न राज्य क्राइम रिपोर्ट्स के अनुसार, पिछले पांच सालों में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और बिहार जैसे पांच राज्यों में कुल 785 ऐसी घटनाएं दर्ज की गई हैं, जहां पत्नियों ने अपने पतियों की हत्या की या हत्या करवाई है। हालांकि कितने पतियों ने इसी तरह अपनी पत्नियों का कत्ल किया या करवाया होगा, इसके आंकड़े नहीं हैं। दहेज हत्याओं के आंकड़े जरूर दर्ज किए जाते हैं। वर्ष 2017 से 2021 के बीच ही देशभर में 35,493 महिलाओं की मौत दहेज हत्या के कारण हुई, यानी हर दिन कम से कम 20 वधुएं मारी गई हैं। दहेज हत्या में उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान देश में अग्रणी रहे हैं।

कायदे से जितनी चिंता 785 मौतों पर की जा रही है, उतनी ही 35 हजार मौतों पर भी होनी चाहिए। लेकिन समाज यहां भी भेदभाव का नजरिया रखता है। मरने वाली स्त्रियां हैं, तो यह दुखद है, सामाजिक समस्या भी है, लेकिन चेतावनी की बात नहीं है। लेकिन मरने वाले पुरुष हैं तो फिर सारा सामाजिक विमर्श ही बदल जाता है। असल में वैवाहिक संबंध की यह परिणति पूरे समाज के लिए चिंता की बात होनी चाहिए। समाजशास्त्रियों को अब विवाह संस्था पर नए सिरे से अध्ययन की जरूरत है कि आखिर इसमें कहां चूक हो रही है कि एक पक्ष इस सीमा तक पहुंच जाए कि अपने जीवनसाथी की हत्या कर दे।

सोनम रघुवंशी पर आरोप अभी सिद्ध नहीं हुआ है, इससे पहले कुछ प्रकरण ऐसे सामने आए हैं, जिनमें महिलाओं ने अपने पुरुष साथी के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। जाहिर है ये जघन्य अपराध है और उसे इसी नजरिए से देखा जाना चाहिए। हत्या की जो सजा पुरुष के लिए होती है, वही स्त्री के लिए भी होती है। मगर जिन मामलों में महिलाएं दोषी होती हैं, उसके लिए पूरे स्त्री समाज को जिम्मेदार ठहराना क्या उचित है। लेकिन ऐसा लगता है मानो स्त्रियों को फिर से बंधन में डालने के लिए मौकों को तलाशा जा रहा है। हनीमून केस या नीले ड्रम में पति की लाश जैसे प्रकरण इन मौकों को बना रहे हैं। यहां गौर करने वाला एक पहलू यह है कि जो इंसान पेशेवर अपराधी नहीं होते, वे किस तरह इतने भयावह योजनाबद्ध तरीकों से ऐसी हत्याओं को अंजाम देते हैं, इसके पीछे कौन से मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कारण हैं, इनकी भी पड़ताल होनी चाहिए। लेकिन अफसोस है कि इन घटनाओं को केवल स्त्री बनाम पुरुष के खांचे में फिट कर देखा जाता है।

इंदौर के नवविवाहित जोड़े राजा और सोनम रघुवंशी का मामला पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में है। पहले इस जोड़े के मेघालय में लापता होने की खबर मिली। पुलिस ने जांच की तो एक घाटी में राजा का शव मिला, जबकि सोनम की कोई खबर नहीं थी। लेकिन फिर अचानक सोनम उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के एक ढाबे में आधी रात को पहुंची और फिर वहीं से फोन पर अपने परिजनों से बात की। पुलिस ने सोनम को हिरासत में लिया, क्योंकि उसे शक था कि सोनम ने ही राजा की हत्या करवाई है। मेघालय पुलिस ने पूरी जांच की और इस निष्कर्ष पर पहुंची कि यह प्रेम त्रिकोण का मामला था।

सोनम रघुवंशी मामले में मीडिया की भूमिका पर भी विचार होना चाहिए। पहले अपराध कथाएं मनोहर कहानियों जैसी पत्रिकाओं में प्रकाशित होती थीं और घरों पर अमूमन उन्हें बच्चों से दूर रखा जाता था कि ऐसी बातों का बुरा असर उनके नाजुक मन पर पड़ता है। लेकिन अब मुख्यधारा और सोशल दोनों तरह के मीडिया में यही प्रकरण छाया हुआ है। मुख्यधारा के मीडिया में अपराध की खबरों के लिए अलग बुलेटिन होता है, लेकिन जब देश-समाज के अन्य जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाना हो तो ऐसी खबरें चटखारों के साथ प्रस्तुत करना फायदेमंद होता है। मीडिया के माइक्स शिलांग के जिस गेस्ट हाउस में सोनम-राजा रघुवंशी ठहरे थे, वहां से लेकर सोनम के कथित मित्र राज कुशवाहा के घर तक ठूंसे जा चुके हैं। एक वीडियो आया है जिसमें राज कुशवाहा की मां अपील कर रही है कि पत्रकार उनके घर के भीतर इस तरह न आएं, लेकिन टीआरपी के गिद्धों की दृष्टि अपने शिकार पर लगी हुई है। इसी मीडिया ने सोनम को पुलिस के कहने के पहले ही अपराधी साबित करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी थी। जब राजा रघुवंशी की मां कह रही थी कि जांच पूरी होने दी जाए, हमें नहीं लगता कि सोनम ने ऐसा कुछ किया होगा, तब भी मीडिया सोनम को अपराधी बना चुका था। मीडिया ट्रायल का यह सिलसिला देश में लगातार जारी है और इस पर कोई अंकुश नहीं लग रहा यह चिंता की बात है।

उधर सोशल मीडिया पर चटखारों के साथ इस प्रकरण पर रील्स, मीम्स न जाने क्या-क्या परोसा जा रहा है। कोई सलमान खान का उदाहरण दे रहा है कि इसलिए भाई अकेले रहते हैं, कोई हम दिल दे चुके सनम के दृश्य दिखा रहा है। एक गंभीर घटना पर ऐसा ओछा रवैया दिखा रहा है कि समाज से संवेदनशीलता कितनी तेजी से खत्म होती जा रही है। खुद राजा रघुवंशी की बहन, जो कि सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर कही जाती है, उसने राजा की शादी की तैयारियों के कई वीडियो और रील्स पोस्ट किए, साथ ही उसके साथ पार्श्व में संगीत देकर अपने दिवंगत भाई को याद किया। एक बहन ने अपने भाई को असमय खोया है, यह बड़ा दुख है, लेकिन क्या इस मौके पर भी सोशल मीडिया को जरिया बनाकर भावानएं प्रकट की जानी चाहिए, यह सोचने वाली बात है। तमाम सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स स्त्री स्वतंत्रता को लेकर की गई भद्दी टिप्पणियों से भरे हुए हैं, जिन्हें देखकर चिंता होती है कि स्त्री अधिकारों के लिए जो अथक संघर्ष किया गया है, कहीं इन घटनाओं की आड़ लेकर उसे खारिज न किया जाए।

आखिरी बात, सोनम से मिलकर लौटे उसके भाई गोविंद ने राजा की मां से गले लगकर दुख प्रकट किया और पूरे परिवार से माफी मांगते हुए कहा कि उनकी बहन ने गलत किया है, मगर मैं अब से आपके परिवार का हिस्सा हूं। राजा की मां ने भी कहा है कि इसमें गोविंद की कोई गलती नहीं है। अमूमन ऐसे प्रकरण के बाद दो परिवारों में आजीवन कड़वाहट कायम हो जाती है। यहां आगे क्या होगा, यह कहा नहीं जा सकता। मगर इस समय जो बड़प्पन, माफी मांगना और माफ करने की उदारता दिखाई गई है, वह समाज में आगे अच्छा होने की उम्मीद बंधाती है।

# प्रधानमंत्री का निर्देश और रियल एस्टेट में पारदर्शिता की आवश्यकता

■ अरुण कुमार डनायक

प्रधानमंत्री मोदी जी ने हाल ही में हुई 'प्रगति' (प्रो-एक्टिव गवर्नेंस एंड टाईमली इम्प्लीमेनटेशन) बैठक में भू-संपदा (विनियमन और विकास) अधिनियम (रेरा) के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि अधिनियम का सख्त अनुपालन परियोजनाओं की गुणवत्ता, समय पर डिलीवरी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। उन्होंने सभी राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे रेरा के तहत सभी रियल एस्टेट परियोजनाओं का अनिवार्य पंजीकरण करें और उपभोक्ता शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें।

भारत में घर केवल एक संपत्ति नहीं, बल्कि सुरक्षा, सम्मान और स्थायित्व का प्रतीक होता है—हर मध्यमवर्गीय परिवार का सबसे बड़ा सपना। लेकिन आज यह सपना रियल एस्टेट की उलझनों में फंसा हुआ है। अधूरी परियोजनाएं, कब्जे में देरी और लगातार बढ़ती शिकायतें लाखों गृह-क्रेताओं की नियति बन चुकी हैं। समय पर निर्माण न होने से न सिर्फ लागत बढ़ती है, बल्कि उपभोक्ता दोहरी मार झेलते हैं—किराए और होम लोन की। 'प्रगति' जैसे उच्च-स्तरीय ई-गवर्नेंस मंच पर इस मुद्दे का उभरना रियल एस्टेट क्षेत्र में व्याप्त गंभीर समस्याओं को रेखांकित करता है।

यदि 'घर' को 'भरोसे' से जोड़ना है, तो कानून, प्रशासन और निजी क्षेत्र को मिलकर उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करनी होगी — यही विश्वास इस क्षेत्र की असली बुनियाद बनेगा। उपभोक्ताओं का विश्वास और बिल्डरों की ईमानदारी साथ मिलकर ही एक जवाबदेह और न्यायपूर्ण आवास व्यवस्था की नींव रखी जा सकती है। रेरा को बिल्डरों के खिलाफ कठोर कदम, जैसे दंडात्मक कार्रवाई, जुर्माना, बैंक खातों पर रोक, या पंजीयन रद्द करना, अंतिम उपाय के रूप में अपनाना चाहिए। इसके बजाय,पहले चरण में सुधारात्मक और नियामक उपायों पर ध्यान देना अधिक प्रभावी होगा।

2016 में लागू रेरा का उद्देश्य रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, बिल्डरों की जवाबदेही और उपभोक्ता अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना है। परंतु व्यवहार में रेरा अनेक चुनौतियों से घिरा है—सीमित अधिकार, जटिल अपील प्रक्रियाएं, सेवानिवृत नौकरशाहों की नियुक्ति, पेशेवर हितसाधकों एवं व्यवसाय विशेषज्ञों की कमी और राजनीतिक हस्तक्षेप इसके प्रभाव को कमजोर करते हैं।

बिल्डरों को असंवेदनशील नौकरशाही की प्रशासनिक बाधाओं, जटिल अनुमोदन प्रणाली, पक्षपातपूर्ण निर्णय और वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है, जिससे परियोजनाएं लटक रही हैं। परिणामस्वरूप, रेरा के तहत पंजीकृत परियोजनाएं कम हैं, लेकिन शिकायतें अधिक, जो इसके कमजोर क्रियान्वयन को उजागर करता है।

सराहनीय उद्देश्य के बावजूद रेरा की क्रियान्वयन क्षमता सीमित है। रेरा अधिकारियों के पास सीमित दंडात्मक शक्ति तो है, लेकिन उनकी सिफारिशों को लागू कराने का कोई ठोस तंत्र नहीं है। राज्य सरकारों द्वारा रेरा को गंभीरता से लागू न करने के कारण यह कानून निष्प्रभावी हो गया है। आदेशों की अवहेलना होने पर उपभोक्ता को वर्षों की कानूनी प्रक्रिया के लिए न्यायालय जाने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहता, और कई बार रेरा के वरिष्ठ अधिकारी ही आवंटियों को हाईकोर्ट जाने की सलाह देते हैं।

रेरा, बिल्डर का पंजीकरण रद्द होने की स्थिति में, आवंटितियों को संगठित करउनकी संस्था द्वारा शेष निर्माण कार्य पूरा करने की अनुमति दे सकता है। व्यावहारिक रूप से बिल्डर के सहयोग के बिना अनुभवहीन आवंटियों के लिए पंजीकृत संस्था बनाना और मार्टगेज भूसंपत्ति का पंजीकरण कराना कठिन होता है।यह प्रक्रिया प्राय: लालफीताशाही की जटिलताओं में उलझकर रह जाती है।

रेरा अक्सर अधूरे निर्माण कार्यों को बिना लाभ के पूर्ण करने का दायित्व राज्यों के अर्ध-शासकीय निकायों, जैसे गृह निर्माण मंडल, को सौंपता है। ये निकाय प्राय: रेरा के आदेशों का पालन नहीं करते, और शासन स्तर पर भी कोई प्रभावी हस्तक्षेप नहीं होता।

रेरा अक्सर आवंटियों के पक्ष में निर्णय देता है, लेकिन बिल्डर से राशि वसूलने में गृह खरीदारों को प्रशासनिक सहायता नहीं मिलती। क्रेता जिलाधिकारी कार्यालय में रिकवरी रेवेन्यू सर्टिफिकेट दाखिल कर वसूली शुरू कर सकता है, लेकिन यह प्रक्रिया बेहद धीमी और अप्रभावी है। जब सरकार स्वयं कर वसूली में असमर्थ है, तो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा ईश्वर के भरोसे ही रह जाती है। रेरा में पदस्थ पूर्व नौकरशाह भी क्रेताओं के हित में जिला प्रशासन पर अपने प्रशासनिक रसूख का उपयोग कर वसूली हेतु दबाव नहीं बनाते।

रेरा के प्रावधानों में एक महत्वपूर्ण विसंगति यह है कि अपीलीय अधिकरण द्वारा दिया गया निर्णय सिविल न्यायालय की डिक्री की तरह निष्पादनीय होता है, लेकिन रेरा में नियुक्त न्यायनिर्णायक अधिकारी को यह अधिकार प्राप्त नहीं है कि वह परिवाद की सुनवाई के बाद सिविल न्यायालय के समकक्ष निर्णय दे सके। यह विसंगति रेरा की प्रथम स्तर की कार्यवाही की प्रभावशीलता को सीमित करती है और आवंटितियों को त्वरित न्याय प्राप्त करने में बाधा उत्पन्न करती है।

रेरा को बिल्डर, आबंटी या रियल एस्टेट एजेंट से आवश्यक जानकारी मांगने और जांच करने का अधिकार है। जांच के बाद, यह दीवानी आदेश जारी कर सकता है, लेकिन आपराधिक कार्रवाई शुरू नहीं कर सकता । धोखाधड़ी के मामलों में पुलिस केस दर्ज करने के लिए आबंटियों को स्वतंत्र रूप से भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई करनी पड़ती है।

प्रधानमंत्री का रियल एस्टेट क्षेत्र में हस्तक्षेप सुधारों की दिशा में प्रेरणादायक और सकारात्मक कदम है। यह हस्तक्षेप रेरा के प्रभावी क्रियान्वयन, बिल्डरों की जवाबदेही सुनिश्चित करने, शिकायतों के त्वरित समाधान और गृह खरीदारों के लिए समयबद्ध मुआवजा प्रदान करने की दिशा में आशा जगाता है। फिर भी, प्रशासनिक देरी, जटिल मंजूरी प्रक्रियाओं, और आपराधिक कार्रवाई की सीमाओं जैसे मुद्दों को दूर करने के लिए और अधिक समन्वित प्रयासों की जरूरत है। यह कदम एक महत्वपूर्ण शुरुआत है, लेकिनअभी लंबा सफर तय करना बाकी है। रेरा को सख्ती से लागू करने का केंद्र का निर्देश उपभोक्ता-हितैषी मंशा को दर्शाता है, लेकिन अब राज्यों की जिम्मेदारी है कि वे स्थानीय विकास प्राधिकरणों की जवाबदेही सुनिश्चित करें और निगरानी व्यवस्था को मजबूत करें।

यदि 'घर' को 'भरोसे' से जोड़ना है, तो कानून, प्रशासन और निजी क्षेत्र को मिलकर उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करनी होगी — यही विश्वास इस क्षेत्र की असली बुनियाद बनेगा। उपभोक्ताओं का विश्वास और बिल्डरों की ईमानदारी साथ मिलकर ही एक जवाबदेह और न्यायपूर्ण आवास व्यवस्था की नींव रखी जा सकती है। रेरा को बिल्डरों के खिलाफ कठोर कदम, जैसे दंडात्मक कार्रवाई, जुर्माना, बैंक खातों पर रोक, या पंजीयन रद्द करना, अंतिम उपाय के रूप में अपनाना चाहिए। इसके बजाय,पहले चरण में सुधारात्मक और नियामक उपायों पर ध्यान देना अधिक प्रभावी होगा। रेरा को बिल्डरों और क्रेताओं के बीच गांधीजी के अहिंसक, मध्यस्थता, और आपसी सुलह आधारित दृष्टिकोण अपनाकर रियल एस्टेट क्षेत्र में निष्पक्षता, पारदर्शिता, और विकास को बढ़ावा देना चाहिए। यह क्रेताओं के हितों की रक्षा के साथ-साथ क्षेत्र के समग्र विकास को प्रोत्साहित करेगा। सौहार्दपूर्ण समाधान और विश्वास बढ़ाने के लिए रेरा को चाहिए कि वह भू संपदा विशेषज्ञों के साथ समयबद्ध मध्यस्थता सत्र आयोजित करे, बिल्डरों को सुधार का अवसर दे, आपसी सहमति पर आधारित पंचायत-शैली के फैसलों से विवाद सुलझाए, और क्रेताओं व बिल्डरों के लिए रेरा नियमों हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाए।

**( लेखक गांधी विचारों के अध्येता व समाज सेवी हैं )**

## आपके पत्र

### अब यही मेरी दुनिया है 'एक स्त्री की चुपचाप क्रांति'

स्त्री—वह शब्द जिसे कहते तो हम 'जननी', 'धैर्य की मूर्ति', 'संसार की आधारशिला' हैं, लेकिन जब वही स्त्री अपने अधिकार, सम्मान और भावनात्मक सहारे की बात करती है तो समाज उसे 'सहनशील' बने रहने की सलाह दे डालता है। एक बेटी जब विदा होती है, तो उसके साथ भावनाओं की एक पूरी दुनिया भी उसकी ससुराल चली जाती है। पर क्या यह विदाई केवल भौतिक होती है? या एक गहरी मानसिक क्रांति की शुरुआत?

हर स्त्री का मायका उसके जीवन की पहली पाठशाला होता है। वहीं उसने चलना, बोलना, हँसना, डरना और दुनिया को देखना सीखा। पर एक बार विवाह के बाद, वही मायका धीरे-धीरे 'अतीत' बन जाता है। अब वह 'बेटी' नहीं, 'बहू' होती है। उसे मायके जाना 'ज्यादा नहीं शोभा देता'। वहाँ के दु:ख में वह 'मेहमान' बन जाती है और अपने ही घर में 'अजनबी'।

वह जानती है कि अब वह कभी उस गोद में सिर नहीं रख सकती जिसे कभी माँ की ममता कहा जाता था। अब उसके आँसू पोछने के लिए भाई की बाँह नहीं है। अब वह किसी को नहीं कह सकती कि 'मैं थक गई हूँ', क्योंकि अब उसे ही सबको संभालना है।

वह हर रिश्ते को पूरी निष्ठा से निभाती है। चाहे सास का मान हो या पति की सेवा, बच्चों की परवरिश हो या घर की हर छोटी-बड़ी ज़िम्मेदारी—वह सब कुछ करती है। लेकिन इस प्रक्रिया में उसके अपने सपने, इच्छाएँ और भावनाएँ धीरे-धीरे बेमानी हो जाती हैं।

रिश्तों में दिलचस्पी की जगह अब ज़रूरतें रह जाती हैं। अब वह बहू है, माँ है, पत्नी है, लेकिन शायद 'बेटी' अब सिर्फ एक स्मृति बन चुकी है। उससे अपेक्षा की जाती है कि वह मुस्कुराती रहे, चाहे भीतर कितनी ही आँधियाँ क्यों न चल रही हों।

जब कोई कहता है, 'बेटी थक गई होगी,' तो एक मौन गूंजता है-न कोई आवाज़, न कोई शिकायत। क्योंकि उसे मालूम है कि उसकी थकान का कोई मोल नहीं। वह आँसू भी अपने आँचल से ही पोंछ लेती है और खुद को समझा लेती है, 'अब यही मेरी दुनिया है।'

यह चुप्पी हार नहीं है, यह एक हथियार है—संघर्ष का, संयम का, और शायद क्रांति का भी। यह वही चुप्पी है जो स्त्रियों को सहने की नहीं, समझने की शक्ति देती है। यह चुप्पी उन्हें टूटने नहीं देती, बल्कि उनके भीतर एक औरत से 'नायिका' बनने की प्रक्रिया को जन्म देती है।

स्त्रियाँ उस घर को 'अपना' मान लेती हैं, जहाँ उन्हें केवल भूमिका निभानी होती है। अपने मन की बात कहने की जगह नहीं होती, बस जिम्मेदारियों का पहाड़ होता है। ऐसे में अगर किसी दिन वह सिर्फ इतना कह दे कि 'मुझे भी थोड़ी देर बैठना है', तो घर में खलबली मच जाती है।

उसे हमेशा दूसरों के सुख में खुश होना सिखाया गया है। खुद के दु:खों को जीने की इजाज़त नहीं। वह घर की लक्ष्मी तो बनती है, पर मन की रानी शायद ही कभी।

हम कहते हैं कि औरतें आज आत्मनिर्भर हो गई हैं। वे ऑफिस जाती हैं, पैसा कमाती हैं, निर्णय लेती हैं। पर क्या मानसिक रूप से उन्हें वह स्पेस, वह सुरक्षा, वह 'अपनेपन' का वातावरण मिला है?

वह बिना मायके के भी जीना सीख गई है। यह वाक्य सिर्फ शब्द नहीं, बल्कि एक पूरी यात्रा का सार है। वह जानती है कि अब किसी का कंधा नहीं मिलेगा। वह अपने आँचल को ही तकिया बना लेती है और अपनी पीठ खुद थपथपा लेती है।

स्त्री को एक बहू, पत्नी या माँ बनकर जीने के लिए कहा जाता है, लेकिन कोई नहीं पूछता कि वह एक 'व्यक्ति' के रूप में क्या चाहती है? उसकी भावनाएँ, इच्छाएँ, सपने- क्या वो सबकुछ शादी के साथ खत्म हो जाने चाहिए?

**-प्रियंका सौरभ**



## ललित सुरजन की कलम से

### यात्रा वृत्तांत: बूढ़ा पीपल और बूढ़ा पुल

*'बक्सर में भी तीन स्थान दर्शनीय हैं। एक तो यहां का पांच सौ साल पुराना किला है जो गंगा किनारे है। किला लगभग नष्ट हो चुका है या कर दिया गया है। अब किले की जगह सरकारी अधिकारियों के लिए भव्य विश्रामगृह बन गया है। कहीं-कहीं किले के खंडहर बचे हैं। इसके चारों ओर कई फीट चौड़ी, कई फीट गहरी खाई थी, वह भी शनै:शनै: पाट दी गई है। कुछ प्राचीन वृक्ष अवश्य बच गए हैं। पीपल का एक वृक्ष देखकर मैं चमत्कृत रह गया। इतना मोटा तना और इतनी ऊंची फुनगी। पेड़ शायद दो सौ साल पुराना होगा! किले के बाहर ही सीताराम उपाध्याय संग्रहालय है जिसे राज्य सरकार संचालित करती है। श्री उपाध्याय ने अपनी निजी रुचि से आसपास से पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं का संग्रह व संरक्षण बिना सरकारी मदद के प्रारंभ किया था। उन्हें दूसरे तो क्या, स्वजन भी खब्ती समझते थे। आज उनका वह संग्रह एक बेशकीमती खजाने के रूप में हमारे सामने है, जिसमें ढाई-तीन हजार वर्ष पूर्व की मूर्तियां व अन्य सामग्रियां हैं। किले से मैं दुखी मन बाहर निकला था, म्यूजियम देखकर दुख दूर हुआ।'*

*'बक्सर में तीसरा दर्शनीय स्थान हैं- कतकौली का मैदान। यहां अक्टूबर 1764 में ब्रिटिश सेनाओं ने अवध व बंगाल के नवाब की सेना को निर्णायक रूप से परास्त कर समूचे पूर्वी भारत पर अपना कब्जा स्थापित कर लिया था। अंग्रेजों ने यहां हिंदी, बांग्ला, अंग्रेजी व उर्दू में अपनी जीत की घोषणा के प्रस्तर-फलक लगाने के साथ एक विजय स्तंभ भी खड़ा किया था। विजय स्तंभ कालांतर में क्षतिग्रस्त हुआ होगा, लेकिन न जाने कब किसने वहीं एक नया विजय स्तंभ खड़ा कर दिया गया जिस पर मोज़ेक टाइल्स जड़े गए थे! वे टाइल्स एक-एक उखड़ रहे हैं, लेकिन अंग्रेजों की जीत का स्तंभ नये सिरे से खड़े करने की बुद्धिमानी हमने क्यों दिखाई? लोकप्रिय कम्युनिस्ट नेता नागेंद्रनाथ झा ने सांसद निधि से स्मारक की चारदीवारी बनवा दी थी कि अतिक्रमण न हो। वह एक समझदारी का काम था। लेकिन आसपास अवैध कब्जे बदस्तूर हो रहे हैं। एक दिन हम भूल जाएंगे कि इस जगह पर भारत का एक बड़ा भूभाग दो सौ साल के लिए गुलाम बना लिया गया था। मेरे गाइड युवा पत्रकार पंकज भारद्वाज ने रास्ते में मुझे वह नहर भी दिखाई, जिसमें कभी स्टीमर चला करते थे, लेकिन जिसे पाट कर अब मकान बन रहे हैं।'*

**( देशबन्धु में 05 अक्टूबर को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/10/blog-post.html

## गुरवाणी विचार

### बंदी छोड़ दातार गुरु हरगोविंद जी

मीरी पीरी के मालिक बंदी छोड़ दातार का जन्म 14 जून 1595 ई. में हुआ था। आपकी आपकी माता का नाम गंगाजी और गुरु अर्जुनदेव जी के सुपुत्र थे। गुरु घर के अनन्य सेवक बाबा बुड्ढा जी के आशीर्वाद से दल भंजन गुरु सूरमाजी रा प्रकाश हुआ था। आप 1606 को अर्जुन देव जी के ज्योति जोत समाने के बाद गुरु के आज्ञानुसार गुरुनानक की गद्दी रे थछवें वारिस बने। आपने दो तलवारें रखे एक मीरी सांसारिक क्षेत्र के साथ संबंधित है। और दूसरी पीरी जो आध्यात्मिक क्षेत्र के साथ। जहां मीरी सामाजिक भूख की तृप्ति करती है वहीं पीरी आध्यात्मिक भूख की अर्थात कीरत करनी नेक कमाई करनी मीरी है और नाम जपना पीरी है।

अपने पिता अर्जुन देव के आदेशानुसार आपने सिख मत के फौजीकरण का ऐलान किया। गुरुदेव ने अपनी साध संगत को संत सिपाही बनाने के लिए शस्त्रधारी होने का आदेश दिया। गुरुदेव ने इसके लिए समस्त साध संगत को अमृतसर में बुलाया और वे अपने साथ अच्छे हथियार और घोड़े नजराने के साथ ले आएं। आरने कुठ अच्छी नस्ल के घोड़े खरीदने के लिए कुछ सिखों को भेजा। शस्त्र विद्या सीखने का प्रबंध भी किया। जिससे बहुत जल्दी ही आपके पास एक बहादुर फौज तैयार हो गई। सिख मत में अहिंसा परमोधर्म: आदर्श संस्कार नहीं है। किन्तु जुल्म जबरदस्ती के विरुद्ध आवाज उठाना और संघर्ष करना धर्म है। फौजीकरण का अगला पड़ाव था अकालतख्त की स्थापना करना। 1606 ई.में ही आपने हरमिंदर साहिब अमृतसर के सामने ही अकाल तख्त का निर्माण करवाया। जिसमें बाबा बुड्ढा जी और भाई गुरदासजी ने स्वयं अपने हाथों से तख्त का निर्माण किया जो दुनिया में पहला अकाल तख्त था। इस तरह इस दरबार में लोगों के झगड़े अन्य समस्याएं सुलझने लगे। हुक्मनामे जारी किये गए जिसके कारण कुछ विघ्न संतोषियों को यह पसंद नहीं आया और वे बादशाह जहांगीर के कान भरने लगे कि काफी फौज इकट्ठी कर ली है कहीं आपकी गद्दी न छीन लें अपने पिता की शहादत का बदला लेने के लिए। इस पर बादशाह जहांगीर ने गुरु को दिल्ली बुला भेजा। आप फतवा जारी कर दिया 12 साल की सजा सुना कर ग्वालियर के किले में कैद कर लिया गया जहां पहले से 52 राजाओं को कैद कर रखा गया था। दो साल बाद बादशाह को अपनी भूल का अहसास हुआ उन्होंने 1611 में उन्हें रिहा करने का हुक्म दिया। परन्तु गुरुदेव ने अपने साथ उन 52 राजाओं को को रिहा करने को कहा। इस पर जहांगीर ने शर्त रखी कि जो आपका पल्ला पकड़ कर बाहर निकल सकें उन्हें रिहा कर दिया जाएगा। इस पर आपने 52 कलियों वाला चोला बनवाया (कुरता) बनवाया और प्रत्येक राजा को एक-एक कली पकड़ा कर बाहर निकाल लिया। इस तरह आप बंदी छोड़ दातार कहलाए।

उनकी याद में आज भी ग्वालियर के किले गुरुद्वारा सुशोभित है। बाद में बादशाह जहांगीर से आपकी अच्छी दोस्ती हो गई। आपने अपने जीवनकाल में सत्य और न्याय की रक्षा के लिए चार धर्मयुद्ध भी किए। आपने गोविंदपुरी और करतारपुर में मस्जिदों का भी निर्माण कराया। गुरुदेव अपना जीवन शांति के साथ व्यतीत करना चाहते थे वे शिकालिक पहाड़ियों में कीरतपुर में विराजे और आपने जीवन केआखिरी दस साल संगत और पंगत का प्रवाह चलाते रहे। देग तेग फते करते रहे। आपके प्रकाशोत्सव पर शत शत नमन।

**-इंदर सिंह आहुजा**

मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने की मीडिया से चर्चा, कहा-

# सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहे प्रधानमंत्री मोदी के 11 साल




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पद संभालने के बाद कई कड़े फैसले लिए और तुष्टिकरण की राजनीति को समाप्त कर दिया। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ऐतिहासिक फैसले लिए जो पहले कभी नहीं हुए। जो काम अर्थव्यवस्था के डॉक्टर नहीं कर सके वे काम प्रधानमंत्री मोदी ने कर दिखाया। आज आर्थिक, सामरिक, कूटनीतिक सहित हर क्षेत्र में भारत का डंका बज रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की लोकतांत्रिक यात्रा पिछले 11 वर्षों में एक स्वर्णिम युग के रूप में दर्ज हो चुकी है। यह वह कालखंड है, जब देश ने प्रधानमंत्री मोदी के कुशल, दूरदर्शी और जन-समर्पित नेतृत्व में विकास, समावेशन और आत्मनिर्भरता की नई गाथा लिखी है।

डॉ. यादव आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आने के बाद राजनीतिक व्यवस्था में सकारात्मकता, पारदर्शिता और परिणाम का समावेश हुआ। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में बहुमत न होते हुए भी पूरे देश में जीएसटी लागू किया। प्रधानमंत्री ने तीन तलाक विरोधी कानून बनाकर मुस्लिम बहनों को परेशानियों से मुक्ति दिलाई। न्यायालय की महत्ता को स्थापित करते हुए उन्होंने सदियों पुराने राम मंदिर विवाद का पटाक्षेप किया और अयोध्या में राम मंदिर के भूमिपूजन से लेकर उसका लोकार्पण भी किया। डॉ. यादव ने कहा कि मोदी जी ने बड़ी सहजता से धारा 370 समाप्त कर दी। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में मुस्लिम देशों में भी भारत के प्रति अनुकूलता आई है। पड़ोसी देशों और दुनिया में भारत की छवि बदली है। डॉ. यादव ने कहा कि 1947 में आजादी के समय भारत दुनिया की 15 वें नंबर की अर्थव्यवस्था वाला देश था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में प्रति व्यक्ति आय में 67 प्रतिशत, विदेशी मुद्रा भंडार में 135 प्रतिशत, टैक्स पेयर आधार में 127 प्रतिशत और टैक्स कलेक्शन में 238 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने देश के स्वर्ण भंडार में 100 टन की वृद्धि की है और बैंक ऑफ इंग्लैंड में देश का अब सिर्फ 300 टन सोना रह गया है। बाकी सोना वापस भारत पहुंच चुका है। पहले हम विमान वाहक पोत से लेकर अन्य हथियार तक विदेशों से खरीदते थे। लेकिन आज हम 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के प्रोत्साहन के फलस्वरूप हमारे वैज्ञानिक काफी कम समय में कोविड की वेक्सीन बनाने में सफल रहे, वहीं चंद्रयान की चंद्रमा पर सफल लैंडिंग भी इसका उदाहरण है। डॉ. यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने देश में 6 करोड़ शौचालय बनाए। करोड़ों गरीब बहनों को उज्जवला योजना में गैस कनेक्शन दिए।

डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान मध्यप्रदेश भी विकास के रास्ते पर तेजी से कदम बढ़ रहा है। तीसरी के बाद अब चौथी रेल लाइन का काम शुरू हो चुका है। वहीं, प्रदेश के इंदौर से मनमाड़ तक अठ्ठारह हजार करोड़ की रेल परियोजना पर काम शुरू हो चुका है, जिससे मुंबई जाने वाले गाड़ियों का लगभग 250 किलोमीटर का फेर बचेगा। सतना और दतिया को मिलाकर हमारे पास 8 एयरपोर्ट हैं, वहीं कई अन्य अभी पाइपलाइन में हैं। नदी जोड़ो अभियान के अंतर्गत केन-बेतवा लिंक परियोजना का भूमिपूजन हो चुका है। इस दौरान पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, विधायक रामेश्वर शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल एवं जिला अध्यक्ष रविंन्द्र यति मंच पर उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री गरीबों के जीवन बदलने का कार्य कर रहे हैं : शर्मा

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीबों के जीवन बदलने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के प्रधान सेवक के पद की शपथ ली, उसके बाद हर निर्णय में प्रधानमंत्री ने यह साबित किया कि योजनाओं के माध्यम से भारत के हर व्यक्ति के जीवन को बदलने का कार्य किया जा रहा है। आजादी के 70 साल बाद तक लाखों की संख्या में गरीब के सिर पर पक्की छत नसीब नहीं थी। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी ने 4 करोड़ से अधिक पक्के आवास बनाकर गरीबों को पक्की छत देने का कार्य किया है। गरीबों के साथ 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के माध्यम से 5 लाख तक के निःशुल्क इलाज की गारंटी देकर उनका जीवन खुशहाल बनाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि विश्व बैंक द्वारा रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी दर 27.1 से घटकर 5.3 पर आ गई है। यह इतिहास अगर किसी के नेतृत्व में बना है तो वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। ऑपरेशन सिंदूर में विश्व ने भारत की ताकत को देखा है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने पूरी दुनिया को यह संदेश दिया है कि भारत एक आर्थिक शक्ति के साथ सक्षम सामरिक शक्ति वाला देश है। 3 तलाक को समाप्त करना हो या जीएसटी कानून लागू करना, सांस्कृतिक पुनरूद्धार और धार्मिक जागरण के मुद्दे हो इस विषयों पर ऐतिहासिक निर्णय प्रधानमंत्री मोदी ही ले सकते थे। प्रधानमंत्री ने डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा दिया, आज भारत में 49 प्रतिशत ट्रांजेक्शन अब डिजिटली हो रहा है। प्रधानमंत्री ने गरीबी हटाने से लेकर 55 करोड़ जन-धन बैंक खाते खोलकर डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर योजना के माध्यम से भ्रष्टाचार पर शत-प्रतिशत रोक लगाई है।

प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की दिल्ली में हुई बैठक, मीडिया से बोले पार्टी नेता

# ग्वालियर उच्च न्यायालय परिसर में बाबा साहेब की मूर्ति स्थापना की अनुमति दे सरकार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के ग्वालियर में उच्च न्यायालय के सामने बाबा साहेब अम्बेडकर की मूर्ति को स्थापित करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) ने जानबूझकर विवाद पैदा किया है और संविधान की रक्षा के लिए केंद्र तथा राज्य की भाजपा सरकार को इस पर विवाद करने की बजाए बाबा साहेब की मूर्ति को स्थापित करने की इजाजत देनी चाहिए।

कांग्रेस के मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी तथा राज्यविधान सभा में विपक्ष के नेता उमंग सिंगहार ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ग्वालियर में बाबा साहेब की मूर्ति स्थापित न हो इसको लेकर जानबूझकर विवाद किया जा रहा है और इसके जरिए भाजपा सरकार मुद्दों से ध्यान भटकाकर वर्ग संघर्ष कराना चाहती हैं। पार्टी नेताओं ने कहा कि बाबा साहेब की मूर्ति वहां लगनी चाहिए, लेकिन आरएसएस ने सोची-समझी साजिश के तहत विवाद उत्पन्न कर दिया और संघर्ष पैदा करना चाहते हैं इसलिए रणनीति के तहत बाबा साहेब की मूर्ति स्थापना पर विवाद करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माण में बाबा साहेब के योगदान को कांग्रेस पार्टी और पूरा देश मानता है क्योंकि जो अधिकार लोगों को मिले हैं, वह बाबा साहेब की देन हैं। उन्होंने केंद्र तथा राज्य की भाजपा सरकार से हाई कोर्ट परिसर में बाबा साहेब की मूर्ति स्थापित करने में जो बाधा को हल करने की दिशा में कदम उठाने चाहिए।

भाजपा आरएसएस को दलित विरोधी करार देते हुए उन्होंने कहा कि आज तक आरएसएस के जितने सरसंघसंचालक बनें, उनमें से एक भी दलित, आदिवासी समाज से नहीं रहा। इससे स्पष्ट होता है कि ये दलितों-आदिवासियों को सम्मान नहीं देना चाहते हैं। भाजपा-आरएसएस के लोग इतिहास को बदलना चाहते हैं और राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने वाले महान लोगों के विचारों को खत्म करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा-आरएसएस के लोग हमेशा राष्ट्रहित और देशभक्ति की बात करते हैं, लेकिन जब बाबा साहेब की मूर्ति की स्थापना होनी है, तब इनकी देशभक्ति कहीं चली जाती है। भाजपा देश में 'फूट डालो-राज करो' और एक सोची-समझी रणनीति के तहत देश का इतिहास बदलना चाहती है, लेकिन कांग्रेस पार्टी की सोच उन सभी नेताओं के विचारों के साथ खड़ी है, जिन्होंने देश बनाया। कांग्रेस पार्टी देश के हर व्यक्ति और समाज का सम्मान करती है।

# पुलिस ने 5 बांग्लादेशी प्रवासियों पर की कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को अवैध अप्रवासियों के खिलाफ चल रहे एक विशेष अभियान के तहत पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार इलाके से अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी नागरिकों पर कार्रवाई की। इनमें तीन नाबालिग भी शामिल हैं। सभी भारत-बांग्लादेश सीमा स्थित नदी के रास्तों से अवैध रूप से भारत में दाखिल हुए थे और आनंद विहार में छिपकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहे थे। पूर्वी जिला पुलिस ने अवैध अप्रवासियों की पहचान और उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया था।

# राजभवन में सेवानिवृत व स्थानांतरित अधिकारियों को दी विदाई



**भोपाल, देशबन्धु।** राजभवन में नवीन पदस्थ अधिकारी का स्वागत, स्थानांतरित एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों की विदाई का संयुक्त समारोह आयोजित किया गया। स्थानांतरित एवं सेवानिवृत्त अधिकारियों को स्मृति प्रतीक के रूप में अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

समारोह में राज्यपाल के स्थानांतरित परिसहाय शशांक को विदाई और नव पदस्थ परिसहाय नरेन्द्र रावत का स्वागत किया गया। राजभवन सचिवालय में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी डॉ. राजकुमार जैन को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। राजभवन के अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके साथ कार्य के अनुभवों को साझा किया। दोनों अधिकारियों ने राजभवन कार्यकाल के दौरान सभी के सहयोग के प्रति आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर सचिव उमाशंकर भार्गव ने परिसहाय शशांक के कार्यकाल के अनुभव को साझा करते हुए नई प्रशासनिक ज़िम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएँ दी। सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. जैन को सुखी और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी।

आयुक्त नगरीय प्रशासन ने दिये निर्देश

# नगरीय क्षेत्र में जर्जर भवन मालिकों के विरूद्ध करें कार्रवाई

**भोपाल, देशबन्धु।** नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि वे अपने क्षेत्रों में जर्जर भवनों की सूची तैयार करें और मानसून आने के पहले जिला प्रशासन के सहयोग से जर्जर भवनों को गिराने की कार्रवाई करें। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित नागरिकों के उचित विस्थापन किये जाने के भी निर्देश दिये हैं।

आयुक्त ने यह कार्यवाही नगर निगम अधिनियम और नगर पालिका अधिनियम के अंतर्गत सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को आगाह किया है कि सतर्कता के साथ की गई कार्यवाही से जनधन हानि से बचा जा सकता है। आयुक्त ने जर्जर भवनों की सूची तत्काल संबंधित जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को उपलब्ध कराने के लिये कहा है।

आयुक्त नगरीय प्रशासन ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को अपने शहरी क्षेत्र के नाले-नालियों की साफ-सफाई प्राथमिकता से करवाने के लिये कहा है। उन्होंने कहा कि नाले-नालियों की उचित साफ-सफाई न होने की वजह से जल भराव की स्थिति निर्मित होती है। इस वजह से नागरिकों को तकलीफ का सामना करना पड़ता है। आयुक्त श्री भोंडवे ने नगरीय निकायों को सफाई कार्य की अपने स्तर पर सतत समीक्षा करने के लिये भी कहा है।

# 59 तहसीलदार और प्रभारी तहसीलदार इधर से उधर

**भोपाल, देशबन्धु।** राजस्व विभाग ने प्रदेश में थोकबंद तबादले किए हैं। जिसके तहत 59 तहसीलदार और प्रभारी तहसीलदारों के तबादले किए गए हैं। विभाग द्वारा जारी सूची के मुताबिक अरविंद शर्मा प्रभारी तहसीलदार छतरपुर से भिण्ड, मोहित जैन प्रभारी तहसीलदार दमोह से सागर, अजेन्द्र नाथ प्रजापति प्रभारी तहसीलदार भिण्ड से नीमच, धर्मेन्द्र कुमार चौकसे तहसीलदार छिंदवाड़ा से इंदौर, हर्ष विक्रम सिंह प्रभारी तहसीलदार रायसेन से भोपाल, नीरज कालमेघ प्रभारी तहसीलदार भोपाल से संपदा संचालनालय भोपाल, पंकज नयन तिवारी प्रभारी तहसीलदार डिण्डौरी से उमरिया, प्रवीण पाटीदार प्रभारी तहसीलदार सागर से धार, सतेन्द्र सिंह गुर्जर प्रभारी तहसीलदार धार से इंदौर, राजेश कुमार सोनी तहसीलदार नीमच से इंदौर, गोविंद सिंह ठाकुर प्रभारी तहसीलदार टीकमगढ़ से इंदौर, ललिता गडरिया प्रभारी तहसीलदार बुरहानपुर से धार, प्रेमलता पाल प्रभारी तहसीलदार श्योपुर से विदिशा, सुनील सिंह भदौरिया प्रभारी तहसीलदार अशोकनगर से दतिया, संदीप तिवारी प्रभारी तहसीलदार छतरपुर से सागर, अवधेश यादव प्रभारी तहसीलदार विदिशा से देवास, विनीत गोयल प्रभारी तहसीलदार ग्वालियर से राजगढ, मीनाक्षी जायसवाल प्रभारी तहसीलदार सतना से सीधी, सुश्री सोनम शर्मा प्रभारी तहसीलदार शाजापुर से अशोकनगर, महेन्द्र चौहान प्रभारी तहसीलदार सागर से नर्मदापुरम्, ऋतु भार्गव प्रभारी तहसीलदार सीहोर से कार्यालय राहत आयुक्त भोपाल, लक्ष्मी प्रसाद अहिरवार प्रभारी तहसीलदार अशोकनगर से छतरपुर, गजेन्द्र सिंह लोधी प्रभारी तहसीलदार गुना से सीहोर, सौरभ वर्मा प्रभारी तहसीलदार सीहोर से भोपाल, रूपेश्वरी कुंजाम प्रभारी तहसीलदार छिंदवाड़ा से जबलपुर, सुश्री रुचि अग्रवाल प्रभारी तहसीलदार गुना से ग्वालियर, निर्भय सिंह पटेल प्रभारी तहसीलदार इंदौर से रतलाम, सुश्री सोनम भगत प्रभारी तहसीलदार रतलाम से देवास, ज्योति ठोके प्रभारी तहसीलदार सिवनी से छिंदवाड़ा, सच्चितानंद त्रिपाठी प्रभारी तहसीलदार छिंदवाड़ा से जबलपुर, जयेश प्रताप सिंह प्रभारी तहसीलदार धार से श्योपुर, सुमित कुमार गुप्ता प्रभारी तहसीलदार रीवा से जबलपुर, गौरव कुमार पांडे कटनी से जबलपुर, सुश्री संगीता गोलिया प्रभारी तहसीलदार देवास से इंदौर, शैवाल सिंह प्रभारी तहसीलदार इंदौर से सागर, सुश्री पलक पिडिहा प्रभारी तहसीलदार विदिशा से नर्मदापुरम्, अरविंद कुमार यादवप्रभारी तहसीलदार टीकमगढ़ से विदिशा केश्या सोलंकी प्रभारी तहसीलदार खण्डवा से खरगोन, हरिसिंह धुर्वे तहसीलदार जबलपुर से मण्डला भूपेन्द्र कैलासिया प्रभारी तहसीलदार सीहोर से भोपाल, सुश्री संतुष्टि पाल प्रभारी तहसीलदार उज्जैन से रतलाम, सपना तिवारी प्रभारी तहसीलदार सागर से ग्वालियर, सुश्री नीलम परसेडिया प्रभारी तहसीलदार सीहोर से राजगढ़ डॉ. अमित सिंह प्रभारी तहसीलदार विदिशा से सीहोर रमेशचन्द्र परमार तहसीलदार शाजापुर से टीकमगढ़, अनिल पटेल प्रभारी तहसीलदार नर्मदापुरम् से इंदौर, दिनेश सोनरतिया तहसीलदार धार से खरगोन, राकेश सस्तिया प्रभारी तहसीलदार खरगोन से इंदौर, संतोष कुमार प्रभारी तहसीलदार अलीराजपुर से नीमच गौरीशंकर शर्मा तहसीलदार अनूपपुर से नरसिहंपुर, नीलेश कुमार सिंह प्रभारी तहसीलदार रीवा से उमरिया, शैलेन्द्र बिहारी शर्मा प्रभारी तहसीलदार दमोह से सतना, नितिन गोड प्रभारी तहसीलदार मण्डला से टीकमगढ, नितिन कुमार झोड़ प्रभारी तहसीलदार सीधी से नर्मदापुरम्, बसंतीलाल डाबी प्रभारी तहसीलदार रतलाम से नीमच, प्रीति पंथी प्रभारी तहसीलदार पन्ना से विदिशा, जगदीश रण्धा प्रभारी तहसीलदार इंदौर से निवाड़ी, मनीष जैन प्रभारी तहसीलदार देवास से रतलाम, मधुलिका तोमर प्रभारी तहसीलदार मुरैना से ग्वालियर स्थानांतरित किए गए हैं।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अजय कुमार कंडया पिता श्री कैलाश चंद कंडया आयु 52 वर्ष निवासी चमेली चौक रविशंकर वार्ड सागर म.प्र. का स्थाई निवासी हूं, मेरे पासपोर्ट क्र. ए-8078732 है जिसमें मेरा नाम अजय कंडया लिखा एवं मेरे अन्य दस्तावेजों आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि में मेरा नाम अजय कुमार कंडया लिखा है। अजय कंडया एवं अजय कुमार कंडया दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के है जो सही है।

**शपथकर्ता**
**अजय कुमार कंडया**

### CHANGE OF NAME

I , VIJAYAKUMARAN NAIR IS FATHER OF ARMY NO - 15713989Y RANK L/NK NAME VISHNU VB SERVING IN 36 RAPID SIG REGT (AREN) C/O 56 APO HOME ADDRESS AT-THEKKATHIL PUTHEN VEEDU , ALUMANOOR KONAM , MITHRUMALA P O , VAMANAPURAM , THIRUVANANTHAPURAM, KERALA, 695610 HAVE CHANGED MY NAME FROM VIJAYAKUMARAN NAIR TO VIJAYAKUMARAN NAIR V IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 01/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं राजकुमार आयु 56 वर्ष पिता श्री दमरु लाल निवासी ग्राम भानगढ़, तहसील बीना जिला सागर का शपथ पत्र में निम्नलिखित कथन करता हूं कि मेरा नाम भारतीय जीवन बीना शाखा बीना तह. बीना जिला सागर की पालिसी क्रं. **355295343** है जिसमें मेरा नाम रज्जन कुर्मी पटेल दर्ज है और आधार कार्डमें राजकुमार एवं बैंक पासबुक में राजकुमार कुर्मी दर्ज है। यह की उक्त पालिसी में मेरा नाम रज्जन कुर्मी पटेल के स्थान पर **राजकुमार कुर्मी** दर्ज कराना चाहता हूं। यह कि दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। निवेदन है कि मेरा नाम आपके रिकॉर्ड में राजकुमार कुर्मी ही माना एवं पढ़ा जावे।

**हस्ताक्षर**
**राजकुमार**

### न्यायालय नायब तहसीलदार वृत्त रतौना तह. व जिला-सागर (म.प्र.)

क्रमांक क/65/ री.ना.तह./ 2025
सागर, दिनांक 11.06.2025
रा.प्र.क्रं.-0161 बी/121/24-25
ग्राम-रतौना, पटवारी हल्का नबर. 50
रा.नि.मं. सागर-3

**"इश्तहार"**

ऐतद् द्वारा जरिये सूचना पत्र आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका अंजली अहिरवार पत्नि अनिल कुमार अहिरवार निवासी ग्राम पथरिया हाट तहसील व जिला सागर नें माननीय न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त महोदय सागर संभाग के समक्ष न्यायालय श्रीमान अ.वि.अ. महोदय सागर द्वारा प्रकरण क्रमांक 216 अ/6 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 06.11.2024 के विरूद्ध अपील प्रस्तुत की थी। जिसमें दिनांक 29.01.2025 में आदेश पारित कर अपील स्वीकार कर माननीय अ.वि.अ. महोदय सागर के प्रकरण क्रमांक 216 अ/6 वर्ष 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 06.11.2024 एवं न्यायायल नायब तहसीलदार रतौना का आदेश दिनांक 24.12.2021 को निरस्त कर आवेदिका द्वारा रजि. विक्रय पत्र के आधार पर भूमि मौजा रतौना खसरा नंबर 116, 130 में से रकवा 1031 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेख पर आवेदिका के नाम पर दर्ज किये जाने का आदेश पारित किया गया है। माननीय न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त संभाग सागर द्वारा अपील 0920/अपील/2024-25 में पारित आदेश दिनांक 29.01.2025 के परिपालन में आवेदिका का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने वावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पेशी दिनांक 16/06/2025 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता) एवं न्यायालय की मुद्रा एवं मुहर से दिनांक 11.06.2025 को जारी किया गया।

वाद म्याद किसी भी आपत्ति अथवा आवेदन पत्र पर विचार नही किया जावेगा। इश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा एवं मुहर से दिनांक 11.06.2025 को जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**रतौना जिला-सागर**

### CHANGE OF NAME

I , SATYABHAMA IS MOTHER OF NO - JC573631N RANK NB SUB NAME GHODAKE SUMANT DATTU SERVING IN ADM BN MRC C/O 56 APO HOME ADDRESS VILL - BHOGAON , PO - KARAMBA , TEH - NORTH SOLAPUR, DIST - SOLAPUR, STATE - MAHARASHTRA, PIN CODE - 413222 HAVE CHANGED MY NAME FROM SATYABHAMA TO SATYABHAMA GHODAKE IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P

### CHANGE OF NAME

WE , GOWARDHAN & SUNANDA ARE PARENTS OF ARMY NO - 4579550H RANK HAV NAME SHIRSAT PRASHANT GOWARDHAN SERVING IN 2 MAHAR HOME ADDRESS VILL - AGAR , POST - AGAR , TEH - AKOLA , DIST - AKOLA , STATE - M H , PIN - 444001 HAVE CHANGED MY NAME FROM GOWARDHAN TO GOVERDHAN JANU SIRSAT AND CHANGED FROM SUNANDA TO SUNANDA GOVARDHAN SHIRSAT IN MY ALL DOCUMENTS VIDE AFFIDAVIT DATED 11/06/2025 EXECUTED BEFORE DISTRICT COURT SAGAR M.P


# बरकतउल्ला विवि के कुलसचिव सहित उच्च शिक्षा विभाग के कई अधिकारियों के तबादले

**भोपाल, देशबन्धु।** राज्य शासन ने उच्च शिक्षा विभाग में 15 अधिकारियों के तबादले किये हैं। बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के प्रभारी कुलसचिव और उप कुलसचिव बदल दिए गए हैं। राज्य शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में रात 9 जून की रात आदेश जारी किए गए। वहीं तकनीकी शिक्षा विभाग में 3 वरिष्ठ अधिकारियों को स्थानांतरित किया गया है।

विभागीय आदेश के मुताबिक भोपाल के बरकतउल्ला और हिन्दी विश्वविद्यालय के कुल सचिव भी बदले गए हैं। इनके साथ ही उच्च शिक्षा विभाग ने प्राचार्य, प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, लाइब्रेरियन, क्रीड़ा अधिकारी के भी तबादले किए हैं।

विभाग द्वारा जारी सूची में 44 लाइब्रेरियन, 97 प्रोफेसर, 32 क्रीड़ा अधिकारी, 286 सहायक प्राध्यापक और 2 प्राचार्य शामिल हैं। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक अभी कुछ और प्रोफेसरों के तबादले हो सकते हैं। साथ ही प्राचार्य भी बदले जाएंगे। विभाग ने तृतीय श्रेणी कैडर के 83 कर्मचारियों को भी स्थानांतरित किया है। जारी आदेश के मुताबिक बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल के प्रभारी कुलसचिव आईके मंसूरी को अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय में प्रभारी कुलसचिव बनाया है। उप कुलसचिव और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव अजय वर्मा को बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू का प्रभारी कुल सचिव, विश्वविद्यालय के उप कुलसचिव प्रज्जवल खरे को देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर का प्रभारी कुलसचिव पदस्थ किया गया है।

वहीं अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव और उप कुलसचिव शैलेंद्र जैन को प्रभारी कुलसचिव राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा में भेजा गया है, जबकि प्रभारी कुलसचिव प्राध्यापक युवराज पाटिल प्रभार से मुक्त किए गए हैं। इधर अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन और नीति विश्लेषण स्कूल में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ उप कुलसचिव अजीत श्रीवास्तव को बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में उप कुलसचिव पदस्थ किया है।

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के उप कुल सचिव सरिता चौहान को पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल में प्रभारी कुलसचिव बनाया है। इनके चार्ज लेने के बाद प्राध्यापक डॉ आशीष तिवारी प्रभारी कुल सचिव की सेवा से मुक्त होंगे।

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के सहायक कुल सचिव राकेश कुमार चढ़ार को रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर में सहायक कुलसचिव बनाया गया है।

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा की सहायक कुलसचिव पिंकी मनकानी को सहायक कुलसचिव बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल स्थानांतरित किया गया है। डॉ. बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू की सहायक कुलसचिव संध्या मालवीय को सहायक कुलसचिव देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर और देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की सहायक कुलसचिव पुष्पांजलि अजनारे को सहायक कुल सचिव डॉ. बीआर अंबेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू पदस्थ किया है।

वहीं अमन अग्रवाल सहायक कुलसचिव पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल को सहायक कुल सचिव महाराज छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर, दुर्गेश कुमार पेंद्रो सहायक कुल सचिव महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट सतना से सहायक कुलसचिव पंडित शम्भूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल, पंचम लाल सहायक कुल सचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर को सहायक कुल सचिव रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय सागर, सुनीता देवड़ी सहायक कुल सचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर को सहायक कुल सचिव पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल तथा पवन साहू सहायक कुलसचिव पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय शहडोल को सहायक कुल सचिव रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर पदस्थ किया है।

लघु उद्योग निगम में हुई कार्यशाला

# प्रदेश के 20 उत्पादों के जीआई टैगिंग प्रक्रिया के लिये एमओयू हुआ



**भोपाल, देशबन्धु।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग के अंतर्गत राज्य नोडल एजेंसी, मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम द्वारा विश्व बैंक समर्थित आरएएमपी योजना के अंतर्गत जीआई टैगिंग के लिए राज्य स्तरीय परामर्श बैठक मंगलवार को लघु उद्योग निगम के कान्फ्रेंस हॉल में सम्पन्न हुई। कार्यशाला में मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम और ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन वाराणसी के बीच जीआई टैगिंग प्रक्रिया संबंधी एमओयू किया गया। एमओयू राज्य के लगभग 20 पारंपरिक उत्पादों के जीआई टैगिंग के लिये तकनीकी सहयोग, दस्तावेज़ीकरण, आवेदन प्रक्रिया, प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया है।

इन उत्पादों को कानूनी संरक्षण, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाज़ारों तक पहुंच और ब्रांडिंग के ज़रिये व्यापक पहचान दिलवाने पर भी विमर्श हुआ। आयुक्त एमएसएमई दिलीप कुमार ने विभागों से योजना के तहत बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया तथा देश को होने वाले फायदों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत में जीआई टैगिंग विशेषज्ञ एवं ह्यूमन वेलफेयर एसोसिएशन, वाराणसी के कार्यकारी निदेशक डॉ. रजनीकांत ने जीआई टैगिंग की प्रक्रिया, कानूनी ढांचा, और देशभर में हुए सफल जीआई पंजीकरणों की जानकारी साझा की।


## कारपोरेट कार्य मंत्रालय

### रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) के लिए आमंत्रण

कारपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के अंतर्गत इंटर्न के लिए एक सहयोगी लर्निंग समुदाय के विकास और कार्यान्वयन का समर्थन करने के लिए पात्र और अनुभवी संगठनों से रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है। इसका उद्देश्य डिजिटल प्लेटफॉर्म, सामग्री विकास, कॅरिअर परामर्श, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और युवा नियुक्ति पहलों के माध्यम से पीएमआईएस इंटर्न के लिए एक स्केलेबल, समावेशी और इंटरैक्टिव सहायक प्रणाली बनाना है।

- ऑनलाइन इंटरेक्शन (स्पष्टीकरण के लिए): जून 19, 2025
- जमा करने की अंतिम समय सीमा: इस विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से एक महीना।

डिस्क्लेमर: यह ईओआई पूरी तरह से प्रारंभिक जानकारी एकत्र करने के लिए है और भारत सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की प्रतिबद्धता या प्रस्ताव का गठन नहीं करता है। इस ईओआई में भागीदारी चयन, वित्त पोषण या नियुक्ति के लिए कोई अधिकार प्रदान नहीं करती है।

अधिक ब्यौरे के लिए: <mca.gov.in> पर जाएं

CBC 07101/11/0003/2526

# खेल जगत

## शूटिंग लीग इस खेल के लिए एक बड़ा बदलाव साबित होने जा रही है : वलारिवन

**नई दिल्ली।** एनआरएआई द्वारा शुरू की गई पहली शूटिंग लीग ऑफ इंडिया के लिए पूरे देश में उत्साह का माहौल है। म्यूनिख में आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य पदक जीतकर सुर्खियों में आई भारतीय राइफल निशानेबाज एलावेनिल वलारिवन ने एसएलआई की घोषणा पर खुशी जताई। एसएलआई का पहला सत्र 20 नवंबर से 2 दिसंबर के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट में पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजीशन) और शॉटगन में मिश्रित टीम स्पर्धाएं होंगी, जैसा कि एनआरएआई तकनीकी समिति द्वारा तय किया गया है। प्रतियोगिता में कुल छह से आठ टीमें हिस्सा लेंगी और लीग चरण में उन्हें दो पूल में बांटा जाएगा। चयनित खिलाड़ियों को चार स्तरों – एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, नेशनल चैंपियंस और जूनियर एवं यूथ चैंपियनशिप में बांटा जाएगा, ताकि अनुभवी और उभरती प्रतिभाओं का मिश्रण उपलब्ध कराया जा सके।



## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में बेल्जियम को 2-1 से हराया

**एंटवर्प,** 11 जून (एजेंसियां)। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में बेल्जियम पर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए जीत दर्ज की। भारत ने बेल्जियम के एंटवर्प में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में बेल्जियम की टीम को 2-1 के कड़े स्कोर से हराया। लालथंतलुंगी (35%) और गीता यादव (50%) ने भारत के लिए गोल किए।

पहला हाफ गोल रहित रहा क्योंकि दोनों टीमें कड़े मुकाबले में गतिरोध को तोड़ने में कामयाब नहीं हो सकीं। 35वें मिनट में, भारत ने आखिरकार पहला गोल किया, जब लालथंतलुंगी ने एक भाग्यशाली पेनल्टी स्ट्रोक को सफलतापूर्वक गोल में बदला। आखिरी क्वार्टर में, वैन हेलेमोंट (48%) ने बेल्जियम के लिए फील्ड गोल के जरिए बराबरी का गोल किया। हालांकि, इसके ठीक दो मिनट बाद, गीता यादव ने खुद फील्ड गोल करके भारत के लिए विजयी गोल किया। इसके बाद भारत ने मैच के अंतिम 10 मिनट में बेल्जियम के हमलों को रोकने के लिए अच्छा बचाव किया और सुनिश्चित किया कि वे बेल्जियम पर एक और जीत का आनंद लें। अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने के बाद, भारतीय टीम अब 5 मैचों के दौरे के लिए यूरोप पहुंच गई है, जहां उन्होंने रविवार को बेल्जियम के खिलाफ शानदार जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। भारतीय टीम ने हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में 3-2 से गेम जीता। लगातार दो जीत के बाद, भारतीय जूनियर महिला टीम 12 जून को यूरोप के अपने दौरे में तीसरी और अंतिम बार बेल्जियम से खेलेगी। अर्जेंटीना में, भारतीय टीम ने बेहतरीन विरोधियों के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने चिली के खिलाफ 2-1 से जीत और 2-2 (2-3 शूट आउट) की हार दर्ज की, मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ 1-1 (2-0 शूट आउट) की जीत और 2-4 की हार हासिल की, और उरुग्वे को दो बार हराया - 3-2 और 2-2 (3-1 शूट आउट)। उल्लेखनीय है कि ये मैच एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 के लिए भारत की तैयारी का भी अहम हिस्सा हैं, जो दिसंबर 2025 में चिली के सैंटियागो में होने वाला है।




■ लगातार दो जीत के बाद, भारतीय जूनियर महिला टीम 12 जून को यूरोप के अपने दौरे में तीसरी और अंतिम बार बेल्जियम से खेलेगी

## विश्वकप 2026 में जगह बनाने में विफल रहने पर चिली के कोच गारेका ने दिया इस्तीफा

**एल ऑल्टो (बोलीविया),** 11 जून (एजेंसियां)। बोलीविया से मिली हार के बाद चिली की फीफा विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद समाप्त होने पर चिली की फुटबॉल टीम के मुख्य कोच रिकार्डो गारेका ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मंगलवार को हुये मुकाबले में बोलीविया के हाथों मिली 2-0 से हार के बाद चिली की फीफा विश्वकप 2026 में खेलने की उम्मीद खत्म हो गई है। एल ऑल्टो में म्यूनिसिपल स्टेडियम में मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में गारेका ने कहा, 'हमने कोचिंग स्टाफ के साथ एक निर्णय लिया और हमने खिलाड़ियों बताया कि हम ऐसे हालात को कम करना चाहते हैं। हमने नतीजे नहीं दिए। चिली की ऐसी स्थिति कोई नहीं चाहता था। मेरे अनुभव और करियर के हिसाब से यह बड़ा झटका है। मुझे अपने पैरों पर वापस खड़ा होना होगा, ठीक उसी तरह जैसे चिली को भविष्य में अपने पैरों पर वापस खड़ा होना होगा।

## टी-20 रैंकिंग : वरुण गेंदबाजों में तीसरे स्थान पर कायम, राशिद दूसरे स्थान पर






**दुबई,** 11 जून (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल दल को आईसीसी पुरुष टी20 रैंकिंग में स्थान मिला है, जिसमें अनुभवी लेग स्पिनर आदिल राशिद सबसे आगे हैं। 37 वर्षीय राशिद ने इंग्लैंड की 3-0 की टी20 सीरीज जीत में निरंतरता का नमूना पेश किया, जिसमें चेस्टर-ले-स्ट्रीट में 1/22, ब्रिस्टल में एक हाई-स्कोरिंग क्लैश में 1-59 और साउथम्प्टन में अंतिम मैच में 2/30 के आंकड़े हासिल किए। उनके प्रयास श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा और भारत के वरुण चक्रवर्ती दोनों को पीछे छोड़ने के लिए पर्याप्त थे, जिससे वे टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में 710 की रेटिंग के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जो वर्तमान नंबर 1 न्यूजीलैंड के जैकब डफी से केवल 13 अंक पीछे है। लेगी का उदय इंग्लैंड के लिए एक प्रभावशाली रन को दर्शाता है, जिसने उसी प्रतिद्वंद्वी पर पहले की एकदिवसीय श्रृंखला जीत से अपनी गति को आगे बढ़ाया। इंग्लैंड के एक अन्य तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स को भी उनके शानदार योगदान का इनाम मिला। अंतिम दो टी20 में उनके दो विकेट ने उन्हें रैंकिंग में 16 पायदान ऊपर 52वें स्थान पर पहुंचा दिया। श्रृंखला में रनों की भरमार थी, और बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी यह झलकता है। बेन डकेट ने तीसरे टी20 में 46 गेंदों पर 84 रनों की धमाकेदार पारी खेलकर शानदार प्रदर्शन किया - एक ऐसी पारी जिसने उन्हें 48 पायदान ऊपर उठाकर करियर की सर्वश्रेष्ठ 16वीं रैंकिंग पर पहुंचा दिया। हैरी ब्रूक की 35* और 34 रन की तेज पारी ने उन्हें छह पायदान की छलांग लगाकर संयुक्त 38वें स्थान पर पहुंचा दिया। वेस्टइंडीज ने भी अपने पलों को बरकरार रखा। कप्तान शाई होप के 40 से अधिक रन की दो पारियों ने उन्हें बल्लेबाजी सूची में 14 पायदान की छलांग लगाकर 15वें स्थान पर पहुंचा दिया, जबकि रोवमैन पॉवेल ने अंतिम मैच में 45 गेंदों पर नाबाद 79 रन की विस्फोटक पारी खेलकर शीर्ष 20 में जगह बनाई। ऑलराउंडर जेसन होल्डर ने भी बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया और 70 रन और एक महत्वपूर्ण विकेट की बदौलत ऑलराउंडर रैंकिंग में 16 पायदान की छलांग लगाकर 26वें स्थान पर पहुंच गए।

## 50,000 डॉलर के बोनस की पेशकश पर एआईएफएफ पर भड़के भूटिया

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर में हांगकांग से भारत की 0-1 की हार के बाद, भारत के पूर्व कप्तान बाईचुंग भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कड़ी आलोचना की, जिसमें कथित तौर पर खिलाड़ियों को मैच जीतने पर 50,000 अमेरिकी डॉलर का बोनस देने की पेशकश की गई थी। अपने शुरुआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ के बाद, भारत को प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए जीत की सख्त जरूरत थी। हालांकि, स्टॉपेज-टाइम पेनल्टी ने उनकी उम्मीदों को धराशायी कर दिया, जिससे एक और निराशाजनक परिणाम सामने आया।भूटिया ने एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे से 'भारतीय फुटबॉल को बचाने के लिए' पद छोड़ने का आह्वान किया और इस तरह के तदर्थ वित्तीय प्रोत्साहनों के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया। भूटिया ने कहा, 'हमने ऐसी रिपोर्ट देखी हैं कि खिलाड़ियों को 2,500 रुपये का दैनिक भत्ता भी नहीं मिला है। भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों के पास क्रिकेटरों की तरह केंद्रीय अनुबंध नहीं हैं। वे लाखों या करोड़ों में नहीं कमाते। उनका मुआवजा मुख्य रूप से दैनिक भत्तों से आता है। फिर अचानक, कहीं से भी, अगर वे मैच जीतते तो 50,000 अमेरिकी डॉलर का पुरस्कार घोषित किया जाता। यह कहां से आया? अगर वे जीत जाते, तो क्या अगले चार मैचों के लिए भी यही बोनस दिया जाता? स्पष्ट रूप से कोई प्रणाली नहीं है, कोई रणनीति नहीं है। बिना किसी स्पष्टता के सिर्फ बेतरतीब फैसले लिए जा रहे हैं।' जुलाई 2023 में, भारत फीफा रैंकिंग में 99वें स्थान पर था और उसका साल शानदार रहा।



## डब्ल्यूटीसी फाइनल की शुरुआत से पहले ऐतिहासिक लॉर्ड्स में घंटी बजाना सौभाग्य की बात : जय शाह

■ दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीत के दम पर डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रवेश किया

**लंदन,** 11 जून (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच 2025 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की शुरुआत से पहले ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर घंटी बजाना उनके लिए सौभाग्य की बात है। जून 2023 में भारत को 209 रनों से हराकर ओवल में जीती गई गदा को बरकरार रखने की कोशिश में, ऑस्ट्रेलिया ने मैच के पहले दिन बुधवार को लंच तक दक्षिण अफ्रीका के सामने 23.2 ओवर में 67/4 रन बना लिए। यह भी पहली बार है कि लॉर्ड्स आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की मेजबानी कर रहा है।



शाह ने बुधवार को अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन खेल शुरू होने से पहले ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर घंटी बजाना सौभाग्य की बात है। ऑस्ट्रेलिया 2023-25 डब्ल्यूटीसी चक्र के दौरान लीग तालिका में दूसरे स्थान पर रहा, जिसने 67.54 अंक प्रतिशत हासिल किए। इस बीच, दक्षिण अफ्रीका ने लगातार सात टेस्ट जीत के दम पर डब्ल्यूटीसी फाइनल में प्रवेश किया और 69.44 अंक प्रतिशत के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा। दक्षिण अफ्रीका ने दिसंबर 2024 में सेंचुरियन में दो विकेट से रोमांचक जीत दर्ज करके पाकिस्तान को हराकर डब्ल्यूटीसी फाइनल में अपनी जगह पक्की की, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने इस साल जनवरी में सिडनी में भारत पर छह विकेट से शानदार जीत दर्ज करके क्वालीफाई किया। डब्ल्यूटीसी 2023-25 चक्र के विजेता को 3.6 मिलियन अमरीकी डॉलर मिलेंगे, जो 2021 और 2023 दोनों संस्करणों में दिए गए 1.6 मिलियन अमरीकी डॉलर से काफी ज़्यादा है, जबकि उपविजेता को 800,000 अमरीकी डॉलर से बढ़कर 2.16 मिलियन अमरीकी डॉलर मिलेंगे।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल: दक्षिण अफ्रीका ने लंच से पहले ऑस्ट्रेलिया को दिए चार झटके

**लंदन,** 11 जून (एजेंसियां) मार्को यानसन और कैगिसो रबाडा ने दो-दो विकेट चटकाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने बुधवार को यहां प्रतिष्ठित लॉर्ड्स में 2025 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के पहले दिन लंच तक ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 23.2 ओवर में 67/4 कर दिया। जब से दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने टॉस जीता और बादलों से घिरे आसमान में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, तेज गेंदबाजों ने टाइट लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करके और बेहतरीन मूवमेंट निकालकर उस फैसले को सही साबित किया, जिसके चलते यानसन और रबाडा ने विकेट निकाले। कुछ बेहतरीन कैचिंग के साथ, इसका मतलब था कि पहला सत्र वास्तव में प्रोटियाज के नाम रहा। लंच के समय स्टीव स्मिथ 26 रन बनाकर क्रीज पर हैं और उन्हें अभी भी काफी बल्लेबाजी करनी है।

## एमआई न्यूयॉर्क के कप्तान बने निकोलस पूरन

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के कुछ घंटों बाद ही निकोलस पूरन को मेजर लीग क्रिकेट-2025 में एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। वेस्टइंडीज के इस तेज तर्रार बल्लेबाज को मेजर लीग क्रिकेट-2025 सीजन के लिए कप्तान बनाने का ऐलान करते हुए फ्रेंचाइजी ने कहा कि हमारे हीरो, हमारे लीजेंड, हमारे कप्तान! निकोलस पूरन- 29 वर्षीय पॉकेट डायनामाइट को कॉग्निजेंट मेजर लीग क्रिकेट के 2025 सीजन से पहले एमआई न्यूयॉर्क का कप्तान बनाया गया है। बाएं हाथ के निकोलस पूरन एमएलसी 2023 में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। उन्होंने आठ मुकाबलों में 20 चौकों और 34 छक्कों के साथ 388 रन बनाए। फाइनल में 137 रन की नाबाद पारी खेलकर निकोलस ने एमआई को विजेता बनाया था। निकोलस पूरन को उनके साथी खिलाड़ी कीरोन पोलार्ड के स्थान पर एमआई न्यूयॉर्क की कमान सौंपी गई है। अब पोलार्ड इस सीजन निकोलस पूरन की कप्तानी में खेलते नजर आने वाले हैं। मेजर लीग क्रिकेट की शुरुआत भारतीय समयानुसार 13 जून को सुबह 6.30 बजे से होगी। एमआई न्यूयॉर्क अगले दिन सीजन का अपना पहला मैच टेक्सास सुपर किंग्स के खिलाफ खेलेगा। यह मुकाबला ऑकलैंड कोलिजीयम में आयोजित होगा। निकोलस पूरन ने वेस्टइंडीज की ओर से व्हाइट बॉल क्रिकेट ही खेला है। वह दोनों ही फॉर्मेट में टीम की कमान संभाल चुके हैं। इस विकेटकीपर-बल्लेबाज ने 61 वनडे मुकाबलों में 39.66 की औसत के साथ 1983 रन जड़े, जिसमें तीन शतक और 11 अर्द्धशतक शामिल हैं।



## दिल्ली चैलेंजर 50वें गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। दिल्ली चैलेंजर ने फूड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई) को बुधवार को पांच विकेट से हराकर 50वें गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट (पंजी.) के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। दिल्ली चैलेंजर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। शुरुआती झटकों के बाद एफसीआई 149 रन पर सिमट गई। ध्रुव सिंह ने 29 (22 गेंद) (4×3, 6×1), प्रशांत वीर ने 24 (19 गेंद) और ऋषि धवन ने 22 रन (14 गेंद) बनाये। दिल्ली चैलेंजर की तरफ से शिवम शर्मा (3/29), प्रशांत चौधरी (2/16) और जुबेर (2/22) ने अच्छी गेंदबाजी की। 150 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली चैलेंजर ने शानदार शुरुआत की और 16.5 ओवर में 152/5 बनाकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कुनाल चंदेला ने 47 गेंदों में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 47 गेंदों में 72 रन की मैच विजयी पारी खेली जबकि गौरव गौर ने 26 रन (14 गेंद) बनाये। एफसीआई की तरफ से प्रशांत वीर और ऋषि धवन ने दो-दो विकेट लिए।

## अर्जुन फिर देंगे शेंग को चुनौती, संदीप सिंह की पेरिस के बाद अंतरराष्ट्रीय मंच पर वापसी

■ अर्जुन ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक के बाद से चार लगातार फाइनल में जगह बनाई

**नई दिल्ली,** 11 जून (एजेंसियां)। अर्जुन बाबूता एक बार फिर चीन के मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर शेंग लीहाओ को टक्कर देने उतरेंगे, जबकि संदीप सिंह पेरिस ओलंपिक के बाद एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय टीम में वापसी कर रहे हैं। भारत, वर्ल्ड कप पदकों की अपनी खोज जारी रखते हुए, म्यूनिख में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन (आईएसएसएफ) विश्व कप (राइफल/पिस्टल) के तीसरे दिन (12 जून, गुरुवार) भाग लेगा। तीसरे दिन दो फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे, जिनमें महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन (3पी) फाइनल पहले होगा, इसके बाद पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा दूसरे हिस्से में निर्धारित है। सभी फाइनल मुकाबले आईएसएसएफ के आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर लाइव देखे जा सकते हैं। अर्जुन बाबूता ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक के बाद से चार लगातार फाइनल में जगह बनाई है, जहां उन्होंने चौथा स्थान हासिल किया था। शेंग ने उस प्रतियोगिता के साथ-साथ लीमा वर्ल्ड कप में भी स्वर्ण पदक जीता। वहीं अर्जुन ने लीमा में सिल्वर जीतकर पहली बार पोडियम पर जगह बनाई थी-वो भी चैंपियन से महज 0.1 अंकों से पीछे रहकर।




शेंग ने नई दिल्ली में हुए आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल्स में भी खिताब जीता, जहां अर्जुन पांचवें स्थान पर रहे थे। साल के पहले वर्ल्ड कप (ब्यूनस आयर्स) में अर्जुन के साथी रुद्रांक्श पाटिल ने गोल्ड जीता, जबकि अर्जुन सातवें स्थान पर रहते हुए एक बार फिर पदक से दूर रह गए। अर्जुन के पेरिस ओलंपिक साथी संदीप सिंह भी टीम में वापसी कर चुके हैं और किरण जाधव के साथ प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे। किरण, पुरुषों की 3पी स्पर्धा के फाइनल में जगह नहीं बना सके थे और अब सुधार की उम्मीद में उतरेंगे। महिला 3पी स्पर्धा में तीनों भारतीय निशानेबाज बेहतरीन फॉर्म में हैं।

## सार संक्षेप

### तिलक मौजूदा काउंटी सत्र के लिए हैम्पशायर से जुड़ेंगे

**नई दिल्ली।** युवा भारतीय बल्लेबाज तिलक वर्मा इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में खेलने के साथ अपने क्षितिज को व्यापक बनाने के लिए तैयार हैं, उन्होंने मौजूदा काउंटी चैंपियनशिप सत्र के लिए हैम्पशायर के साथ अनुबंध किया है। यह कदम 22 वर्षीय खिलाड़ी के होनहार करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, क्योंकि वह चुनौतीपूर्ण विदेशी परिस्थितियों में अपने लाल गेंद के कौशल का परीक्षण करने के लिए तैयार हैं। तिलक, जो पहले ही भारत के लिए चार वनडे और 25 टी20 मैच खेल चुके हैं, उन्हें आखिरी बार 1 जून को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2025 क्वालीफायर 2 के दौरान मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए देखा गया था। जबकि उनकी सफेद गेंद की साख अच्छी तरह से प्रलेखित है, तिलक का लाल गेंद का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा है।

### इंग्लैंड दौरे के लिए न्यूजीलैंड-'ए' टीम का ऐलान

**क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड-ए और इंग्लैंड-ए के बीच 23 जून से वनडे सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और विकेटकीपर-बल्लेबाज इजी गेज को इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल दौरे के लिए 15 सदस्यीय न्यूजीलैंड ए टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड-ए की इस टीम में न्यूजीलैंड के लिए खेल चुके 11 खिलाड़ी शामिल हैं, जो इस महीने के अंत में इंग्लैंड के छह मैचों के दौरे पर जाएंगी। इस दौरे में तीन लिस्ट ए वन-डे और उसके बाद तीन टी20 मैच शामिल हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि टीम शनिवार को रवाना होगी और 23 जून को डर्बी में अपना पहला वन-डे मैच खेलेगी। असिस्टेंट कोच ब्रेंडन डोनकर्स इंग्लैंड में टीम के एकजुट होने के बाद कप्तान के नाम की घोषणा करेंगे। प्लिमर और विकेटकीपर-बल्लेबाज गेज जेस वॉटकिन इस बैटिंग यूनिट की अहम खिलाड़ी हैं। इनके अलावा हाल ही में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली बेला जेम्स और पोली इंग्लिस, एम्मा मैकलियोड और इजी शार्प भी टीम में मौजूद हैं।

### ब्राजील ने किया विश्वकप के लिए क्वालीफाई

**साओ पाउलो।** विनिसियस जूनियर ने पहले हाफ में किये गये गोल की बदौलत पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील ने क्वालीफायर मुकाबले में पैराग्वे पर 1-0 से जीत दर्ज कर अगले साल होने वाले फीफा विश्वकप में अपनी जगह पक्की कर ली है। ब्राजील ने मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर शानदार खेला प्रदर्शन करते हुए पैराग्वे को हराकर फीफा विश्वकप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया है।विनीसियस जूनियर ने 44वें मिनट में गोल कर ब्राजील को बढ़त दिलाई। इसके बाद रक्षापंक्ति ने शानदार खेला का मुजाहिरा करते हुए पैराग्वे को गोल करने का कोई अवसर नहीं दिया। इस जीत के साथ ब्रजील के 25 अंक हो गये है। वहीं, हार के बाद पैराग्वे 24 अंकों पर है और उसे विश्वकप में क्वालीफाई करने के लिए एक अंक की जरुरत है। ब्राजील सितंबर में अपने अंतिम दो क्वालीफायर मुकाबलों में चिली और बोलीविया से भिड़ेगा। पैराग्वे को क्वालीफाई के लिए केवल एक अंक की आवश्यकता है, उसका सामना इक्वाडोर और पेरू से होगा।

## प्रथम पेज का शेष

**सोनम ने कबूल किया....** अब ये लोग कहां पहुंचे हैं और आगे क्या करने जा रहे हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि शादी के बाद ही सोनम ने अपने प्रेमी राज के साथ मिलकर पति राजा रघुवंशी को मौत के घाट उतारने का प्लान बना लिया था। प्लान के अनुसार यह सब कुछ किया गया।

सोनम ने इस मामले में पुलिस जांच को भटकाने की पूरी कोशिश की। उसने राजा रघुवंशी के फोन से एक सोशल मीडिया पोस्ट भी शेयर की थी, जिसे उसने कैप्शन दिया था 'सात जन्मों का साथ'। हालांकि जब सख्ती से पूछताछ की गई, तो सोनम ने सब सच उगल दिया।

शिलांग में हुए चर्चित राजा रघुवंशी मर्डर केस के सभी आरोपियों को कोर्ट ने 8 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। मेघालय पुलिस ने सोनम समेत सभी पांच आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगी थी। इस पर कोर्ट ने सभी आरोपियों की पुलिस रिमांड मंजूर कर ली है।

**वंचित वर्ग के छात्रों की....** मजबूर होना पड़ता है, शौचालय गंदे हैं, पीने का पानी असुरक्षित है, मेस की सुविधा नहीं है और पुस्तकालयों या इंटरनेट तक पहुंच नहीं है। उन्होंने दूसरे मुद्दे के बारे में जानकारी देते हुए आगे बताया, दूसरे, हाशिए पर पड़े समुदायों के छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति में देरी और इसमें विफलताएं भी मिल रही हैं। राहुल गांधी ने उदाहरण देते हुए कहा, बिहार में, छात्रवृत्ति पोर्टल तीन साल तक काम नहीं कर रहा था और 2021-22 में किसी भी छात्र को छात्रवृत्ति नहीं मिली। इसके बाद भी, छात्रवृत्ति पाने वाले दलित छात्रों की संख्या में लगभग आधी गिरावट आई, जो वित्त वर्ष 23 में 1.36 लाख से घटकर वित्त वर्ष 24 में 0.69 लाख रह गई। छात्रों की शिकायत है कि छात्रवृत्ति की राशि अपमानजनक रूप से कम है। मैंने बिहार के उदाहरण दिए हैं, लेकिन ऐसी विफलताएं पूरे देश में फैली हुई हैं।

राहुल गांधी ने पत्र में आगे कहा, मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इन विफलताओं को दूर करने के लिए तुरंत दो कदम उठाए जाएं। दलित, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक छात्रावास का ऑडिट किया जाए ताकि अच्छी अवसंरचना, स्वच्छता, भोजन और शैक्षणिक सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें; तथा कमियों को दूर करने के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की जाए। मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति का समय पर वितरण, छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि, तथा राज्य सरकारों के साथ मिलकर कार्य करते हुए क्रियान्वयन में सुधार किया जाए। राहुल गांधी ने कहा कि जब तक हाशिए पर पड़े समुदायों के युवा आगे नहीं बढ़ेंगे, तब तक भारत आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने इन विषयों पर पीएम मोदी से सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद की है।

**5 दिन बाद 4 रेलवे अफसर....** वे हैरान रह गए। ट्रेन के डिब्बों की हालत काफी खराब थी। इसका इस्तेमाल जवानों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने के लिए नहीं किया जा सकता। जांच के बाद पता चला कि डिब्बों का महीनों से इस्तेमाल नहीं हुआ। हर डिब्बे में जगह-जगह टूटे-फूटे सामान पड़े थे। ट्रेन की खिड़कियों व दरवाजों में छेद थे। अधिकांश सीटों पर गंदगी फैली हुई थी। ट्रेन के कई डिब्बों में बल्ब या बिजली कनेक्शन नहीं था।

**अब 24 घंटे पहले....** केवल 4 घंटे पहले बनाया जाता था। उन्होंने कहा कि इस बदलाव का मकसद यात्रियों की उन चिंताओं को दूर करना है, जो वेटिंग टिकट होने के कारण अपनी यात्रा की योजना को लेकर अनिश्चित रहते हैं। रेलवे अधिकारी ने कहा, अगर यात्रियों को पहले ही यह पता चल जाए कि उनका टिकट कन्फर्म हुआ है या नहीं, तो वे यात्रा की बेहतर योजना बना सकते हैं। हालांकि, रेलवे ने यह भी स्पष्ट किया कि यह नई व्यवस्था तभी नीति का हिस्सा बनेगी जब यात्रियों की ओर से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलेगी।वर्तमान कैंसिलेशन पॉलिसी के अनुसार- अगर कोई कन्फर्म टिकट ट्रेन छूटने से 48 घंटे से 12 घंटे पहले रद्द किया जाता है, तो केवल 25 प्रतिशत राशि वापस मिलेगी। अगर 12 घंटे से 4 घंटे पहले रद्द किया जाए, तो 50 प्रतिशत राशि ही वापस मिलेगी। खाली सीटें तुरंत फिर से बुकिंग में जाएंगी- रेलवे अधिकारियों ने यह भी बताया कि किसी भी कारण से खाली होने वाली सीटों या बर्थ को करंट बुकिंग सिस्टम के माध्यम से फिर से यात्रियों को उपलब्ध कराया जाएग

**अमेरिका ने एक बार फिर....** सकते हैं, तो भगवान का शुक्र है, लेकिन सचिव (विदेश मंत्री मार्को) रुबियो और राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति का भी शुक्रिया अदा करना चाहिए। ब्रूस ने इस दावे को दोहराया है कि अमेरिका ने पिछले महीने भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिवसीय संघर्ष में युद्ध विराम लाने के लिए हस्तक्षेप किया था। हालांकि, भारत इसे खारिज कर चुका है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री कह चुके हैं कि अमेरिका ने भारत-पाकिस्तान युद्ध विराम में मध्यस्थता नहीं की थी। उन्होंने एक भारतीय संसदीय समिति को बताया कि दोनों देशों ने सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए द्विपक्षीय स्तर पर निर्णय लिया।

## बाबर, रिजवान और शाहीन पाकिस्तान के बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के टी-20 दौरे के लिए

**मुंबई,** 11 जून (एजेंसियां)। राष्ट्रीय सीनियर पुरुष चयन समिति ने पूर्व कप्तानों बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की अनदेखी जारी रखी है और उन्हें बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के आगामी दौरे के लिए टी20 टीम से बाहर कर दिया है। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने व्हाइट-बॉल हेड कोच माइक हेसन और कप्तान सलमान आगा के परामर्श से सीनियर खिलाड़ियों को शामिल नहीं करने का फैसला किया। यह निर्णय व्हाइट-बॉल दौरों और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में उनके हालिया प्रदर्शन पर आधारित लगता है। रिजवान की अगुआई में पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका में 2-0 से टी20 सीरीज में हार का सामना किया, जिसमें बाबर ने भी हिस्सा लिया था। उसके बाद, दोनों को न्यूजीलैंड दौरे और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज से बाहर कर दिया गया।

## सार समाचार

### 17 वाहन चालकों पर की गई चालानी कार्रवाही



**दमोह देशबन्धु।** जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत पुलिस यातायात विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही कर रहा हैं। इस सबंध में यातायात टीआई दलबीर सिंह मार्को ने बताया बटियागढ़ मार्ग एवं हटा नाका पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया 06 ओवर स्पीड, 01 सील्ट बेल्ट, 10 हेलमेट ना पहनने वाले वाहन चालकों पर 9500 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई हैं। उन्होंने आमजनों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया। साथ ही कहा यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### सर्वेश्वर नाथ मंदिर की कृषि भूमि की पुनः बोली 12 जून को

पन्ना, देशबन्धु। धार्मिक न्यास और धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार नायब तहसीलदार न्यायालय मण्डल कल्दा द्वारा ग्राम बिरसिंहपुर सुरदहा स्थित श्री सर्वेश्वर नाथ मंदिर में दर्ज कृषि भूमि की बोली प्रक्रिया गत 9 मई को ग्राम पंचायत भवन बिरसिंहपुर में संपादित की गई थी, लेकिन प्रथम बोलीदार शनि प्रताप सिंह निवासी खम्हरिया एवं द्वितीय बोलीदार अरूण पाल लोधी निवासी दिवई द्वारा नीलामी में बोली गई राशि को मंदिर खातें में जमा न कराने से पुनः 12 जून को तहसील कार्यालय पवई में बोली की प्रक्रिया आयोजित की गई है। पर्याप्त बोली नहीं आने अथवा बोली पूर्ण नहीं होने पर दूसरे दिवस भी इसकी कार्यवाही संपादित होगी। बोली समाप्त होने के पश्चात अंतिम निर्णय जिला कलेक्टर पन्ना का मान्य होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी तहसील कार्यालय पवई में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

**पन्ना, देशबन्धु।** इस वर्ष भी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। विदित हो कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा योग को वैश्विक पहचान देते हुए वर्ष 2015 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूर्ण हो रहा है। इस अवसर पर वृहद रूप से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंटडाउन एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

योग दिवस पर जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर सामूहिक योग कार्यक्रम होंगे। इसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, चिकित्सा एवं तकनीकी शिक्षा संस्थान, आयुष, नर्सिंग, पशु चिकित्सा, कृषि, शिक्षा, पॉलीटेक्निक, आईटीआई के साथ निजी विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की भागीदारी रहेगी।

# 2 सौ एकड़ जमीन वन विभाग ने कराई अतिक्रमण मुक्त

**दमोह/तेंदूखेड़ा देशबन्धु।** जिले में कई जगहों पर अतिक्रमणकारी वन भूमि पर कब्जा कर खेती कर रहे है अब वन विभाग ने शक्ति दिखाना शुरू कर दिया है और वानभूमि से कब्जा हटाना शुरू कर दिया है। खासकर तेंदूखेड़ा वन मंडल अंतर्गत आने वाली वन भूमि पर से अभी एक सफ्ताह पूर्व तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत बेलवाड़ा ग्राम में 70 एकड़ भूमि वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल ने वन कर्मियों के सहयोग से वन भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाया था बुधवार को तारादेही वन पारी क्षेत्र अधिकारी देवेंद्र गुर्जर ने वन कर्मियों के सहयोग से जामुन बीट अंतर्गत करीब 200 एकड़ के करीब वन भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाया। उक्त वन भूमि पर ग्राम सहित आसपास के करीब 30 से अधिक व्यक्ति वन भूमि पर अवैध कब्जा कर करीब 15 वर्षों से खेती कर रहे थे साथ उक्त बीट में अवैध रूप से जंगल की कटाई कर रहे थे। चुकी जामुन ग्राम के आगे से पाटन तहसील का वन परिक्षेत्र लगता है 200 एकड़ वन भूमि अतिक्रमणकर्ताओं से वन विभाग द्वारा कब्जा हटाए जाने वन भूमि माफियाओं में हड़कंप का माहौल है।



### इनका कहना है

बुधवार को वनमण्डल अधिकारी और तेंदूखेड़ा उपवन मंडल अधिकारी के निर्देश पर जामुन ग्राम में 200 एकड़ के करीब वन भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई है। जिसमें तारादेही साथ तेंदूखेड़ा मंडल के कर्मचारियों का सहयोग रहा।

**देवेंद्र गुर्जर वन परि छेत्र अधिकारी तारादेही।**

# नगर पालिका परिषद ने अवैध कॉलोनी निर्माण पर दिया नोटिस

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर न्यायालय द्वारा नगर पालिका परिषद पन्ना क्षेत्र अंतर्गत अवैध कॉलोनी निर्माण पर तीन व्यक्तियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर आगामी 10 जुलाई को पेशी तिथि पर दोपहर 2 बजे पक्ष समर्थन के लिए उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर सुरेश कुमार ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना के प्रतिवेदन पर ग्राम पन्ना के सर्वे नंबर 403/1/1 रकवा 0.018 हे., सर्वे नंबर 403/2/1 रकवा 0.124 हे., सर्वे नंबर 405/1 रकवा 0.035 हे., सर्वे नंबर 405/2 रकवा 0.175 हे. कुल किता 4 कुल रकवा 0.3520 हे. भूमि पर संयुक्त रूप से निर्धारित प्रावधानों का उल्लघंन कर छोटे-छोटे भू-खण्ड विक्रय कर अवैध कॉलोनी के निर्माण पर नोटिस जारी किया है। उक्त कार्रवाई म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339-क, 339-ख एवं 339-ग तथा म.प्र. नगर पालिका कॉलोनी विकास नियम 2021 के प्रावधानों के विपरीत कॉलोनी निर्माण करने पर की गई है।

इस संबंध में जारी नोटिस के माध्यम से कॉलोनी को अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने, उपरोक्त भूमि तथा संबंधितजन के स्वामित्व की किसी अन्य भूमि को प्रश्नाधीन कॉलोनी में नागरिक अधोसंरचना के विकास कार्य पूर्ण करने के लिए अटैच करने तथा अनधिकृत कॉलोनी निर्माण का अपराध कारित करने पर कारावास व जुर्माना के लिए सक्षम न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत करने सहित थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने बावत् बिन्दुवार प्रत्युत्तर पेशी तिथि पर स्वयं अथवा अभिभाषक के माध्यम से अनिवार्य रूप से चाहा गया है। निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित न होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई कर प्रकरण में प्रस्ताव अनुसार आगामी आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।



### इन्हें मिला नोटिस

जिला कलेक्टर द्वारा अवैध कॉलोनी निर्माण पर मीना पाण्डेय पत्नी अरविन्द कुमार पाण्डेय उर्फ विष्णु पाण्डेय निवासी रानीगंज मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना, पूनम यादव पत्नी महेन्द्र प्रताप सिंह यादव निवासी वार्ड नं. 14 बेनीसागर मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना तथा सुमन गुप्ता पत्नी मनोज कुमार गुप्ता निवासी वार्ड नं. 11 बेनीसागर मोहल्ला तहसील एवं जिला पन्ना को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कॉलोनी निर्माण का रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र, कॉलोनी विकास की अनुज्ञा, नगर तथा ग्राम निवेश से ले आउट स्वीकृति व अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं रेरा में पंजीयन कराए बगैर तथा किसी भी प्रकार का आंतरिक विकास किए बगैर अवैध कॉलोनी निर्माण करने पर जारी नोटिस के माध्यम से अन्य व्यक्तियों को भी अनधिकृत कॉलोनी घोषित करने के संबंध में अपनी आपत्ति निर्धारित तिथि के पूर्व न्यायालय में प्रस्तुत करने के संबंध में सूचित किया गया है। इसके अलावा तहसीलदार पन्ना, सीएमओ एवं उप पंजीयक पन्ना को भी आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## जिला पंचायत सीईओ एवं जनपद पंचायत सीईओ ने पुरानी बाबड़ी (प्राचीन) का किया निरीक्षण



**दमोह देशबन्धु।** जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे, जनपद पंचायत सीईओ डॉ. रामेश्वर पटेल ने जबेरा जनपद पंचायत कि ग्राम पंचायत चौपरा में पुरानी बाबड़ी (प्राचीन) का निरीक्षण किया। इस संबंध में बताया गया कि 200- 300 साल पुरानी बावड़ी का अधिकारियो द्वारा निरीक्षण किया गया है, जिसका जल गंगा संवर्धन अभियान द्वारा सफाई एवं नवीनीकरण का कार्य किया गया है, बाबड़ी में अभी 10 फुट पानी भरा हुआ है, जो गर्मी में खाली नहीं होता है और चौपरा की आधी आबादी को गर्मी के दिनों में पानी मिलता रहता है, जीर्ण-शीर्ण बाबड़ी का नवीनीकरण एवं सुधार कार्य किया गया। साथ में सहायक यंत्री शिवाजी गौड़, सब- इंजीनियर आर.के जैन, नीतेश असाटी, पावस सोनकर, सुरेश कुमार प्रजापति, राजकरण वर्मा, देवेन्द्र ठाकुर आदि रहे उपस्थित।

## हटा क्षेत्र में पेयजल स्त्रोंतो के आसापास साफ-सफाई का किया जा रहा कार्य

**दमोह देशबन्धु।** एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत हटा क्षेत्र में पेयजल स्त्रोंतो के आसापास साफ-सफाई, क्लोरीनेशन का कार्य किया जा रहा हैं। इस सबंध में उन्होंने बताया पीएचई विभाग के द्वारा हटा उपखंड के अंतर्गत सभी ग्रामों के जल स्त्रोंतो यथा हेण्डपंप, बोरबेल, नल-जल योजनाओं एवं कुआ-बावड़ियों में क्लोरीनेशन का कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने ग्राम वासियों से आग्रह करते हुए कहा पेयजल स्त्रोंतो के आसपास साफ-सफाई एवं स्वच्छता रखी जाए।

## भूपेंद्र जैन बने भारत विकास परिषद के जिला संस्कार प्रमुख

**दमोह देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के आनुषांगिक संगठन भारत विकास परिषद के प्रकल्प संस्कार सेवा के जिला प्रमुख का दायित्व परिषद के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कोठारी, प्रदेश संगठन मंत्री राजीव विरथरे, जिला अध्यक्ष दीपक सिंघानिया, सचिव विक्रम राजपूत, महेंद्र ताम्रकार आदित्य चौरसिया, राजेंद्र पटेल, किरण गोस्वामी, धनेश जैन, मनीष सोनी मिथलेश मिश्रा महिला संगठन की क्षेत्रीय सचिव भारती कौरव जितेंद्र शर्मा, डॉ ब्रजेश कुलपरिया नीता मिश्रा, अनुराधा गोस्वामी की उपस्थिति में सोपा गया। भूपेंद्र जैन ने बताया कि भारतीय संस्कृति में संस्कारो का विशेष महत्व सदैव रहा है बाल्य अवस्था में श्रेष्ठ संस्कारों के अभाव के कारण यह पीढ़ी भविष्य में राष्ट्र निर्माण में अपना श्रेष्ठ नहीं दे पाती है आगामी समय में राष्ट्र भावना से ओतप्रोत संस्कारो को नई पीढ़ी तक पहुंचाने हेतु कार्ययोजना बना कर जमीनी स्तर पर कार्य किया।

## श्रवण संस्कृति संस्कार शिविर का विभिन्न स्थानों पर आयोजन जारी

दमोह देशबन्धु। श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वावधान व आचार्य विद्यासागर आचार्य समयसागर के आशीर्वाद एवं तीर्थ चक्रवर्ती सुधासागर की पावन प्रेरणा से श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर दमोह नगर में गति पर है। णमो लोए सव्व साहूणं अर्थात् इस लोक के सभी साधुओं को नमस्कार हो। इस ध्येय वाक्य के साथ स्वाध्याय में तल्लीन श्रावक सत्संगति और स्वाध्याय में मग्न हैं। 31 मंदिरों के 13 केंद्रों पर अध्ययन कर रहे आबाल वृद्ध जन 15 जून को आयोजित परीक्षा में भी भाग लेंगे। यहां पर विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास के लिए दर्शन, धर्म, साहित्य, भक्ति, सिद्धांत, कला जैसे नृत्य, चित्रकला, मंडला आर्ट, अभिनय आदि सिखाया जा रहा है। शिविर में देश के विभिन्न प्रांतों से आए विद्वान् यहां अध्ययन करा रहे हैं। सभी कक्षाओं में निशुल्क साहित्य कॉपी पेन आदि का वितरण हुआ है। निशुल्क स्वल्पाहार एवं विभिन्न। मनोवैज्ञानिक गतिविधियां चल रही है। जिससे पाठकों का मन तंदरुस्त हो रहा है। शिविर के सभी केंद्रों का समापन मानस भवन में 15 जून की रात्रि को सम्पन्न होगा। अध्ययन का मुख्य केंद्र श्री सिंघई मंदिर के साथ वसुंधरानगर मंदिर, नेमीनगर मंदिर, जबलपुर नाका मंदिर बड़ा मंदिर, भाई जी मंदिर में यह कार्य चल रहा है। दमोह ग्रामीण में हटा, जबेरा, तेंदूखेड़ा, अभाना, बनवार आदि में यह ज्ञान यज्ञ चल रहा है। शिविर प्रभारी डॉ प्रदीप जी के निर्देशन एवं अरविंद इटोरिया की अध्यक्षता में 13 केंद्रों पर लगन और उत्साह से स्वाध्याय का आनंद लिया जा रहा है।

## मकान गिराए जाने को लेकर पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह से की मुलाकात




**पन्ना, देशबन्धु।** श्री जुगल किशोर लोग बनाए जाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा मनमानी ढंग से नगर पालिका के माध्यम से स्थानीय लोगों को नोटिस देकर जबरदस्ती आक्रमण हटाने के नाम पर लोगों के मकान गिराए जा रहे हैं जिसको लेकर चिंतित परिवारों द्वारा व्यापार मंडल के साथ क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह से उनके सिविल लाइन स्थित शासकीय आवास में मुलाकात की तथा प्रशासन की मनमानी कार्यवाही के संबंध में अपनी बात रखें व्यापारियों ने कहा कि 9 मीटर की रोड मास्टर प्लान में प्रस्तावित है लेकिन प्रशासन द्वारा जबरदस्ती 13 मीटर रोड बनाने की बात जा रही है जिससे व्यापारियों के मकान एवं प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान हो रहा है व्यापारियों का कहना है की प्रशासन द्वारा जमीन का अतिक्रमण न किया जाए अधिग्रहण किया जाए पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने व्यापार मंडल से अन्याय न होने का आश्वासन दिया है तथा कहां है कि जिसके पास आवश्यक दस्तावेज है उन सभी को उचित मुआवजा दिया जाएगा।। व्यापार मंडल ने एक माह का समय भी मांगा है आगे देखना है प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

## कृषि ऋण जागरूकता सप्ताह के तहत वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा जबेरा द्वारा 10 जून 2025 को कृषि ऋण जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत ग्राम पड़रिया थोबन में एक वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में गांव के किसानों, महिलाओं, और युवा छात्र-छात्राओं को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कैंप में स्टेट बैंक ऑफइंडिया शाखा जबेरा के शाखा प्रबंधक मिथिलेश कुमार चौधरी, लीड बैंक अधिकारी नरेंद्र सोनी, फील्ड ऑफिसर आकाश दास, और सौरभ जैन ने प्रतिभागियों को बैंक की कृषि ऋण योजनाओं, वित्तीय प्रबंधन, और डिजिटल बैंकिंग के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर ग्राम के उप सरपंच अंशुल बाजपेयी सहित संतोष बाजपेयी, रवि बाजपेयी, गणेश, मुकेश बाजपेयी, माधवी, रामकुमार, पुनीत, परसोत्तम, कमलेश, ओमकार पटेल, जितेंद्र, हरिशंकर, गोविंद, बब्लू, हीरालाल, और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। कैंप में उपस्थित ग्रामीणों ने बैंक की योजनाओं के प्रति उत्साह दिखाया और वित्तीय साक्षरता से संबंधित अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए। शाखा प्रबंधक चौधरी ने बताया कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह कैंप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ग्रामीण समुदायों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके तहत बैंक समय-समय पर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## रात्रि गश्त में अवैध शराब पर कार्रवाई, कुल 441 लीटर अवैध शराब जब्त

**दमोह देशबन्धु।** थाना जबेरा पुलिस द्वारा 10 जून 2025 को देर रात्रि में गश्त के दौरान सूचना मिली कि एक बोलेरो वाहन क्र.एमपी 20 बीए 0369 में चम्मू उर्फचमन राय निवासी कोरता थाना जबेरा व एक अन्य व्यक्ति नोहटा तरफसे अवैध शराब लेकर बंशीपुर तरफआ रहे हैं. स्टाफके माध्यम से मुखबिर द्वारा बताये गये वाहन को बिदारी घाट जबेरा पर रोकने का प्रयास किया गया. किंतु उक्त वाहन नहीं रुका व पुलिस को देखकर तेज गति से वाहन भगाते हुए विदारी घाट से होते हुए वंशीपुर मार्ग पर ले गया जिसका पुलिस द्वारा पीछा किया गया. वंशीपुर रोड पर अवस्थी फार्म हाउस के पास चमन राय व एक अन्य व्यक्ति द्वारा उपरोक्त वाहन छोडकर जंगल तरफ भाग गए जिनको पुलिस स्टाफ द्वारा जंगल में भी उनका पीछा कर ढूढने का प्रयास किया गया.किंतु उक्त अभियुक्तगण नहीं मिले.उपरोक्त बोलेरो को चेक करने पर 44 पेटी लाल मसाला शराब व 05 पेटी प्लेन शराब कुल 2450 पाव (441) लीटर कुल कीमती करीबन 2,45000 रुपये की बरामद हुई जो मौके पर जब्त कर ज़ब्ती पंचनामा तैयार किया गया.उपरोक्त फरार अभियुक्तों के विरुद्ध अप. क्र. 168/25 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में .उप निरी गणेश दुबे, . प्र.आर. 245 देवेन्द्र, . प्र.आर. 93 कल्याण, .प्र.आर 400 रणमत, प्र.आर.316 आनंद, आर489 वीरेन्द्र सिंह, आर 595 निशांत, आर.455 अनमोल का योगदान रहा।



## जनसुनवाई में 318 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दमोह देशबन्धु।** जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत एवं डिप्टी कलेक्टर बृजेश सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के कक्ष क्रमांक 10 में जिले भर से आये नागरिकों की जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 318 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 164 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। साथ ही 18 आधार कार्ड सम्बन्धी कार्य किये गए। इस दौरान लोकसेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। आयोजित जनसुनवाई में ग्राम इमलाई के मृतक के परिजन ने पीएम सुरक्षा बीमा की राशि दिलाने आवेदन प्रस्तुत किया। इसी प्रकार निवासी किल्लाई दमयंतीनगर दमोह ने केवायसी करवाने सबंधी, हिनौता आजम के आवेदक ने नक्शा की फीडिंग ऑनलाईन करने तथा एक अन्य आवेदक ने स्लॉट बुकिंग की दिनांक बढ़ाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। इसी तरह अन्य आवेदकों ने अपनी बातों, समस्याओं तथा इसी प्रकार कुछ सामूहिक आवेदन भी दिये गये।

### पन्ना विधायक ने प्रदेश के पहले अटल सुशासन भवन का किया लोकार्पण

# धरमपुर तहसील बनने से क्षेत्रवासियों को होगी सहूलियतः सिंह

**पन्ना, देशबन्धु।** आम जनता के सहयोग एवं समर्थन से पन्ना विधानसभा में समस्त जनहितैषी विकास कार्य पूर्ण किए जाएंगे। इसके लिए हर स्तर पर समन्वय का कार्य भी होगा। जनप्रतिनिधि की हैसियत से जनकल्याण की मंशा के साथ विकास कार्यों की बदौलत अलग पहचान स्थापित करने का निरंतर प्रयास भी किया जाएगा। यह बात पूर्व मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने बुधवार को अजयग? विकासखंड की ग्राम पंचायत धरमपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कही। इस मौके पर उन्होंने बतौर मुख्य अतिथि धरमपुर ग्राम पंचायत के नवीन अटल सुशासन भवन का लोकार्पण किया। साथ ही ग्रामीणजनों को धरमपुर तहसील घोषित होने पर शुभकामनाएं भी दीं।

उल्लेखनीय है कि गत 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खजुराहो में केन बेतवा लिंक परियोजना के भूमिपूजन अवसर पर मध्य प्रदेश को एक हजार अटल सुशासन भवन की सौगात प्रदान की थी। इस क्रम में पन्ना जिले को कुल 35 एवं अजयगढ़ विकासखंड को 7 सुशासन भवन की सौगात मिली। धरमपुर ग्राम पंचायत का नवीन अटल सुशासन भवन न सिर्फ पन्ना जिले का, बल्कि मध्य प्रदेश का पहला लोकार्पित भवन भी है। इसमें सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक के लिए पृथक कक्षों के अतिरिक्त बेहतर शौचालय, पेयजल सुविधा एवं विद्युत व्यवस्था सहित सभाकक्ष एवं पर्याप्त बाह्य एवं आंतरिक परिसर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं के दृष्टिगत तथा सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने के मकसद से भी सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं।




पूर्व मंत्री श्री सिंह ने कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच एवं उनकी टीम की अल्प समय में अटल सुशासन भवन का कार्य पूर्ण करने पर सराहना की। साथ ही जिला पंचायत सीईओ को इसकी निगरानी व्यवस्था के लिए भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जनविश्वास से हर क्षेत्र में जनकल्याण के कार्य होंगे। विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पुल पुलियों के निर्माण सहित बेहतर आवागमन के लिए केन नदी पर 36 करोड़ रुपए का पुल भी स्वीकृत कराया गया है। हर सुदूरवर्ती ग्रामों तक विकास सुनिश्चित करने के लिए बेहतर कार्ययोजना पर निरंतर रूप से कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनआकांक्षा अनुरूप मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा गत 29 मई को पन्ना प्रवास के दौरान धरमपुर को तहसील का दर्जा प्रदान किया गया। इससे अब लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों के लिए अजयगढ़ तक आवागमन नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा बृजपुर में महाविद्यालय की स्थापना, पन्ना में मेडिकल कॉलेज तथा अजयगढ़ में 100 बेड के सिविल अस्पताल की घोषणा भी की गई है। पूर्व में जनता की मांग पर पहाड़ीखेरा में स्वास्थ्य केंद्र व विद्युत सब स्टेशन की मांग भी पूर्ण की गई। खोरा के नवीन शासकीय महाविद्यालय के स्वयं के भवन निर्माण के लिए भी बजट प्राप्त हुआ है।विधायक ने कहा कि क्षेत्र में बगैर भेदभाव के सभी विकास कार्यों को पूर्ण करने की दिशा में सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने कहा कि रूंझ एवं मझगांय परियोजना पूर्ण होने से घर घर और खेत खेत पानी पहुंचेगा। विधायक ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश के उन्नति के पथ पर निरंतर अग्रसर होने का जिक्र करते हुए कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। कुशल नीतियों के फलस्वरूप देश की अर्थव्यवस्था में निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। विधायक ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ लोगों को आसानी से मिल रहा है।

आयुष्मान योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीब परिवारों के जीवन में खुशहाली आई है। गरीब परिवारों को निःशुल्क राशन वितरण सहित महत्वाकांक्षी योजनाओं की राशि भी पारदर्शी तरीके से सीधे बैंक खाते में पहुंच रही है। कृषकों को किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ भी आसानी से प्राप्त हो रहा है। वर्ष 2011 के सर्वे में आवास योजना के तहत स्वयं के पक्के आवास की सुविधा से वंचित लोगों को योजना के लाभ के लिए पुनः सर्वे कराया गया है। राशन की कालाबाजारी पर रोकथाम के लिए भी प्रयास किए गए हैं।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने कहा कि स्थानीय विधायक के सार्थक प्रयास से क्षेत्रवासियों को निरंतर विकास कार्यों को सौगात मिल रही है। लक्ष्मीपुर में कृषि महाविद्यालय शुरू होने से विद्यार्थियों को कृषि के क्षेत्र में आगे बड़ने एवं कैरियर बनाने का बेहतर अवसर मिला है। साथ ही बृजपुर और खोरा में शासकीय महाविद्यालय खुलने से स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अध्ययन में सुविधा मिलेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष ने शिक्षा को विकास का सबसे बड़ा माध्यम बताते हुए कहा कि सर्वांगीण विकास के लिए जनकल्याण की भावना सर्वोपरि है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी ने अटल सुशासन भवन की रूपरेखा से अवगत कराते हुए कहा कि ये भवन ग्रामीण विकास के अहम कड़ी साबित होंगे। सीईओ ने जानकारी दी कि अजयगढ़ ब्लॉक में अन्य 5 भवनों का कार्य भी पूर्णता की ओर है और शीघ्र ही इन्हें लोकार्पित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा ग्राम पंचायत सरपंच एवं उनकी टीम के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र एवं शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव सहित जिला पंचायत सदस्य दिनेश भुर्जी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम आलोक मार्को, जनपद पंचायत सीईओ सतीश नागवंशी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का सृजन अभियान: पार्टी को संगठनात्मक रूप से मजबूत कर जनता की आवाज को बुलंद करने में सहायक होगा: सरत राऊत

**सागर, देशबन्धु।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मार्गदर्शन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन अभियान के रूप में एक रणनीतिक और व्यापक पहल शुरू की है। इस अभियान का उद्देश्य निचले स्तर से नये नेतृत्व को उभार कर पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को सुदृढ़ करना, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और जनता के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित करना है। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक सरत राऊत ने बुधवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कही। वे पार्टी नेतृत्व के निर्देश पर पार्टी के संगठन सृजन अभियान को साकार रूप देने के लिये केंद्रीय पर्यवेक्षक के रूप में यहां पहुंचे थे। इस दौरान उनके साथ प्रदेश कांग्रेस की ओर से मप्र सरकार के पूर्व मंत्री व पीसीसी के पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी तथा जिले के संगठन प्रभारी तथा पीएससी के पर्यवेक्षक मनोज कपूर भी यहां पहुंचे हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान शहर अध्यक्ष राजकुमार पचौरी, ग्रामीण अध्यक्ष डॉ. आनंद अहिरवार, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक, शहर प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी व अवधेश तोमर तथा नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष बाबू सिंह बब्बू यादव विशेष रूप से मौजूद थे। सरत राऊत ने आगे कहा कि यह अभियान कांग्रेस की मूल




विचारधारा सामाजिक न्याय, समावेशिता और जन केंद्रित विकास को और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान कांग्रेस को न केवल संगठनात्मक रूप से मजबूत करेगा, बल्कि जनता की हर आवाज को बुलंद करने में भी सहायक होगा। चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के कुशल निर्देशन और मार्गदर्शन में जिला, ब्लॉक और बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक गतिशील और समन्वित बनाकर संगठनात्मक सशक्तिकरण की दिशा में काम शुरू किया गया है। जिसके तहत स्थानीय नेतृत्व को प्रोत्साहित कर कार्यकर्ताओं को जवाबदेही के साथ सशक्त बनाया जायेगा। संगठन सृजन अभियान के तहत स्थानीय समस्याओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी, किसानों की स्थिति, और ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी जायेगी। इसके अलावा जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रचारित किया जायेगा। संगठन सृजन अभियान से महिलाओं, युवाओं, किसानों और कमजोर वर्गो समेत समाज के सभी वर्गों को जोड़कर उन्हें समावेशी मंच प्रदान किया जायेगा। मनोज कपूर ने कहा कि यह अभियान सागर में युवाओं और महिलाओं को कांग्रेस के साथ जोड़ने का सुनहरा अवसर है। हमारी कार्यान्वयन रणनीति में डिजिटल प्रचार, कार्यकर्ता प्रशिक्षण और सामुदायिक संवाद को शामिल किया गया हैं, जो पार्टी को शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में और अधिक प्रभावी बनायेंगे। संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बूथ स्तरीय संगठन निर्माण कर प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता समूह का गठन किया जायेगा। बूथ स्तर पर मतदाता जागरूकता और स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित गतिविधियां को संचालित किया जायेगा। सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित कर स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिये आंदोलन और प्रदर्शन कर सरकार पर दबाव बनाने का काम किया जायेगा। राजकुमार पचौरी ने चर्चा के दौरान कहा कि सागर जिला, मप्र का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है, जहां ग्रामीण और शहरी दोनों आबादी के सामने कई सामाजिक और आर्थिक चुनौतियां हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशन में संगठन सृजन अभियान के तहत सागर में किसानों की समस्याओं जैसे उचित मूल्य, सिंचाई और ऋण माफी पर ध्यान देना, बेरोजगारी और शिक्षा के मुद्दों को उठाना, साथ ही युवाओं को पार्टी में सक्रिय भूमिका देना, महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता के लिये विशेष कार्यक्रम को लेकर लक्ष्य निर्धारित किए जा रहे हैं। अंत में डॉ. संदीप सबलोक ने कहा कि इस पत्रकार वार्ता में मीडिया के माध्यम से संगठन सृजन अभियान का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि इस अभियान को सागर और मप्र में प्रभावी बनाने में पार्टी के निचले स्तर के कार्यकर्ता की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित की जा सके।

## बुंदेलखंड विश्वकोश योजना समिति की पशु पक्षी, जीव-जन्तु समिति की बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड विश्वकोश योजना समिति की बैठक डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के जूलोजी विभाग में प्राणिशास्त्र विशेषज्ञ डॉ. सुबोध जैन की अध्यक्षता में प्रो. श्वेता यादव के मार्गदर्शन में आयोजित की गयी। बुंदेलखंड विश्वकोश की अध्यक्ष डॉ. सरोज गुप्ता, हरिमोहन गुप्ता ने स्वागत किया। डॉ. कश्मीरा एनए ने अब तक हुये कार्यों की जानकारी दी। डॉ. स्मिता शुक्ला ने बुंदेलखंड के प्राणियों के डेटा तैयार करने की रुपरेखा का कान्सेप्ट नोट तैयार किया। मप्र के बुंदेलखंड क्षेत्र की सामग्री डाउनलोड की। नौरादेही और पन्ना टाइगर रिजर्व के साथ बुंदेलखंड के अन्य वन्य क्षेत्रों पर कार्य किया जा रहा है। बुंदेलखंड के वन विभाग मण्डलों से दस्तावेज मंगाने एवं अवलोकन करने के पश्चात पशु पक्षियों अभ्यारण्य की जानकारी समाहित करने की बात कही। समापन अवसर पर प्रो. श्वेता यादव द्वारा कार्य की प्रगति देखकर संतोष व्यक्त किया गया।

## मसवासी में 65 लाख से निर्मित होने वाले उपस्वास्थ्य केंद्र का भूमिपूजन संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** ग्राम मसवासी में 65 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का विधायक प्रदीप लारिया ने बुधवार को वरिष्ठजनों एवं ग्रामवासियों की उपस्थिति में धार्मिक रीति रिवाज के साथ वैदिक मंत्रों की अनुगुंजन के मध्य विधिवत पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। विधायक लारिया ने कहा कि मसवासी में उप स्वास्थ्य केंद्र बनाये जाने से मसवासी सहित गढ़पुरा मुहाल, बहेरिया साहनी, मोठी, कुड़ारी, रिछोड़ा, भोजपुरा, सेवारा सेवारी, मड़ैयागौड़, गढ़ौलीकला सहित आसपास के अनेक ग्रामों के नागरिकों को उपचार की सुविधा मिलेगी। अब ग्रामीणों को छोटी बीमारियों के लिये जिला मुख्यालय या बाहर नहीं जाना पड़ेगा। मुख्यमंत्री द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें, कोई भी व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। ग्राम पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक लारिया का स्वागत किया। उप स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत कराने पर हर्ष व्यक्त कर आभार माना। विधायक ने गांव की गलियों में पहुंचकर ग्राम वासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और कुशलक्षेम जाना। गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराने कार्य एजेंसी को निर्देशित किया। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सरपंच, ग्रामवासी सहित स्वास्थ्य विभाग एवं कार्य एजेंसी के अधिकारी उपस्थित थे।

## शास्त्री वार्ड में निर्मित मंगल भवन का हुआ लोकार्पण



**सागर, देशबन्धु।** शास्त्री वार्ड में विधायक शैलेंद्र जैन के प्रयासों से 35 लाख रुपये की लागत से मुख्यमंत्री की विशेष निधि द्वारा निर्मित मंगल भवन निर्माण कार्य का लोकार्पण विधायक शैलेंद्र जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं भूमि दानदाता धर्म राज ठेकेदार के द्वारा किया गया, कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधायक जैन ने कहा कि हमारा सागर दानवीरों की भूमि है जहां लोग अपने द्वारा अर्जित धन और संपत्ति का दान जनसेवा के लिये करते आये हैं चाहे वह हमारे गौरव डॉ. हरिसिंह गौर हो, या हमारे धर्मराज ठेकेदार हो, भाजपा ने सेवा बस्तियों में जिस तरह से विकास की गंगा बही है मूलभूत सुविधाओं के कार्य हो रहे हैं वह अभूतपूर्व है, हम इन मंगल भवनों को कुर्सियां और बर्तनों की भी व्यवस्था कर रहे हैं, उन्होंने मंगल भवन परिसर में बोर कराने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हमारे द्वारा बनाये गये इन मंगल भवनों को देखकर कोई भी इन्हें सरकारी भवन नहीं कह सकता है, वृंदावन अहिरवार ने कहा कि इस अनुसूचित जाति क्षेत्र में विधायक के द्वारा यह भव्य बनाकर हमे दिया गया है और उस भवन के लिये भूमि देंने का काम हमारे समाज के गौरव धर्मराज ठेकेदार ने किया है। इस अवसर पर संजय दुबे, कन्हई पटेल, रामू ठेकेदार, पप्पू तिवारी, देवेंद्र अहिरवार, चेतराम अहिरवार, दीपक दुबे, जय सोनी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## नवागत पुलिस उप महानिरीक्षक ने सागर रेंज का पदभार ग्रहण किया



**सागर, देशबन्धु।** बुधवार को सुनील कुमार पांडे भारतीय पुलिस सेवा आईपीएस ने सागर के पुलिस उप महानिरीक्षक डीआईजी सागर रेंज का पदभार ग्रहण किया। श्री पांडेय ने रेंज सागर में पदभार संभालते हुये कार्यालयीन कार्यों की समीक्षा की एवं अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की। पांडे एक कुशल, अनुशासित एवं जनहितकारी अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। उनकी पूर्व में की गई सेवायें पुलिस प्रशासन में उल्लेखनीय रही हैं। उनके नेतृत्व में सागर रेंज में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाये जाने की अपेक्षा की जा रही है। पदभार ग्रहण के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल ने पुष्प गुच्छ भेट कर स्वागत कर नवीन पद स्थापना पर शुभकामनायें दी। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, अधीनस्थ स्टाफ उपस्थित रहे।

## बिजली कर्मचारी महासंघ की कार्यपालन अभियंता के साथ बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** बिजली कर्मचारी महासंघ के प्रतिनिधि मण्डल ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के संबंध में बुधवार को पावर हाउस परिसर में बैठक की। बैठक में कर्मचारियों ने निरंतर सेवानिवृत होने पर नई नियुक्ति कराये जाने पर चर्चा हुई शहर संभाग का क्षेत्र कॉफी विस्तृत एवं लगभग 1 लाख उपभोक्ता होने के कारण विद्युत व्यवस्था को बनाये रखना कर्मचारियों को चुनौती है। जिससे कार्य के दौरान अत्याधिक तनाव रहता है। संगठन ने कार्य स्थल पर कर्मचारियों से सौहार्दपूर्ण माहोल बनाये रखने एवं उनकी समस्याओं को सहानूभूतिपूर्वक सुलझाने का निवेदन किया। कार्यपालन अभियंता ने कर्मचारियों की सभी समस्याओं गंभीरता पूर्वक सुना एवं निदान करने हेतु सहमति प्रकट की। बैठक में सागर क्षेत्र के प्रभारी रामविवेक गौतम एवं जोनल सचिव राम सिंह गोड़ द्वारा पुष्पगुच्छ देकर कार्यपालन अभियंता अजीत सिंह चौहान का स्वगत किया गया। बैठक में किशोरी लाल रैकवार पूर्व अखिल भारतीय महामंत्री, राजेश दरयानी संयुक्त प्रदेश महामंत्री, जीएस पाठक सचिव पूर्व क्षेत्र, राजेश मेवाती उपाध्यक्ष, विनय नामदेव कार्यकारी अध्यक्ष सागर क्षेत्र, राहुल जैन संगठन सचिव, नीरज खरे, अचल गुप्ता, रोहित शर्मा आदि उपस्थित थे।

## ड्यूटी से घर लौटते समय वाहन की टक्कर से रिफाइनरी कर्मचारी के पैरों की हड्डियां टूटीं



**बीना, देशबन्धु।** खुरई रोड पर बुधवार दोपहर रिफाइनरी कर्मचारी को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। इससे उनके दोनों पैरों की हड्डियां टूटकर बाहर निकल आईं। पुलिस के मुताबिक कन्ना खेड़ी निवासी 44 वर्षीय यशपाल ठाकुर ड्यूटी से घर लौट रहे थे, तभी उनके साथ हादसा हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि वे बाइक समेत सड़क से नीचे गिर गये। स्थानीय लोगों को जानकारी मिलते ही अंकित तिवारी, जित्तू ठाकुर और हन्नू राजपूत मौके पर पहुंचे। तीनों ने यशपाल को बीना सिविल अस्पताल पहुंचाया। बीना अस्पताल में डॉ. दीपक तिवारी ने प्राथमिक इलाज किया। जांच में पता चला कि यशपाल के पैर और जांघ की हड्डियां टूट गई हैं। उनके शरीर में अंदरूनी चोटें भी आई हैं। हालत को देखते हुये डॉक्टरों ने उन्हें सागर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## हर्ष फायर में 7 साल के बच्चे को गोली लगी

**सागर, देशबन्धु।** गोपालगंज में शादी में शामिल होने गया 7 साल का बच्चा छर्रा लगने से घायल हो गया। मैरिज गार्डन में शादी के दौरान यहां पर हर्ष फायर हुआ। फायर करते ही छर्रा बच्चे को लगा। बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल के पिता ने गोपालगंज थाने पहुंचकर शिकायत की। पुलिस के अनुसार फरियादी शैलेंद्र सिंह ठाकुर निवासी बरोदा ने बताया कि 10 जून को मेरी मौसी की बेटी का शादी समारोह मैरिज गार्डन में चल रहा था। मैं अपने दोनों बेटों रोहित और हर्ष



ठाकुर के साथ शादी समारोह में शामिल होने के लिए आया था। रात करीब 12.30 बजे बारात लगने के बाद वरमाला का कार्यक्रम चल रहा था। तभी बाराती पक्ष में संजू सिंह ने 12 बोर बंदूक से फायर किया। फायर करते समय बंदूक की नली जमीन तरफ हो गई, जिससे बंदूक से निकले छर्रे 7 साल के मेरे बेटे हर्ष ठाकुर को लगे। छर्रा उसके होंठ, आंख के पास और पीठ में लगे। उसे बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। शिकायत पर पुलिस ने संजू सिंह के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

## एक पहल शक्ति से सुरक्षा की ओर कार्यक्रम हुआ समापन

**सागर, देशबन्धु।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित एक पहल शक्ति से सुरक्षा की ओर अंतर्गत सामुदायिक पुलिस योजना के द्वारा आयोजित सृजन: किशोर सशक्तिकरण सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन थाना प्रभारी केंट रोहित डोंगरे एवं निरीक्षक आनंद सिंह एवं युवा विकास मंडल की अध्यक्ष प्रर्मिला मौर्य एवं उनकी टीम के नेतृत्व में हुलासीराम मुखारिया उच्च. माध्य. कन्या शाला सादर केंट में 24 मई से 10 जून तक संचालित किया गया, करीब 94 बालक बालिकाओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया जिसमें नशा मुक्ति जागरूकता, पाक्सो एक्ट, गुड टच बैड टच, ताईक्वांडो, योगा, खेल-खेल में मानसिक विकास, साईबर अपराधों से सुरक्षा एवं उपाय जैसे कई विषयो पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम समापन पर बालिक बालिकाओं द्वारा कई प्रस्तुतिया नशा मुक्त, ताईक्वांडो, महिला सुरक्षा पर दी गई। जिनका उत्साहवर्धन पुलिस एवं युवा विकास मंडल के पदाधिकारियों द्वारा किया गया है। सामुदायिक पुलिसिंग एक ऐसा कार्यक्रम है जो पुलिस और समुदाय के बीच संबंध स्थापित करता है। यह पुलिस के लिये समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत और संबंध बनाने का अवसर प्रदान करता है। इससे पुलिस को समुदाय की समस्याओं और चिंताओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है और समुदाय के लोग पुलिस के प्रति अधिक विश्वास और समर्थन करने लगते हैं।



## तीन आरोपियों को कोर्ट ने सुनाई 14 साल की सजा

**बीना, देशबन्धु।** अदालत ने देह व्यापार और रेप के एक मामले में तीन आरोपियों को सजा सुनाई है, मामला 2021 का है। विशेष लोक अभियोजक डीके मालवीय ने बताया कि पीड़िता भोपाल से बीना आई थी। स्टेशन पर आरोपी आरती सोनकर से उसकी मुलाकात हुई। आरती ने नौकरी का झांसा देकर पीड़िता को अपने घर ले गई। वहां उसे कमरे में बंद कर देह व्यापार के लिये मजबूर किया गया। आरोपी दीपक रैकवार और गोलू ठाकुर ने पीड़िता के साथ रेप किया। आरती सोनकर ने इसके बदले मिले पैसे अपने पास रखे। थाना बीना में मामला दर्ज होने के बाद कुल 9 आरोपियों के खिलाफ अभियोग पत्र पेश किया गया। विशेष न्यायाधीश संजय जैन ने आरती सोनकर, गोलू ठाकुर और दीपक रैकवार को 14-14 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। तीनों पर 7-7 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। मुख्य आरोपी आरती सोनकर पर 19 हजार रुपये का अतिरिक्त जुर्माना भी लगाया है।

## उप मुख्यमंत्री आज सागर में



**सागर, देशबन्धु।** उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी जिला सागर, राजेन्द्र शुक्ल आज सागर आ रहे हैं। वे प्रात: 11.30 बजे सागर पहुंचेंगे। श्री शुक्ला पौधारोपण करेंगे एवं मीडिया के साथियों से चर्चा करने के उपरांत दोपहर 1.30 बजे वे ग्लोबल फैटी लिवर दिवस के अवसर पर जिलों के विभागीय शासकीय सेवकों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करेंगे।

## संभागीय समीक्षा बैठक आज

**सागर, देशबन्धु।** कृषि उत्पादन आयुक्त मप्र शासन की अध्यक्षता में रबी 2024-25 की समीक्षा एवं खरीफ2025 की तैयारी हेतु संभागीय समीक्षा बैठक आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, सहकारिता विभाग तथा संबद्ध संस्थायें, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग, मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विभाग तथा संबद्ध संस्थाओं के साथ समीक्षा की जायेगी।

# भटनोरा ग्राम पंचायत में अनियमितताओं की जांच करें, पेयजल आपूर्ति 24 घंटे में सुनिश्चित करें: भूपेन्द्र सिंह

**मालथौन, देशबन्धु।** पूर्व मंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह ने भटनोरा ग्राम पंचायत के नागरिकों की शिकायतें मिलने पर एसडीएम मालथौन मनोज चौरसिया को ग्राम पंचायत भटनोरा में अनियमितताओं की जांच कराने, साथ ही ग्राम पंचायत सचिव को हटाये जाने के निर्देश दिये। भूपेन्द्र सिंह यहां स्थित मंदिर में श्री हनुमान जी की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। मंदिर में स्थापित श्री देव हनुमान के अलौकिक विग्रह व भगवान बांके बिहारी के दर्शन व पूजन के पश्चात पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यहां के आदिवासी बस्ती में पानी का अभाव दूर करने के लिये जनपद पंचायत सीईओ सचिन गुप्ता 24 घंटे में नये खनित हुये बोर में मोटर डलवा कर जल सप्लाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने भटनोरा को नई ग्राम पंचायत इसलिये बनवाया था कि यहां का विकास तेजी से हो और ग्रामवासियों को जनसुविधायें मिलना सुनिश्चित हो सके। भीषण गर्मी में टैंकर से जल सप्लाई सुनिश्चित की जाना चाहिये थी। उन्होंने ग्राम पंचायत भटनोरा में स्वीकृत हुये लगढग 50 लाख की लागत के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुये एसडीएम मनोज चौरसिया ग्राम पंचायत में अनियमितताओं की शिकायतों की जांच कर प्रतिवेदन दें और जांच में दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की जाये। पेयजल समस्या के निराकरण के लिये एक टेंकर ग्राम पंचायत को देने की घोषणा की और तालाब का गहरीकरण कार्य शुरू करने के निर्देश दिये ताकि गांव का जलस्तर बढ़ सके, उन्होंने कहा कि वर्षा पूर्व जितना गहरीकरण हो उतना करें और वर्षा आने की स्थिति में अगले वर्ष गहरीकरण कार्य को पूरा करें। ग्राम वासियों की मांग पर बिजली की समस्या के निराकरण करने वर्तमान से दोगुनी क्षमता का ट्रांसफर रखे जाने की स्वीकृति दी। 500 मीटर के सीसी रोड और किशनगढ़ में खेल मैदान के स्वीकृत कार्य को आरंभ करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया ग्राम पंचायत में 17 पीएम आवास बन चुके हैं और माहुल खास, किशनगढ़ व भटनोरा में 350 नाम पीएम आवास की पात्रता सूची में जोड़ दिये गये। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आज पूर्णिमा के शुभ दिन मंदिर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना सौभाग्य की बात है। वर्तमान को जिये, अच्छे से अच्छे कर्म करें, सेवा करें तो भगवान सब देता है। चाणक्य ने कहा है कि दुष्टों की संगत सांप से भी खतरनाक है। सांप शायद छोड़ दे या एक बार ही काटे, दुष्ट हर दिन हर समय काटता है। उन्होंने कहा कि मंदिर पर कलश चढ़ेगा तब वे कलश यात्रा में शामिल होने आयेंगे। कार्यक्रम में राजा राम पुरोहित, जयंत सिंह बुंदेला, राजेन्द्र सिंह दरी, पंडाजी हरदोठ, वीरसिंह, स्वरूप सिंह परमार, भगवान सिंह, हन्नू यादव आदि उपस्थित थे।



स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।